संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार, 27 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



दिल्ली के विवेक विहार स्थित एक चाइल्ड हॉस्पिटल में शनिवार 25 मई देर रात आग लग गई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 145 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"


### मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# दिल्ली: चाइल्ड हॉस्पिटल में आग, 6 नवजात की मौत

● 5 बच्चों का रेस्क्यू; आशंका- ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद आग लगी







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के विवेक विहार स्थित एक चाइल्ड हॉस्पिटल में शनिवार 25 मई देर रात आग लग गई। हादसे में 6 नवजात की मौत हो गई। 5 का रेस्क्यू किया गया है। दो मंजिला बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर न्यू बॉर्न बेबी केयर सेंटर था। इसमें कुल 12 बच्चे भर्ती थे। दिल्ली फायर सर्विस चीफ अतुल गर्ग ने ने बताया कि अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। हालांकि, शुरूआती जांच में ऑक्सीजन सिलेंडर ब्लास्ट को आग लगने का कारण बताया जा रहा है। बेबी केयर सेंटर के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर अवैध ऑक्सीजन सिलेंडर रीफिलिंग का काम चल रहा था। दिल्ली पुलिस ने चाइल्ड हॉस्पिटल के मालिक नवीन किची के खिलाफ आईपीसी की धारा 336 (दूसरों की निजी सुरक्षा को खतरे में डालना), 304ए (लापरवाही से मौत) और 34 (आपराधिक गतिविधि) के तहत एफ आई आर दर्ज की है। वह पश्चिम विहार का रहने वाला है। घटना के बाद से वह फरार है।

**दम घुटने से बच्चों की मौत हुई:** दमकल अधिकारी ने बताया कि उन्हें रात 11:30 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। मौके पर दमकल की कुल 16 गाड़ियां पहुंचीं। तब तक आग की लपटें ऊपर के फ्लोर और पास की दो बिल्डिंग्स में भी फैल चुकी थी। बेबी केयर सेंटर में ऊपर जाने के लिए बाहर की तरफ से लोहे की एकमात्र घुमावदार सीढ़ी है। उसमें भी आग लग गई थी। बेबी केयर सेंटर में भर्ती 12 बच्चों में से एक की मौत आग लगने से पहले ही हो चुकी थी। धुआं भरने के कारण अन्य 11 बच्चों की हालत गंभीर हो गई। दमकल की टीम और स्थानीय लोगों ने लकड़ी की सीढ़ियों पर चढ़कर खिड़की से अन्य 11 बच्चों को बाहर निकाला। तब तक दम घुटने से 6 बच्चों की मौत हो गई। इनके शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए जीटीबी अस्पताल भेजा गया है। रेस्क्यू किए गए 5 बच्चों को एडवांस अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। चाइल्ड हॉस्पिटल के दोनों तरफ दो रेसिडेंशियल बिल्डिंग से 11-12 लोगों को बचाया गया।

फायर सर्विस ने करीब डेढ़ घंटे मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। फायर डिपार्टमेंट और पुलिस के मुताबिक, बेबी केयर सेंटर के पास किसी एम्बुलेंस में ऑक्सीजन गैस की रीफिलिंग की जा रही थी।

### राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने पर हादसे को लेकर दुख जताया

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चॉइल्ड हॉस्पिटल में हुए हादसे पर दुख जताया है। पीएम मोदी ने मृतक बच्चों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए मुआवजा राशि देने की घोषणा की है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पर कहा- चीफ सेक्रेटरी से बच्चों के अस्पताल में आग लगने की घटना की जांच कराने को कहा है। साथ ही पुलिस कमिश्नर को घायल बच्चों और उनके परिजन के लिए हर तरह की मदद उपलब्ध कराने को कहा है।

**जिम्मेदार लोगों को बख्शा नहीं जाएगा:** केजरीवाल दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पर कहा- इस हादसे में जिन्होंने अपने मासूम बच्चों को खोया उनके साथ हम सब खड़े हैं।

## संविधान बदलना चाहते है इंडी गठबंधन: मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देवरिया में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस वाले अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए बाबासाहेब के संविधान को बदलना चाहते हैं। पूर्वांचल की जनता इस साजिश को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। बता दें कि पीएम मोदी ने देवरिया लोकसभा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी और बांसगांव लोकसभा प्रत्याशी कमलेश पासवान के पक्ष में मतदान करने की अपील की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आपका उत्साह एक बात कह रहा है कि फिर एक बार मोदी की सरकार और फिर एक बार 400 पार। 4 जून भारत का भविष्य तय करनी जा रही है...4 जून को देश एक नई उड़ान के लिए पंख फैलाएगा। कहा कि छठे चरण के मतदान ने इंडी गठबंधन के छक्के छुड़ा दिए हैं, अब सातवें चरण में इंडी वालों पर पूर्वांचल का प्रहार होगा और पूर्वांचल का प्रहार जिस पर हुआ, वो मैदान से बाहर जाकर गिरता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वो दिन दूर नहीं जब यूपी में भी ब्रह्मोस मिसाइल बना करेगी और ब्रह्मोस? मिसाइल ऐसी है, जिसका खौफ दूर-दूर तक है। दुनिया के कई देशों में ब्रह्मोस मिसाइल की मांग रही है, लेकिन कांग्रेस ने उनके सामने भी रोड़े अटकाए। कहा कि कुछ ताकतें ऐसी भी हैं जिन्हें भारत की प्रगति से पेट में दर्द होने लगता है। ये लोग 4 जून को लेकर अलग ही सपने देख रहे हैं....सपा-कांग्रेस वाले वोट जिहाद की अपील कर रहे हैं। इनका मुद्दा देश का विकास नहीं है। ये तो भारत को कई दशक पीछे लेकर जाने चाहते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि समाजवादी पार्टी का वो जंगलराज जिसमें बहन-बेटियों का घर से निकलना मुश्किल था... सरकार की जमीन पर भी माफियाओं ने महल बना ली थीं।

**साधा निशाना**
▶▶ सपा-कांग्रेस वाले अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए बाबासाहेब के संविधान को बदलना चाहते हैं

## 21 साल से कम है उम्र और लिव इन में रहते हैं तो...

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून:** समान नागरिक संहिता कानून लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन गया है। 13 मार्च 2024 बुधवार को राष्ट्रपति ने नागरिक संहिता विधेयक को मंजूरी दे दी है। इस कानून में लिव इन रिलेशनशिप के लिए भी कई नियम बनाए गए हैं। जिनका पालन न करने पर जेल हो सकती है और जुर्माना देना पड़ सकता है। **लिव इन रिलेशनशिप का पंजीकरण अनिवार्य:** समान नागरिक संहिता कानून का तीसरा खंड सहवासी (लिव इन रिलेशनशिप) पर केंद्रित किया गया है। इसमें लिव इन रिलेशनशिप के लिए पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। यह स्पष्ट किया गया है कि इस अवधि में पैदा होने वाला बच्चा वैध संतान माना जाएगा। उसे वह सभी अधिकार प्राप्त होंगे, जो वैध संतान को प्राप्त होते हैं। इसमें निषेध डिग्री के भीतर वर्णित संबंधों को लिव इन में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह उन पर लागू नहीं होगा, जिनकी रूढ़ी और प्रथा ऐसे संबंधों में उनके विवाह की अनुमति देते हों। यद्यपि ऐसी रूढ़ी और प्रथा लोकनीति और नैतिकता के विपरीत नहीं होनी चाहिए।

## राजस्थान पहुंचा आरक्षण का जिन्न

**समीक्षा**
▶▶ प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दौरान जिन 14 मुस्लिम जातियों को ओबीसी श्रेणी में आरक्षण दिया गया





**टीम एक्शन इंडिया**
**जयपुर:** लोकसभा चुनावों के बीच कर्नाटक से उठा मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा राजस्थान तक जा पहुंचा है। राजस्थान के सामाजिक न्याय मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार के दौरान जिन 14 मुस्लिम जातियों को ओबीसी श्रेणी में आरक्षण दिया गया था, उसकी जल्द ही समीक्षा की जाएगी। गहलोत ने कहा कि चार जून के नतीजों का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद प्रदेश में 14 मुस्लिम जातियों को ओबीसी में आरक्षण दिए जाने के फैसलों की समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि देश में धर्म के आधार आरक्षण संविधान के विरुद्ध है। इस मामले की एक उच्चस्तरीय समिति के जरिए समीक्षा कराई जाएगी। अविनाश गहलोत ने कहा कि राजस्थान में 1997 से 2013 के दौरान तुष्टीकरण की नीति पर चलते हुए कांग्रेस सरकार ने मुस्लिमों को आरक्षण दिया। लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा हिंदू-मुस्लिम की राजनीति कर रही है। अगर ये संविधान विरुद्ध था।

## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में 2006 तक हुए भू-अधिग्रहण को रखा बरकरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 1957 से 2006 के बीच दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) और दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) द्वारा किए गए भूमि अधिग्रहण को बरकरार रखा है। दिल्ली सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी के नियोजित विकास के लिए भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 के तहत भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू की थी।

## सिब्बल ने छेड़ा ईवीएम से 'छेड़छाड़' का राग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: देश में इन दिनों लोकसभा चुनाव** हो रहा है। अब तक छह चरणों के दौरान कई प्रदेशों में मतदान हो गए हैं और अभी आगे कई राज्यों में कराए जाने हैं। वोटरों को लामबंद करने के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता अलग-अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं और विरोधियों के खिलाफ बयानबाजी का दौर जारी है। इस बीच ईवीएम मशीन पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। ऐसे में राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने एक खास चार्ट तैयार किया है। उन्होंने कहा कि मतदाता को यह विश्वास दिलाना चाहिए कि उसने जिसे वोट दिया उसे ही गया है।



**छेड़छाड़ की कोई संभावना नहीं:** राज्यसभा सांसद ने कहा, 'बहुत सारे लोग कह रहे हैं कि इन मशीनों (ईवीएम) से छेड़छाड़ की गई है। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि छेड़छाड़ की कोई संभावना नहीं है। हम यह नहीं कह रहे कि उनके साथ छेड़छाड़ की गई हैं और नहीं की गई है। ऐसा तो है नहीं कि किसी मशीन से छेड़छाड़ नहीं की जा सकती। किसी भी मशीन से छेड़छाड़ की जा सकती है। हमें विश्वास है लेकिन मतदाता को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसका वोट उस उम्मीदवार को गया है जिसे उसने वोट दिया है। वोटों की संख्या और समय में अंतर होगा तो आपको पता चल जाएगा।

**चार्ट तैयार किया**
▶▶ मतदाता को यह विश्वास दिलाना चाहिए कि उसने जिसे वोट दिया उसे ही गया है: कपिल

## राजकोट गेम जोन में आग से 27 की मौत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकोट : गुजरात** के एक गेम जोन में आग लगने की घटना के बारे में सुनकर हर कोई सहम जा रहा है। अब तक 27 लोगों की इस घटना में मौत हो चुकी है। यह दुर्घटना राजकोट के टीआरपी गेम जोन में हुई है। इस मामले में प्रशासन लगातार सख्ती से कार्रवाई कर रहा है। गेम जोन के मालिक और प्रबंधक को हिरासत में ले लिया गया है। वहीं, गुजरात उच्च न्यायालय की एक विशेष पीठ ने घटना का रविवार को स्वतः संज्ञान लिया। साथ ही हादसे को लेकर कहा कि यह प्रथम दृष्टया 'मानव निर्मित आपदा' है।

**जरूरी मंजूरी लिए बिना बनाए गए गेम जोन:** न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की पीठ ने कहा कि इस तरह के गेम जोन अधिकारियों से जरूरी मंजूरी लिए बिना बनाए गए हैं। पीठ ने अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगमों के वकीलों को निर्देश दिया कि वे सोमवार को उसके सामने पेश हों और बताएं कि किन कानून के प्रावधानों के तहत इन इकाइयों को उनके अधिकार क्षेत्र में स्थापित किया गया है या जारी रखा गया है।

**मृतकों में 12 साल से कम उम्र के 12 बच्चे शामिल:** बता दें कि शनिवार शाम राजकोट के टीआरपी गेम जोन में भीषण आग लगने से 12 साल की कम आयु के 12 बच्चों समेत कुल 27 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। शव पूरी तरह से जल चुके हैं।

ऐसे में उनकी पहचान करना मुश्किल है। पुलिस के मुताबिक स्कूलों में छुट्टी होने के कारण टीआरपी गेम जोन में बड़ी संख्या में बच्चे अपने अभिभावकों के साथ मस्ती करने पहुंचे थे।

**संज्ञान लिया**
▶▶ हाईकोर्ट ने हादसे को बताया मानव निर्मित आपदा, चार जिलों के नगर निगमों से मांगा जवाब

## महाराष्ट्र के अकोला में गर्मी के चलते धारा 144 लागू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नौतपा के पहले दिन, यानी 25 मई को राजस्थान में गर्मी से 5 लोगों की मौत हो गई। यहां पिछले 3 दिनों में 22 लोगों की मौत हो चुकी है। राज्य का फलोदी देश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां तापमान 50 डिग्री दर्ज किया गया। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में लोगों को गर्मी से बचाने के लिए ट्रैफिक सिग्नल की टाइमिंग आधी की गई है। यानी जहां सिग्नल 60 सेकेंड रेड रहता था, वहां 30 सेकेंड ही रेड रहेगा। महाराष्ट्र के अकोला में 45 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।



यह राज्य का सबसे गर्म शहर रहा। जिला कलेक्टर ने पब्लिक गैदरिंग रोकने के लिए शहर में धारा 144 लगाई है। बंगाल की खाड़ी में उठा तूफान रेमल पश्चिम बंगाल से टकराएगा। मौसम विभाग ने देश के पूर्वोत्तर इलाके और बांग्लादेश के तटीय इलाकों के लिए तूफान की चेतावनी जारी की है।

**रेमल तूफान के दौरान 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी:** रेमल तूफान आने के दौरान समंदर में 1 मीटर ऊंची लहरें उठ सकती हैं, जिससे पश्चिम बंगाल के निचले तटीय इलाकों में बाढ़ आने की संभावना है।

**ये गर्मी**
▶▶ भोपाल में ट्रैफिक सिग्नल की टाइमिंग आधी हुई; फलोदी देश का सबसे गर्म शहर, तापमान 50 डिग्री

## जम्मू-कश्मीर में जल्द होगा चुनाव: राजीव कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत से उत्साहित चुनाव आयोग बहुत जल्द वहां विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग इस योग्य हैं कि वहां उनकी अपनी सरकार हो। जम्मू-कश्मीर में मतदान प्रतिशत और क्या विधानसभा चुनाव जल्द हो सकते हैं, इस सवाल का जवाब देते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि संसदीय चुनाव में लोगों की भागीदारी से चुनाव आयोग बहुत उत्साहित है।

**लोकतंत्र की जड़ें और मजबूत हो रही- राजीव कुमार**
उन्होंने कहा, यह (मेरे) कानों के लिए संगीत की तरह है। युवा, महिलाएं खुशी से बड़ी संख्या में (मतदान करने) आ रही हैं।

## ड्रग्स के मामले में पंजाब को जल्द पछाड़ देगा कर्नाटक: जोशी

**टीम एक्शन इंडिया**
**बेंगलुरु:** कर्नाटक सरकार पर हमला बोलते हुए केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि ड्रग्स के मामले में कर्नाटक जल्द ही पंजाब को पीछे छोड़ देगा। कर्नाटक में ड्रग्स तेजी से पांव पसार रहा है, लेकिन प्रदेश सरकार कार्रवाई नहीं कर रही है। यदि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं हुई तो न जाने कितने लोगों का भविष्य बर्बाद हो जाएगा। हुबली में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जोशी ने कहा कि कर्नाटक में ड्रग्स तस्करी का अवैध कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। हुबली, बेंगलुरु व मंगलुरु इसके प्रमुख गढ़ हैं।

**विशाल जनसभा** 30 लाख सरकारी नौकरियां, मनरेगा की दिहाड़ी 400 रुपए करने का किया वादा, मैं और प्रियंका दिल्ली में आपके सिपाही: राहुल

## मोदी ने 22 लोगों के 16 लाख करोड़ का कर्ज माफ किया: राहुल

**एसपी जैरथ**
**नाहन: कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सिरमौर जिला के नाहन में कांग्रेस के पक्ष में प्रचार किया। एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी के चारों लोकसभा उम्मीदवारों को जिताने की अपील करते हुए कहा कि मैं और प्रियंका दिल्ली में आपके सिपाही हैं और हिमाचल प्रदेश की आवाज को दिल्ली में बुलंद करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश में आपदा आई तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश की कोई मदद नहीं की। प्रदेश में आपदा से 22 हजार परिवार प्रभावित हुए और केंद्र सरकार ने कुछ नहीं दिया। नुकसान से 9000 करोड़ रुपए भी अभी तक केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को नहीं दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अडानी और मीडिया की पार्टनर्शिप के कारण हिमाचल के सेब बागबानों को सही दाम नहीं मिल रहा है। मोदी ने सेब स्टोरेज का सारी फैसिल्टी एक आदमी को दे दी है और वह सेब के दाम को कंट्रोल कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र देश के 20-25 लोगों के लिए काम कर रहे हैं। देश के सात एयरपोर्ट अडानी की कंपनी को दे दिए गए हैं और हथियार बनाने का काम भी अडानी की कंपनी कर रही है। पूरा देश जानता है कि जब तक मोदी सत्ता में है तब तक अडानी की कंपनी मुनाफा कमाएगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री देश के मात्र 22 लोगों को करोड़पति बनाने के लिए काम कर रहे हैं। पिछले दस वर्षों में उनका 16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज माफ किया गया है, लेकिन किसान का कर्ज माफ नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि आज मीडिया सेब के दामए किसानों और मजदूर की समस्याओं की चर्चा नहीं करताए बल्कि अडानी की शादी दिखाता है। उन्होंने कहा कि देश में सिर्फ 22 लोगों के सपने पूरे हो रहे हैं और बाकी का देश देखता रह जाता है। भाजपा सरकार ने नोटबंदी कर करोड़ों छोटे कारोबारियों को बर्बाद कर दिया और गलत जीएसटी लागू किया।



**वोट की अपील**
▶▶ नुकसान से 9000 करोड़ रुपए भी अभी तक केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को नहीं दिए: राहुल गांधी

# बदमाशों ने छुरा लहराकर दुकानदार को जान से मारने की दी धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः** शहर के थाना सेक्टर-24 पुलिस ने क्षेत्र के गांव मोरना में स्टेशनरी की दुकान करने वाले पर छुरी से हमला करने और हत्या की धमकी देने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपितों के पास से दो चाकू भी बरामद किए हैं।




**शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी शिकायत में कही ये बातः** मोरना के नरेंद्र गौतम ने शनिवार को दर्ज कराई एफआईआर में बताया था कि वह घर के नीचे ही स्टेशनरी की दुकान करते हैं। शिवा नाम का युवक उसी मकान में चौथी मंजिल पर रहता है। शनिवार सुबह शिवा स्टेशनरी की दुकान पर आया और अपने साथी अरुण उर्फ डागी को भी वहीं बुला लिया। कई अन्य युवक भी मौके पर जमा हो गए।

**दुकानदार में दुकान पर भीड़ न लगाने की कही थी बात :** दुकान पर भीड़ जमा होता देख नरेंद्र ने शिवा और अरुण से कहा कि वह दुकान के सामने भीड़ न लगाएं क्योंकि इससे ग्राहकों को परेशानी होगी। इतनी सी बात पर अरुण उर्फ डागी नाराज हो गया और गाली-गलौज करते हुए चला गया। कुछ ही देर बाद अरुण छुरा लेकर आया और नरेंद्र के ऊपर वार करने का प्रयास किया।

**नाराज बदमाशों ने छुरा लहराते हुए दी हत्या की धमकी :** नरेंद्र ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई। इसके बाद युवक दुकान के सामने छुरा लहराते हुए दुकानदार की हत्या करने की धमकी देने लगा। इसका 29 सेकेंड का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गया। प्रसारित वीडियो में अरुण हाथ में छुरा लिए हुए दिख रहा है। आसपास भीड़ जमा है।

**पुलिस ने किया गिरफ्तार :** सभी लोग युवक के हाथ में छुरा देखकर भयभीत हैं। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस अरुण और उसके साथी शिवा की तलाश में दबिश दे रही थी।

## डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, एक की मौत

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-126 क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर सुलभ शौचालय के निकट शनिवार देर रात डिवाइडर से टकराकर महिंद्रा एक्सयूवी पलट गई। इस हादसे में घायल तीन लोगों में से एक ने रविवार सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि शनिवार रात करीब दो बजे दिल्ली साउथ एक्सटेंशन के नितिन उर्फ बबलू, आशीष व दिल्ली कनॉट प्लेस के बॉबी ग्रे रंग की महिंद्रा एक्सयूवी 500 में सवार होकर कहीं जा रहे थे। जैसे ही वह एक्सप्रेस-वे पर सुलभ शौचालय के पास पहुंचे तो एक्सयूवी से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और ग्रीन बेल्ट में पलट गई।

# अब लोगों को सस्ते में मिलेगा राशन, खुलेंगी फेयर प्राइस शॉप

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबादः** सभी लोगों तक सस्ते दामों में घरेलू उपयोग की वस्तुएं और राशन मुहैया कराने के लिए जिले में स्मार्ट फेयर प्राइस शॉप खोली जाएंगी। खाद्य एवं रसद विभाग ने प्रदेश भर से गाजियाबाद को पायलट प्रोजेक्ट की शुरूआत के लिए चुना है। अच्छा फीडबैक मिलने के बाद प्रदेश के अन्य जिलों में भी इसको शुरू किया जाएगा। इसके तहत 15 कोटेदार का चयन किया गया है, जिनका जल्द ही नोएडा में प्रशिक्षण शुरू होगा।

इन दुकानों में परचून के सामान से लेकर उस क्षेत्र में जिनकी सामग्रियों की मांग अधिक होगी उसके आधार पर बाजार मूल्य से कम दामों में सामान मिलेगा।

**राहत**

**तहत 15 कोटेदार का चयन किया गया है, जिनका जल्द ही नोएडा में प्रशिक्षण शुरू होगा**

इच्छुक कोटेदार इस योजना के तहत पंजीकरण करा सकते हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी डॉ. सीमा बालियान ने बताया कि अभी तक 15 कोटेदारों ने इच्छा जताई है। इनका प्रशिक्षण 27 मई से 31 मई तक नोएडा स्थित राष्ट्रीय उद्यमिता और लघु व्यवसाय विकास संस्थान में होगा जहां अन्य कई राज्यों के कोटेदार भी मौजूद रहेंगे। इसमें राजस्थान, हरियाणा, यूपी सहित कई राज्य शामिल हैं। इस योजना के तहत कोटेदारों को भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई), केंद्रीय भंडारण निगम (सीडब्ल्यूसी) की तरफ से अनाज पर सब्सिडी भी दी जाएगी। इसके अलावा उनको कम ब्याज दरों पर लोन भी मिलेगा।

**यह रहेंगी सुविधाएं :** उचित दर दुकानों को पोषण केंद्र की तरह भी संचालित किया जाएगा। इसमें आटा, चावल, दाल, तेल सहित श्रीम अन्न भी मिलेगा। इसके लिए किसान उत्पादक संगठनों का भी सहयोग लिया जाएगा। इसके अलावा जनसुविधा केंद्र भी होगा और वाईफाई की भी सुविधा होगी। इस पर कम दरों पर मोबाइल डाटा भी मिलेगा।

# डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, एक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः** कोतवाली सेक्टर-126 क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे पर सुलभ शौचालय के निकट शनिवार देर रात डिवाइडर से टकराकर महिंद्रा एक्सयूवी पलट गई। इस हादसे में घायल तीन लोगों में से एक ने रविवार सुबह दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**कार में सवार थे तीन लोग :** कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि शनिवार रात करीब दो बजे दिल्ली साउथ एक्सटेंशन के नितिन उर्फ बबलू, आशीष व दिल्ली कनॉट प्लेस के बॉबी ग्रे रंग की महिंद्रा एक्सयूवी 500 में सवार होकर कहीं जा रहे थे।

**अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई गाड़ी :** जैसे ही वह एक्सप्रेस-वे पर सुलभ शौचालय के पास पहुंचे तो एक्सयूवी से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और ग्रीन बेल्ट में पलट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक्सयूवी को सीधा किया और घायलों को सेक्टर-137 स्थित प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।

**पुलिस ने जांच की शुरूः** उपचार के दौरान रविवार सुबह नितिन ने दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल आशीष व बॉबी को दिल्ली में ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है।

# नोएडा में ऑडी वाले ने बुजुर्ग को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-24 क्षेत्र में रविवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। कंचनजंगा मार्केट के पास तेज गति से आ रहे अनियंत्रित ऑडी कार की टक्कर से घायल बुजुर्ग की मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बुजुर्ग हवा में लहराते हुए करीब दस मीटर दूर जाकर गिरे। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मृतक के पुत्र ने अज्ञात चालक के खिलाफ शिकायत दी है। सेक्टर-53 के प्रदीप कुमार साह ने दी शिकायत में बताया कि वर्तमान में वह परिवार के साथ सेक्टर-53 में रहते हैं। प्रदीप के पिता जनक देव रोजाना की तरफ रविवार सुबह साढ़े पांच बजे टहलते निकले थे।



वह टहलने के बाद अक्सर दूध लेकर घर आते थे।

**सड़क किनारे पड़े थे मृत :** जब वह कंचनजंगा मार्केट स्थित मदर डेयरी से दूध लेकर काफी देर तक नहीं लौटे तो प्रदीप ने उन्हें खोजना शुरू किया। इसी दौरान प्रदीप ने देखा कि उसके पिता कंचनजंगा मार्केट में ही सड़क के किनारे लहूलुहान हालत में मृत पड़े हुए हैं। स्थानीय लोगों ने शिकायतकर्ता को बताया कि अज्ञात वाहन का चालक जनक देव को टक्कर मारकर फरार हो गया है। डीसीपी विद्यासागर मिश्र ने बताया कि मृतक के बेटे की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया जा रहा है। कार चालक की पहचान और उसकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित कर दी गई है।

**वीडियो में दिखा दर्दनाक हादसा :** हादसे का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ है, जिसमें दिख रहा है कि एक बुजुर्ग पैदल ही

जा रहे हैं। थोड़ी ही देर बाद एक तेज रफ्तार सफेद रंग की ऑडी कार बुजुर्ग की तरफ आते हुए दिखती है। देखते ही देखते कार चालक सामने आ रहे बुजुर्ग को टक्कर मार देता है। बुजुर्ग काफी देर तक हवा में लहराते हुए जमीन पर गिरते हैं और उनकी मौके पर ही मौत हो जाती है। सिर के बल गिरने से बुजुर्ग ने तुरंत ही दम तोड़ दिया है।

# गाजियाबाद के मॉल्स में फायर ब्रिगेड की टीम कर रही जांच



**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** राजकोट के गेमिंग जोन में हुए अग्निकांड में 27 लोगों की मौत के बाद दमकल विभाग ने मॉल्स की जांच शुरू की है। पूरे जिले में अभियान शुरू किया गया है। मॉल्स में आग से बचाव के रास्ते और संसाधन की जांच की जा रही है। गुजरात के राजकोट अग्निकांड में 12 बच्चों समेत 35 लोगों की मौत हो गई है। मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है। रक्ळ टीम को 72 घंटों के बीच राज्य सरकार को जांच रिपोर्ट सौंपने का आदेश दे दिया गया है। आग कैसे और क्यों लगी?

# बिजली कटौती के मामले में नोएडा जोन के मुख्य अभियंता को नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के नोएडा जोन में करीब दस दिनों से बिजली आपूर्ति की व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। आम दिनों में करीब 1600 मेगावाट के आसपास रहने वाली बिजली की मांग 2300 मेगावाट से अधिक पहुंच गई है। इस कारण यहां की लाइनें, ट्रांसफार्मर और केबल अधिक लोड के कारण खराब होने लगे हैं। अमर उजाला ने इन्हीं समस्याओं को उठाते हुए 20 मई के अंक में बिजली की मांग बढ़ते ही लगे कटौती के झटके शीर्षक से खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी। जिस पर संज्ञान लेते हुए निगम की प्रबंधक निदेशक ईशा दुहन ने नोएडा जोन के मुख्य अभियंता राजीव मोहन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

**चरमराई**

**बिजली आपूर्ति की सुविधा देने के लिए मुख्यालय ने करीब एक साल पहले यहां के लिए भारी भरकम बजट जारी किया है**

नोएडा जोन में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति की सुविधा देने के लिए मुख्यालय ने करीब एक साल पहले यहां के लिए भारी भरकम बजट जारी किया है। जिससे लाइन मरम्मत के साथ ट्रांसफार्मर की क्षमता में बढ़ोतरी, नई केबल लाइन बिछाने, पुरानी लाइनों को बदलने और ओवरहेड बिजली के तारों को अंडरग्राउंड करने समेत अन्य काम शामिल थे। इन कामों को मार्च से पहले पूरा करना था, लेकिन पीक सीजन आ जाने के बाद भी काम पूरे नहीं हो सके हैं। जिसके कारण यहां के उपभोक्ताओं को रोज कटौती का सामना करना पड़ रहा है।

**19 मई को अंधेरे में डूब गया था शहर**

आरसी ग्रीन पाली समेत नोएडा के सेक्टर-20 और बॉटनिकल गार्डन स्थित ट्रांसमिशन लाइन की उपकेंद्र में तकनीकी खराबी से छह घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। आधा से अधिक शहर रात करीब आठ बजे तक अंधेरे में डूबा रहा था। घंटों मशक्कत के बाद मरम्मत कार्य पूरा करने के बाद आपूर्ति शुरू कराई गई। इसके अलावा रविवार को भी विभिन्न सेक्टरों और गांवों में छह से सात घंटे कटौती की शिकायतें मिली थीं।

## 1550 में से 1300 बिल्डरों ने नहीं माना यूपी रेरा का आदेश

**ग्रेटर नोएडा।** प्रदेश के 1300 बिल्डरों ने उत्तर प्रदेश भूसंपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) के साथ पत्राचार करने के लिए अब तक अपना प्रशासनिक और कानूनी प्रतिनिधि अधिकृत नहीं किया है, जबकि प्राधिकरण ने पांच माह पहले आदेश जारी किया था। अब तक केवल 250 बिल्डरों ने कानूनी प्रतिनिधि की जानकारी दी है। वहीं, यूपी रेरा ने बिल्डरों को चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि तत्काल अधिकारी अधिकृत नहीं करने पर यूपी रेरा के साथ पत्राचार रोक दिया जाएगा। यूपी रेरा में इस समय 1550 बिल्डर पंजीकृत है। इनके 3633 प्रोजेक्ट हैं। इन प्रोजेक्टों के खरीदार लगातार यूपी रेरा में शिकायत कर रहे हैं, लेकिन उनका समय से निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इसका मुख्य कारण बिल्डरों की तरफ से जिम्मेदार अधिकारी की कमी होना है। इस पर यूपी रेरा ने जनवरी में एक आदेश जारी किया था। प्रदेश के सभी बिल्डरों को कानूनी और प्रशासनिक अधिकारी अधिकृत करने का आदेश दिया। इसकी जानकारी बिल्डरों को यूपी रेरा के पोर्टल पर देनी थी, लेकिन पांच माह बीतने के बाद भी केवल 250 बिल्डरों ने जानकारी दी है। इन 250 बिल्डर ने भी केवल कानूनी अधिकारी अधिकृत करने की जानकारी दी है, जबकि प्रशासनिक अधिकारी की जानकारी नहीं दी है।

# महंत के मोबाइल से मिली पांच दिन की फुटेज, एप से छिपा रखा था फोल्डर

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादनगर।** गंगनहर घाट पर महिलाओं के कपड़े बदलने के कमरे में लगे सीसीटीवी कैमरे के मामले में पुलिस जांच में कुछ नए तथ्य सामने आए हैं। पुलिस को महंत के मोबाइल से पांच दिन का सीसीटीवी फुटेज मिला है। साथ ही सीसीटीवी के डीवीआर से महिलाओं के कपड़े बदलते समय की क्लिप भी मिली हैं। महंत ने मोबाइल में हरिद्वार व छोटा हरिद्वार के नाम से दो फोल्डर बना रखे थे और सीसीटीवी एप छिपा रखा था। एक्सपर्ट ने जब प्ले स्टोर से एप डाउनलोड करने की कोशिश की तो हाइड एप का पता चला। फरार चल रहे महंत मुकेश गोस्वामी की तलाश में पुलिस की दो टीम लगी हैं। थाना क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला 21 मई को अपनी बेटी के साथ गंगनहर घाट पर स्नान करने के लिए आई थी। स्नान के बाद महिला घाट पर बने चेंजिंग रूम में कपड़े बदलने चली गई, कपड़े बदलते समय महिला की नजर ऊपर लगे सीसीटीवी कैमरे पर पड़ी। पुलिस ने शिकायत पर सबसे पहले महंत का मोबाइल अपने कब्जे में ले लिया था। इसके बाद महंत मुकेश गोस्वामी निवासी डिफेंस कॉलोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद महंत फरार हो गया। शुक्रवार को सिंचाई विभाग की टीम ने गंगनहर घाट से अतिक्रमण हटाया था। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि पुलिस की दो टीम महंत मुकेश गोस्वामी की तलाश में लगी है। गाजियाबाद, दिल्ली, बागपत, हरिद्वार, मुजफ्फरनगर, प्रयागराज में महंत की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही महंत को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एसीपी ने बताया कि गंगनहर घाट पर जगह जगह 25 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। पुलिस मामले में साक्ष्य एकत्र कर रही है।

**कार्रवाई**

**एसीपी ने बताया कि गंगनहर घाट पर जगह जगह 25 सीसीटीवी कैमरे लगे हैं**

# छात्रा को किया अगवा, बंधक बनाकर एक सप्ताह तक करता रहा दुष्कर्म

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबादः** मोदीनगर में एक कॉलोनी से स्कूल गई 10वीं की छात्रा को अगवा कर बंधक बनाकर सप्ताह भर तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने छात्रा को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने बताया कि उनकी 15 वर्षीय पुत्री कक्षा दस की छात्रा है। बताया कि छात्रा एक सप्ताह पूर्व स्कूल गई थी, लेकिन लौटी नहीं। परिजनों ने छात्रा को काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं लगा। पिता ने एक युवक पर छात्रा को अगवा करने का आरोप लगाते हुए थाने में नामजद तहरीर दी। एसीपी ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस की दो टीमें छात्रा की तलाश में लगी थी। पुलिस ने शुक्रवार रात छात्रा को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। छात्रा ने पुलिस को जानकारी दी कि आरोपी ने उसे एक सप्ताह तक बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी छात्रा की पिटाई करता था। छात्रा को चिकित्सीय जांच के लिए भेजा गया।

**काबू**

**दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने छात्रा को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है**


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# हॉस्पिटल के नीचे अवैध ऑक्सीजन रीफिलिंग होती थी

**जांच पड़ताल**

**स्थानीय लोग और एनजीओ शहीद सेवा दल के सदस्य मदद के लिए सबसे पहले आए थे: चश्मदीदों के अनुसार**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के विवेक विहार में शनिवार 25 मई की रात करीब 11:30 बजे न्यू बॉर्न बेबी केयर सेंटर नाम के चाइल्ड हॉस्पिटल में आग लग गई। इसमें फंसे 12 नवजात को बाहर निकाला गया। हालांकि, 7 की मौत हो गई। 5 बच्चों को दूसरे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग से हॉस्पिटल पूरी तरह जल गया। चश्मदीदों के अनुसार, स्थानीय लोग और एनजीओ शहीद सेवा दल के सदस्य मदद के लिए सबसे पहले आए थे। कुछ लोग हॉस्पिटल की बिल्डिंग पीछे गए और ऊपर चढ़कर बच्चों को एक-एक कर निकाला।


शहीद सेवा दल के एक सदस्य ने दावा किया कि आग लगते ही हॉस्पिटल के सभी कर्मचारी बच्चों को छोड़कर भाग गए। पहला सिलेंडर फटकर बिल्डिंग के अंदर गया, जिससे आग लग गई। उसके बाद एक के बाद एक तीन और सिलेंडर ब्लास्ट हुए। मुकेश बंसल नाम के एक स्थानीय ने बताया कि बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर अवैध ऑक्सीजन सिलेंडर रीफिलिंग का काम चलता था। पार्षद से इसकी शिकायत भी की थी, लेकिन कुछ नहीं हुआ। यह सब पुलिस की नाक के नीचे हो रहा था। मुकेश पहले हॉस्पिटल के बगल में रहते थे। हालांकि, सिलेंडर रीफिलिंग के कारण वे दूसरी गली में रहने चले गए।





## रेस्क्यू के साथ भीड़ को काबू करना बनी चुनौती

**दिल्ली** फायर डिपार्टमेंट के डायरेक्टर अतुल गर्ग ने बताया कि ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट के कारण रेस्क्यू ऑपरेशन काफी मुश्किल था। हमने दो टीमें बनाई गई थीं। एक टीम ने आग बुझाना शुरू किया, क्योंकि सिलेंडरों में एक के बाद एक विस्फोट हो रहा था। हमारे लिए खुद को भी बचाना जरूरी था। दूसरी टीम ने बच्चों का रेस्क्यू शुरू किया। हालांकि, हम सभी बच्चों को नहीं बचा सके। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के लिए भीड़ को काबू करना भी एक चैलेंज था। एक अधिकारी ने बताया कि घटनास्थल पर कई लोग जमा हो गए थे। वे आग का वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे। उनमें से कई लोग आग बुझाने की कोशिश कर रहे लोगों के करीब भी आ गए। आग की लपटें अस्पताल से बगल



की बिल्डिंग में एक बुटीक, निजी बैंक और दूसरी बिल्डिंग में एक चश्मे के शोरूम और घरेलू सामान बेचने वाली एक दुकान तक फैल गईं। सड़क पर खड़ी एक स्कूटर, एक एम्बुलेंस और पास के एक पार्क में भी आग लग गई। घटना के बाद अपने बच्चे की तलाश कर रही एक महिला ने बताया- मेरा बच्चा पिछले तीन दिनों से यहां भर्ती था। उसे सिर्फ बुखार था। आज सुबह एक रिश्तेदार से आग लगने की खबर मिली। अस्पताल से कोई जानकारी नहीं दी गई। सुबह से इधर-उधर भाग रहे हैं, लेकिन बच्चा नहीं मिल रहा है। अपने भाई के बच्चे को खोज रहे सुमित ने कहा- 20 मई को मेरे भाई के बच्चे को न्यू बोर्न बेबी केयर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हम पुलिस स्टेशन गए और बच्चे की जानकारी मांगी। उन्होंने हमें अस्पताल जाने का कहा। एक अन्य बच्चे के एक रिश्तेदार ने बताया- कल हमने अपने बच्चे को देखा था। वे हमें यहां रहने नहीं दे रहे थे। अब हमें उसकी कोई कोई जानकारी नहीं मिल रही है। डीएनए टेस्ट के बाद पहचान पाएंगे कि मृतकों में हमारा बच्चा था या नहीं। हादसे के बाद बच्चे का पता नहीं लगने के कारण का पिता अस्पताल के बाहर रोता दिखा।

हादसे के बाद बच्चे का पता नहीं लगने के कारण का पिता अस्पताल के बाहर रोता दिखा। 5 का रेस्क्यू किया गया है। दो मंजिला बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर न्यू बॉर्न बेबी केयर सेंटर था। इसमें कुल 12 बच्चे भर्ती थे।

## बेबी केयर सेंटर का मालिक नवीन किची गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बेबी केयर सेंटर में आग लगने की घटना के बाद पुलिस ने इसके मालिक नवीन किची को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे के बाद से वह अपने पूरे स्टाफ के साथ फरार था। बता दें, अस्पताल में बीती रात भीषण आग लगने से 7 नवजात शिशुओं की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। विवेक विहार में चाइल्ड अस्पताल में आग लगने की घटना के बाद फॉरेंसिक टीम और डीसीपी शाहदरा सुरेंद्र चौधरी मौके पर पहुंचे हैं।

जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि शनिवार रात 11:30 विवेक विहार स्थित बेबी केयर सेंटर में आग लगने की सूचना मिली थी। दमकल व पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। बेबी केयर सेंटर में आग की घटना पर पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगने की घटना हृदय विदारक है।

# घर में जन्मा था पहला बेटा, चल रही थी जश्न की तैयारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** घर में बेटे की सकुशल वापस लौटने को लेकर जश्न की तैयारी पूरी थी। सोमवार को अस्पताल से छुट्टी होनी थी। घर का पहला बेटा था। लेकिन क्या पता था कि आज ही उसका शव लेकर आना पड़ेगा। दर्द भरी जुबान में यह दर्द बयां किया ऋतिक चौधरी ने। विवेक विहार स्थित बेबी केयर अस्पताल की 20 मई को ही बेटे को भर्ती किया था। ऋतिक बताते हैं कि उनकी एक बेटी पहले से हैं। उसके बाद 17 मई को बेटे ने जन्म लिया। जन्म के बाद बेटे को कुछ दिक्कत हुई जिसके कारण उसे पहले सरोज अस्पताल में भर्ती करना पड़ा।। वहां से इस अस्पताल में रेफर किया गया। बुलंदशहर के शिवाली अली नगर गांव के रहने वाले ऋतिक बताते हैं कि उन्हें जानकारी दी गई थी कि यह एक अच्छा अस्पताल है और बच्चा यहां से ठीक होकर घर लौट आएगा। बच्चा ठीक भी हो रहा था शनिवार सुबह हमें सूचना दी गई थी कि सोमवार को अपने बच्चों को वापस ले जाना। लेकिन क्या पता था रात में ऐसी घटना हो जाएगी कि घर लौटने से एक दिन पहले ही उसका शव लेकर घर लौटना पड़ेगा। ऋतिक बताते हैं कि सुबह सात बजे जब वह सो रहे थे। उसी समय उन्हें फोन आया की अस्पताल में आग लग गई है। घटना की जानकारी मिलते ही पत्नी को बिना बताए वह दिल्ली पहुंच गए। यहां आने पर पता चला कि आग लगने की घटना में जिन बच्चों ने दम तोड़ा है उसमें उनका बेटा भी शामिल है। यह सुनकर उनके पैरों से जमीन खिसक गई। वह कुछ समझ ना पाए और अपने चचेरे भाई के साथ अस्पताल के शव गृह में पहुंच गए हैं। ऋतिक बताते हैं कि पत्नी बार-बार फोन करके पूछ रही है बेटा कैसा है, हर बार दिलासा दे रहा हूं कि बेटा ठीक है और उसे लेकर घर आऊंगा। शाहदरा के विवेक विहार स्थित न्यू बोर्न बेबी केयर अस्पताल में शनिवार देर रात भीषण आग लग गई। इस हादसे में सात नवजात बच्चों की मौत हो गई है। पांच बच्चों का इलाज दूसरे अस्पताल में चल रहा है। अस्पताल से 12 नवजात बच्चों का रेस्क्यू किया गया था। इनमें से छह बच्चों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जबकि एक की पहले ही मौत हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि ऑक्सीजन सिलिंडर फटने से अस्पताल में आग लगी थी।

# ध्रुव ने मेरे खिलाफ एकतरफा वीडियो बनाया: मालीवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने रविवार 26 मई को यूट्यूबर ध्रुव राठी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कहा कि ध्रुव राठी ने मेरे खिलाफ वीडियो पोस्ट किया। इसकी वजह से मुझे पहले से मिल रहीं रेप और हत्या की धमकियां बढ़ गई हैं। स्वाति मालीवाल ने कहा- जब से मेरी पार्टी आप के नेताओं और वॉलंटियर्स ने मेरे खिलाफ चरित्र हनन, भावनाएं भड़काने और मुझे शर्मसार करने का अभियान चलाया है, तब से मुझे रेप और जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। यह तब से और बढ़ गया है, जब से यूट्यूबर ध्रुव राठी ने मेरे खिलाफ एकतरफा वीडियो पोस्ट किया है। उनके जैसे लोग खुद को स्वतंत्र पत्रकार होने का दावा करते हैं। हालांकि, वो



आप प्रवक्ताओं की तरह काम कर रहे हैं।

**केजरीवाल के पीएम से मारपीट केस पर वीडियो को लेकर विवाद:** दरअसल, ध्रुव राठी ने 4 दिन पहले इंस्टाग्राम पर केजरीवाल के पीएम बिभव कुमार और स्वाति मालीवाल के बीच मारपीट केस पर एक वीडियो पोस्ट किया था। इसी पर स्वाति मालीवाल ने कहा है कि ध्रुव राठी ने मेरा पक्ष जाने बिना वीडियो बनाया। स्वाति ने अपने पोस्ट में लिखा- जहां तक पार्टी की बात है तो यह बिल्कुल साफ है कि वे मुझे अपनी शिकायत वापस लेने के लिए डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन, ध्रुव राठी को अपना पक्ष बताने के लिए मैंने उनसे संपर्क करने की पूरी कोशिश की, लेकिन उन्होंने मेरी कॉल और मैसेज को नजरअंदाज किया।

**स्वाति बोलीं- अगर मेरे साथ कुछ हुआ तो सबको पता है**

**आगाह किया**

**पूरी पार्टी और उसके समर्थकों ने मुझे बदनाम करने और शर्मिंदा करने का प्रयास किया है**

**उकसाने वाला कौन है**

स्वाति ने कहा- ध्रुव राठी ने मुझे इस हद तक शर्मिंदा किया है कि अब मुझे हद से ज्यादा गालियां और धमकियां मिल रही हैं। जिस तरह से पूरी पार्टी और उसके समर्थकों ने मुझे बदनाम करने और शर्मिंदा करने का प्रयास किया है, वह महिलाओं के मुद्दों पर उनके रुख के बारे में बहुत कुछ बताता है। आप सांसद ने कहा- मैं दिल्ली पुलिस में रेप और हत्या की धमकियों के खिलाफ केस दर्ज करा रही हूं।

## दूरसंचार कंपनियों को अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल्स रोकने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली: सरकार** ने फर्जी कॉल्स को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। केंद्र ने भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करके आने वाली अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल्स को रोकने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। दूरसंचार विभाग (डॉट) ने रविवार को जारी एक बयान में बताया कि जालसाज भारतीय नागरिकों को भारतीय मोबाइल नंबर दिखाकर अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल कर रहे हैं। जालसाल इसके जरिए साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी कर रहे हैं। डॉट ने दूरसंचार ऑपरेटरों को भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करके आने वाली अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल्स को ब्लॉक करने का निर्देश दिया है।

# इमारत में लगी भीषण आग, तीन लोगों की हुई मौत, तीन घायल

**दुखद**

**सात लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। एक नंबर गली में छाछी बिल्डिंग में लगी थी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** शाहदरा जिले के कृष्णा नगर इलाके में देर रात 2.35 बजे एक बिल्डिंग में आग लग गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन झुलस गए, सात लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया। आग गली नंबर 1 इंडियन बैंक के पास एक नंबर गली में छाछी बिल्डिंग में लगी थी। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने



आग पर काबू पाना शुरू किया। जानकारी के मुताबिक, पार्किंग में खड़े 11 दो पहिया वाहन भी आग में जल गए। पूरी इमारत में धुआं भर गया, जिसकी वजह से दो महिलाओं समेत तीन की मौत हुई है, बाकी का दम घुटा है। घायलों का अस्पताल में हताहतों का इलाज जारी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। जानकारी के मुताबिक, आग चार मंजिला बिल्डिंग की पार्किंग में खड़ी 11 बाइकों में लगी थी, जो पहली मंजिल तक फैल गई थी।

जिसके बाद ऊपरी मंजिल तक धुआं फैल गया। पहली मंजिल पर जला हुआ शव मिला और 12 लोगों का ऊपरी मंजिल से रेस्क्यू किया गया, जिन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया।

# भीषण गर्मी से जल्द राहत के आसार नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सहित समूचे उत्तर भारत में पड़ रही भीषण गर्मी के अगले पांच दिन तक जारी रहने के आसार हैं। पश्चिमी राजस्थान सर्वाधिक गर्मी की चपेट में है जहां तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। कुछ ऐसा ही हाल असम और पूर्वोत्तर के उत्तरी भागों का भी है। भीषण गर्मी से जल्द ही किसी तरह की राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। तीस मई तक इसमें थोड़ी कमी आ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार चक्रवाती तूफान रेमल रविवार रात बांग्लादेश और भारत से लगते कुछ तटीय क्षेत्रों से टकराएगा। इस दौरान भारी बारिश हो सकती है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। गांगेय पश्चिम बंगाल में 26-27 मई को भारी से बहुत भारी बारिश के साथ अत्यंत भारी वर्षा (>204.4 मिमी.) की संभावना है। चक्रवाती तूफान का असर समूचे उत्तर भारत पर भी पड़ने वाला है। इसके चलते नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम एंव त्रिपुरा में 26-28 मई को भारी से बहुत भारी वर्षा (115.5-204.4 मिलीमीटर) और 27 मई को भारी से बहुत भारी बारिश के साथ अत्यंत भारी वर्षा (>204.4 मिलीमीटर) होने की संभावना है।

# दामाद को मार डाला: ससुर ने गोली मारी

**गिरफ्तार**

**धर्मवीर जयराम गिरी के रूप में हुई है। आरोपी ने तीन अक्तूबर 2023 को बीच बाजार दामाद की सिर में गोली मार दी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बिहार में झूठी आन की खातिर की गई हत्या के मामले में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने मुख्य आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान बिहार के छपरा निवासी धर्मवीर जयराम गिरी के रूप में हुई है। आरोपी ने तीन अक्तूबर 2023




को बीच बाजार दामाद सूरजकांत की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी थी। दरअसल धर्मवीर की बेटी ने सूरजकांत से पिता की मर्जी के बगैर प्रेम विवाह कर लिया था। इसके बाद दामाद और ससुर में विवाद हो गया। बदला लेने की नीयत से धर्मवीर ने सूरजकांत की हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपी बिहार से फरार हो गया था। सूरजकांत के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज थे। बेरहमी से हुई हत्या के बाद खूब हंगामा हुआ था। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए डीएसपी रैंक के अधिकारी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था, लेकिन आरोपी पुलिस को चकमा दे रहा था। फिलहाल उसने दिल्ली में शरण ली हुई थी। काफी प्रयास के बाद दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने उसे ढूंढा है। अपराध शाखा के पुलिस उपायुक्त राकेश पावरिया ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि छपरा हत्याकांड का आरोपी दिल्ली की गीता कॉलोनी में छिपा हुआ है। सूचना के बाद पुलिस ने आरोपी की जानकारी जुटाना शुरू कर दिया। इस बीच टीम को पता चला कि आरोपी गीता कॉलोनी में एसडीएम ऑफिस के पास आने वाला है।

# स्पाइसजेट की फ्लाइट के इंजन से टकराया पक्षी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लेह जा रहा स्पाइसजेट का एक विमान रविवार को इंजन 2 पर पक्षी से टकराने के बाद दिल्ली हवाई अड्डे पर लौट आया, जिसके बाद अधिकारियों को हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकाल घोषित करना पड़ा। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, विमान ने 10:30 बजे आईजीआई हवाई अड्डे से उड़ान भरी थी और लगभग 11:00 बजे सुरक्षित रूप से उतरा। एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा कि 26 मई, 2024 को दिल्ली से लेह तक एसजी-123 का संचालन करने वाला स्पाइसजेट बी737 विमान इंजन 2 पर एक पक्षी के टकराने के बाद दिल्ली लौट आया। प्रवक्ता ने कहा कि विमान दिल्ली में सुरक्षित रूप से उतर गया और यात्रियों को सामान्य रूप से उतार लिया गया था। विमान की सामान्य लैंडिंग हुई, आपातकालीन लैंडिंग नहीं।




# दिल्ली-एनसीआर में अगले तीन दिनों तक 'लू' का रेड अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली इन दिनों भीषण गर्मी का सामना कर रही है। यहां पर अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने की उम्मीद है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने अत्यधिक तापमान के कारण दिल्ली-एनसीआर में अगले 3 दिनों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के वरिष्ठ वैज्ञानिक नरेश कुमार ने कहा, "आज दिल्ली-एनसीआर में लू से लेकर भीषण लू तक का सामना करना पड़ेगा। कुछ जगहों पर तापमान 47 डिग्री तक पहुंच सकता है। अगले तीन दिनों तक तापमान ऐसा




ही रहेगा। उसके बाद हो सकता है कुछ राहत मिल सकती है। अगले 4-5 दिनों तक बारिश का अनुमान नहीं है। उसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के कारण हिमालय में बारिश हो सकती है और उत्तरी भारत में बादल छाए रह सकते हैं।"

**'पश्चिमी विक्षोभ से गर्मी से मिल सकती है राहत':** उन्होंने कहा कि जहां पर भी 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक का तापमान है, वहां पर रेड अलर्ट है। सफदरजंग के पास तापमान 44 के आसपास रहेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में गर्मी इसलिए तेज है क्योंकि मौसम में कुछ बदलाव नहीं हो रहा था।

**सावधानी बरतें**

**आईएमडी ने अत्यधिक तापमान के कारण दिल्ली-एनसीआर में अगले 3 दिनों के लिए रेड अलर्ट जारी किया**

# टैटू हटाने के तुरंत बाद न करें फिटनेस टेस्ट: दिल्ली हाईकोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** टैटू हटाने की सर्जरी के बाद अनफिट घोषित किए गए एक सीएपीएफ उम्मीदवार की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने उम्मीदवार की दोबारा मेडिकल जांच करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि रिव्यू मेडिकल बोर्ड को सर्जरी के कुछ दिनों के तुरंत बाद उम्मीदवार की जांच नहीं करनी चाहिए थी और निशान के ठीक होने को सुनिश्चित करने के लिए उसे पर्याप्त समय देना चाहिए था। न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की पीठ ने माना कि विज्ञापन में उम्मीदवारों को पद के लिए आवेदन करने से पहले सभी पात्रता शर्तों को पूरा करना अनिवार्य है। कोर्ट ने मामले में याचिकाकर्ता की स्थिति को अद्वितीय




माना, क्योंकि उसने लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद ही अपनी दाहिनी बांह से टैटू हटाया था।

**फिटनेस टेस्ट से पहले पर्याप्त उपचार का समय दिया जाए:** कोर्ट ने कहा कि सर्जरी के बाद याचिकाकर्ता की बांह पर कोई टैटू मौजूद नहीं था। कोर्ट ने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि टैटू क्लॉज में स्पष्ट रूप से यह नहीं कहा गया है कि टैटू हटाने के परिणामस्वरूप अस्वस्थ या ठीक न हुआ निशान किसी उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर देगा। कोर्ट ने कहा कि उम्मीदवार का फिटनेस निर्धारित करने से पहले उसे पर्याप्त उपचार का समय दिया जाना चाहिए था।

**निर्देश**

**एक सीएपीएफ उम्मीदवार की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने उम्मीदवार की दोबारा मेडिकल जांच करने का निर्देश दिया**

**कोर्ट ने दोबारा जांच का दिया आदेश:** कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता की बांह पर सर्जरी के निशान की वर्तमान स्थिति का पता लगाने के लिए उसकी दोबारा जांच की जरूरत है। अदालत ने आदेश दिया कि प्रतिवादी एक नए मेडिकल बोर्ड के साथ याचिकाकर्ता के बांह की दोबारा जांच करें ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि टैटू हटाने का निशान पूरी तरह से ठीक हो गया है और कोई टैटू अवशेष नहीं बचा है। अदालत ने कहा कि अगर नए मेडिकल बोर्ड का मूल्यांकन याचिकाकर्ता के पक्ष में होता है तो प्रतिवादियों को रिक्ति उपलब्धता के अधीन, सहायक कमांडेंट के पद पर उनकी नियुक्ति पर विचार करना होगा।

**लिखित परीक्षा साफ होने पर हटवाया टैटू:** याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता ने दलील दी कि उनके मुवक्किल ने एक विज्ञापन के बाद केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ,) में सहायक कमांडेंट (ग्रुप ए) के पद के लिए आवेदन किया था।

अपने दाहिने हाथ की बांह से टैटू हटाने के लिए सर्जरी कराने के बाद, उसने लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक पास कर ली था।

# हरियाणा में संपन्न हुए लोकसभा आम चुनाव

## नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षकों ने रविवार को लोकसभा क्षेत्रों के सभी विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न इलेक्शन पेपरों की स्क्रूटनी की

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा में संपन्न हुए लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षकों ने रविवार को लोकसभा क्षेत्रों के सभी विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न इलेक्शन पेपरों की स्क्रूटनी की। सामान्य पर्यवेक्षकों ने एक-एक कर-के सभी विधानसभा क्षेत्रों के एआरओ को बुलाकर 17-ए, पीठासीन अधिकारी की डायरी, विजिट सीट सहित विभिन्न कागजातों की बारिकी से जांच की। सामान्य पर्यवेक्षक आर. गजलक्ष्मी (आईएएस) ने जिला सैनिक बोर्ड के मीटिंग हाल में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न चुनाव पेपर की स्क्रूटनी की। इस मौके पर भिवानी-महेंद्रगढ़ संसदीय क्षेत्र की रिटर्निंग ऑफिसर एवं उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) भी मौजूद रहीं। इसी तरह से हिसार के सामान्य पर्यवेक्षक गोपाल चंद, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया तथा राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों व उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पंचायत भवन में मतदान संबंधी सभी कागजातों की स्क्रूटनी की गई। इस दौरान सभी बूथों की रिपोर्ट का रेंडमली निरीक्षण किया गया, जिसे जांच उपरांत सही पाया गया। इसी प्रकार से रोहतक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य पर्यवेक्षक डॉ. एन प्रभाकर रेड्डी, रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार, झज्जर के जिला निर्वाचन अधिकारी कैप्टन शक्ति सिंह तथा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सभी 9 सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, चुनाव उम्मीदवारों/प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्थानीय महारानी किशोरी जाट कन्या कॉलेज के बहुउद्देशीय हॉल में स्क्रूटनी प्रक्रिया संपन्न हुई। रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि रोहतक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-07 की सभी 9 विधानसभाओं के बूथों से संबंधित पीठासीन



अधिकारी डायरी, फॉर्म-17-ए (मतदाता रजिस्टर) तथा अन्य संबंधित दस्तावेजों की स्क्रूटनी प्रक्रिया पूरी की गई। वहीं करनाल लोकसभा निर्वाचन मतदान के उपरांत जमा किये गये महत्वपूर्ण कागजात व प्रपत्रों की स्क्रूटनी स्थानीय एसडी मॉडल स्कूल में की गई। स्क्रूटनी के दौरान सामान्य पर्यवेक्षक ई रविन्द्र तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर लोकसभा व उप चुनाव विधानसभा करनाल के उम्मीदवार तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इसी प्रकार से अंबाला के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि अंबाला लोकसभा चुनाव का मतदान 25 मई को समाप्त हो गया। सभी ईवीएम को स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया है। अब नतीजे 4 जून को मतगणना के बाद घोषित किए जाएंगे। इस बीच रविवार को

**बैठक**

**स्क्रूटनी का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ शिकायत अथवा आपत्ति दर्ज नहीं करवाई गई**

भारतीय निर्वाचन आयोग के सामान्य ऑब्जर्वर ने अंबाला लोकसभा की चुनावी समीक्षा की और पूरी चुनावी प्रक्रिया को भारतीय निर्वाचन आयोग के मापदंडों पर सही पाया। वहीं सामान्य पर्यवेक्षक देव कृष्णा तिवारी ने सिरसा के लघु सचिवालय के सभागार में सिरसा लोकसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी व सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक लेकर मतदान प्रक्रिया की समीक्षा की। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सामान्य पर्यवेक्षक ने सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से पोलिंग बूथों पर आई शिकायतों, ईवीएम में खराबी के बाद बदली किए गए बूथों के बारे में, पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति के बारे में, मतदान प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की शिकायत आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी ली। इसी तरह से लोकसभा चुनाव के अंतर्गत नियुक्त किए गए फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र के जनरल ऑब्जर्वर एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने स्क्रूटनी करवाई। सभी विधानसभाओं की स्क्रूटनी का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हुआ, जिसमें किसी भी राजनीतिक दल की ओर से किसी भी प्रकार की शिकायत अथवा आपत्ति दर्ज नहीं करवाई गई। जनरल ऑब्जर्वर अक्षय कुमार सेक्टर-14 स्थित डीएवी स्कूल के सभागार में स्थापित मतगणना केंद्र में स्क्रूटनी का कार्य संपन्न हुआ।

# ईवीएम और वीवीपैट के लिए बनाए गए हैं 91 स्ट्रॉन्ग रूम

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा में शनिवार को मतदान होने के बाद ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को सुरक्षित रखने के लिए कुल 91 स्ट्रॉन्ग रूम बनाए गए हैं। इनमें 10 लोकसभा क्षेत्रों के लिए 90 स्ट्रॉन्ग रूम और एक स्ट्रॉन्ग रूम करनाल विधानसभा के लिए बनाया गया है। सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रॉंग रूम के बाहर केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल तैनात रहेंगे और कमरों के अंदर सीसीटीवी कैमरों से पैनी नजर रहेगी। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ही स्ट्रॉंग रूम तैयार किए गए हैं। आयोग के निर्देशानुसार रिटर्निंग अधिकारी 3 बार स्ट्रॉंग रूम को विजिट करेगा। स्ट्रॉंग रूम में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को रखने और कमरे को सील करने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। रूम का केवल एक ही दरवाजा होगा। यदि

**पैनी नजर**

**केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल रहेंगे तैनात, कमरों के अंदर सीसीटीवी कैमरों से रहेगी पैनी नजर**

स्ट्रॉंग रूम में एक से अधिक दरवाजे हैं तो एक दरवाजे को छोड़ कर बाकी सभी दरवाजों और खिड़कियों को सील कर दिया जाएगा। रूम को डबल लॉक किया जाएगा। स्ट्रॉंग रूम का थ्री-टायर सिक्योरिटी सिस्टम होगा। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों या उनके चुनावी एजेंटों के लिए स्ट्रॉंग रूम के बाहर शौचालय, पीने का पानी और शैड की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। स्ट्रॉंग रूम के परिसर तक आने और जाने वालों के लिए लॉग बुक लगाई जाएगी, जिसमें उनकी स्थिति दर्ज की जाएगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं से विस चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान



टीम एक्शन इंडिया

**हिसार:** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव में अपनी जीत का दावा करते हुए पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को शांत होकर न बैठने तथा आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों शुरू कर देने का निर्देश दिया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि विधानसभा चुनाव ज्यादा दूर नहीं है, ऐसे में हमें लोकसभा चुनाव की मतगणना के बाद विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाना है। इस संबंध में भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को लोकसभा चुनाव समिति की बैठक हुई। जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ की अध्यक्षता में हुई बैठक में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, लोकसभा उम्मीदवार रणजीत सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। बैठक में चुनाव में लगे सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए नेताओं ने कहा कि गर्मी के मौसम में दिन-रात मेहनत करके पार्टी के हर पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने हमारी जीत सुनिश्चित की है। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि

**बैठक**

**नेताओं ने किया आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श, डॉ. कमल गुप्ता, रणजीत व आशा ने जताया आभार**

लोकसभा चुनाव में जनता ने उत्साह से भाग लिया वहीं हमारे कार्यकर्ताओं ने पार्टी व लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेवारी निभाते हुए मतदाताओं को वोटिंग के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि वे शांत होकर न बैठें, विधानसभा चुनाव ज्यादा दूर नहीं है। ऐसे में हमें अभी से विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लग जाना है।

उन्होंने कहा कि चुनावी युद्ध में सफलता उसी को मिलती है, जो समय से तैयारियां करके किलेबंदी कर ले। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह ने चुनाव में साथ देने पर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया।

# पंजाब के तेज विकास के लिए आप को सभी तेरह सीटों पर जिताए: केजरीवाल

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने रविवार को पंजाब के फिरोजपुर में व्यापारियों कारोबारियों के साथ के साथ मीटिंग की। केजरीवाल ने व्यापारियों की समस्याएं सुनी और उन्हें समाधान का भरोसा दिया। केजरीवाल के साथ मीटिंग में आप के राष्ट्रीय महासचिव डॉ संदीप पाठक, पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा और फिरोजपुर से आप उम्मीदवार जगदीप सिंह काका बराड़ मौजूद थे। सभा को संबोधित करते हुए अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के आढ़तियों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आपको बिचौलिया कहते हैं। लेकिन हम आपको अपनी अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हैं। हमारे मन में आपके लिए बहुत सम्मान है। उन्होंने कहा कि जिस तरह देश के



विकास के लिए किसान और मजदूर महत्वपूर्ण हैं, उसी तरह व्यापारी, कारोबारी और उद्योगपति भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एक साल पहले मैं पंजाब आया था। उस समय मैंने और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जालंधर, लुधियाना, मोहाली सहित कई शहरों में व्यापारियों के साथ कई घंटे मीटिंग की और उनकी हर समस्या को मैंने खुद नोट किया था। मेरे जाने के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कई बार व्यापार मिलनी की और उसके आधार पर व्यापारियों की समस्या के समाधान के लिए 'वन टाइम सेटलमेंट' स्कीम जैसे कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। केजरीवाल ने कहा कि हमारी सरकार

**वोट की अपील**

**रविवार को पंजाब के फिरोजपुर में व्यापारियों कारोबारियों के साथ के साथ मीटिंग की। केजरीवाल ने व्यापारियों की समस्याएं सुनी**

बनने के पहले पंजाब में इंडस्ट्री की बहुत बुरी हालत थी। 75 सालों से पंजाब की इंडस्ट्री परिवारवाद का शिकार थी। व्यापारी राज्य छोड़कर राजस्थान, मध्यप्रदेश गुजरात जैसे राज्यों में जा रहे थे, लेकिन पिछले दो सालों से इंडस्ट्री के राज्य छोड़कर जाने का सिलसिला खत्म हुआ है और आने का शुरू हुआ है। दो साल में पंजाब में करीब 56000 करोड़ के निवेश हो चुके हैं। टाटा स्टील जैसी प्रतिष्ठित कंपनी ने जमशेदपुर के बाद अपना दूसरा प्लांट यहां लगाया है। ?जर्मनी और नीदरलैंड जैसे देशों की कंपनियां भी अब पंजाब आ रही है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि पिछले दो सालों में पंजाब में कानून व्यवस्था की स्थिति में काफी सुधार हुआ है और भारी मात्रा में इंडस्ट्री का यहां लगना इसे सच साबित करता है। इसके अलावा हमने इंडस्ट्री के लिए सरकारी प्रक्रिया को आसान बनाया और उन्हें सरकारी दफ्तरों के झंझट से मुक्त कराया।उन्होंने कहा कि पंजाब के और तेजी से विकास के लिए मुझे आपके समर्थन की जरूरत है। आपसे विनती है कि हमारे हाथ मजबूत करें। अगर आपने हमें 13 सीटें दे दी तो केंद्र में हमारी ताकत बढ़ेगी। फिर कोई भी पंजाब का फंड नहीं रोक पाएगा और राज्यपाल भी पंजाब का कोई बिल नहीं रोक सकेगा।

# चौधरी चर□सिंह कृषि विवि में शैक्ष□ णिक सत्र के लिए आवेदन आमंत्रित

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की यह प्रक्रिया 10 जून 2024 तक जारी रहेगी। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों में 2+4 वर्षीय बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर में दाखिला दसवीं के बाद एग्रीकल्चर एप्टीट्यूड टेस्ट जबकि चार वर्षीय पाठ्यक्रम जिसमें बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर, बीएफएससी (बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस), बीएससी (आनर्स) कम्युनिटी साइंस व बीएससी (आनर्स) एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट में दाखिले के लिए 12वीं के बाद एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) व बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एलईईटी) में दाखिला हरियाणा राज्य काउंसलिंग सोसायटी द्वारा ज्वाइंट एंट्रेंस टेस्ट (मैन)2024 और एलईईटी 2024 की मेरिट के आधार पर होगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी दाखिला कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। इन पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए उम्मीदवार हरियाणा प्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।

# पुल बनाने की मांग पूरी न करने पर समूचे गांव ने किया मतदान का बहिष्कार

टीम एक्शन इंडिया

**चंडीगढ़:** हरियाणा के यमुनानगर जिले के माजरी टापू गांव के बीच यमुना नदी पर पुल न बनाए जाने को लेकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार कर दिया गया। चुनाव का बहिष्कार होने की खबर मिलने पर मनाने पहुंचे अधिकारियों को तमाम प्रयास के बावजूद खाली हाथ ही लौटना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें जगाधरी आने के लिए या तो नाव का सहारा लेना पड़ता है या फिर 40 किमी यूपी से घूम कर आना पड़ता है। गांव की आबादी 18 सौ के करीब है और 650 वोटर हैं। यमुनानगर विधानसभा का घोडा पिपली व माजरी टापू यमुना नदी के दूसरे छोर पर स्थित है। घोड़ा पिपली में कुछ लोगों ने मतदान कर दिया, जबकि माजरी टापू गांव के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में अंबाला लोकसभा का बूथ नंबर 232 पर मतदान नहीं हुआ। पोलिंग पार्टी दिन भर मतदाताओं का इंतजार करती रही। चार दिन पहले गांव के लोगो ने लघु सचिवालय पर प्रदर्शन कर चेतावनी दी थी कि यमुना नदी पर पुल बनाया जाए। इसके बाद डीसी कैप्टन मनोज कुमार गांव में पहुंचे थे। शुक्रवार की शाम को चुनाव कराने के लिए पोलिंग पार्टी

**विरोध**

**खबर मिलने पर मनाने पहुंचे अधिकारियों को तमाम प्रयास के बावजूद खाली हाथ ही लौटना पड़ा**

माजरी टापू गांव में सुरक्षाबलों के साथ पहुंची थी। रात में ही पोलिंग पार्टी ने अपनी तैयारी पूरी कर ली थी। शनिवार की सुबह मॉक पोल किया गया। सात बजे मतदान शुरू हुआ तो कोई भी मतदान करने के लिए नहीं पहुंचा। एजेंट भी नहीं बने। इसके बाद दोपहर 10 बजे पोलिंग पार्टी ने ग्रामीणों द्वारा चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी अधिकारियों को दी, जिसके बाद डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने डीडीपीओ नरेंद्र कुमार व नायब तहसीलदार अमित सिंह को गांव में भेजा। गांव में पहुंचकर अधिकारियों ने पूर्व सरपंच अशोक कुमार और सरपंच अरुण कुमार की मौजूदगी में ग्रामीणों से बातचीत की। लगभग दो घंटे तक दोनों अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। मगर ग्रामीणों ने अधिकारियों की एक ना सुनी। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक यमुना पर पुल नहीं बन जाता तब तक चुनावों का बहिष्कार जारी रहेगा।

लोकसभा चुनाव के मतदान के चलते ग्रामीण दिन भर अपने कामों में जुटे रहे। ग्रामीण सुबह खेतों में जाकर काम करके आए। मतदान केंद्र की तरफ किसी ने जाकर भी नहीं देखा। मतदान केंद्र पर पुलिस कर्मी तैनात किए गए थे। हालांकि ग्रामीणों ने मतदान कराने के लिए पहुंची पोलिंग पार्टी को भोजन भी कराया। माजरी टापू गांव में पुलिस चौकी भी स्थित है। गांव के लोगो को यदि यमुनानगर-जगाधरी किसी काम से आना पड़ता है तो उन्हें नाव से यमुना पार करनी पड़ती है या फिर यूपी के सहारनपुर जिले के सरसावा ब्लाक के गांव शाहजहांपुर से होते हुए यमुनानगर का पुल पार करके फिर यमुनानगर जिले में आना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यमुना पर पुल बन जाए तो गांव से जगाधरी तक की दूरी 10 किमी बैठती है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गांव में सरकारी स्कूल भी है। उच्च शिक्षा के लिए गांव के बच्चों को यूपी के सहारनपुर जिले के कालेजों व स्कूलों में जाना पड़ता है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम्स में सील की गई ईवीएम

टीम एक्शन इंडिया

**फरीदाबाद:** सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक अक्षय कुमार सिंह और जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह तथा राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम सीयू, बीयू और वीवीपैट को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। रविवार को ईवीएम पर संगीनों का साया रहा। जवान कड़ी सुरक्षा किए रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह और सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक अक्षय कुमार सिंह तथा राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सबसे पहले बडखल विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम सीयू, बीयू और वीवीपीएटी को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह और



सामान्य पर्यवेक्षक अक्षय कुमार सिंह एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम लखानी धर्मशाला में पहुंचे। जहां एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा व अन्य उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम को लॉक कर-के उसे सील किया गया। इसके पश्चात सेक्टर-14 के डीएवी स्कूल के ऑडिटोरियम में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम, वीवीपैट, सीयू और बीयू के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम को जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह, चुनाव पर्यवेक्षक खर्च सतीश एस रेड्डी की मौजूदगी में और उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लॉक

**सुरक्षा**

**स्ट्रांग रूम की लॉकिंग और सीलिंग के दौरान चुनाव पर्यवेक्षक और उम्मीदवारों के प्रतिनिधि रहे मौजूद**

करके सील किया गया। इसी प्रकार सेक्टर- 16 में के गुर्जर भवन में तिगांव विधानसभा क्षेत्र और पंजाबी भवन में पृथला विधानसभा क्षेत्र तथा बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर-2 में श्रीमती सुषमा स्वराज राजकीय महिला महाविद्यालय के हाल में बनाए गए स्ट्रांग रूम में पुलिस और फोर्स की कड़ी सुरक्षा बीच ईवीएम, वीवीपीएटी, सीयू और बीयू के स्ट्रांग रूम को सील किया गया। विधानसभा क्षेत्र वार किए गए स्ट्रांग रूम के सील करने के दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी कम एडीसी आनंद शर्मा, सहायक रिटर्निंग अधिकारी कम सीईओ जिला परिषद सतबीर मान, सहायक रिटर्निंग अधिकारी कम एसडीएम त्रिलोकचंद, सहायक रिटर्निंग अधिकारी कम एसडीएम अमित मान, सहायक रिटर्निंग अधिकारी कम एसडीएम शिखा अंतिम और सहायक रिटर्निंग अधिकारी कम एस्टेट ऑफिसर सिद्धार्थ दहिया व अन्य प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस अधिकारी तथा फोर्स के अधिकारी व उम्मीदवारों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# ब्लाइंड मर्डर: बेटा ही निकला हत्यारा

टीम एक्शन इंडिया

**कैथल:** मां बहन के साथ मारपीट करने और गाली गलोच करने पर बेटे ने ही दोस्त के साथ मिलकर बाप की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बेटे के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। गांव रोहेड़ा में घर में अकेले रहने वाले व्यक्ति के मर्डर की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। 18 मई को घर में ही राजेंद्र का शव मिला था। डीएसपी ललित कुमार ने बताया कि दूध की डेरी का काम करने वाले गांव रोहेड़ा निवासी महिपाल ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह कैथल में रहता है और उसके बड़े भाई राजेंद्र के बच्चे गांव शेरगढ़ में किराए के मकान में रहते हैं। उसका भाई राजेंद्र गांव में अपने मकान में अकेला रहता था।18 मई को वह अपने घर कैथल आया हुआ था। उसे शाम करीब चार बजे सूचना मिली कि राजेंद्र की हत्या हो गई है। इसके बाद वह अपने भतीजे और राजेंद्र के बेटे अभिषेक को साथ लेकर गांव गया। जहां पर मकान के अंदर राजेंद्र का शव खुले आंगन में औंधे मुंह पड़ा था। उसकी कमर, गर्दन पर व सिर पर तेजधार हथियार के 10-12 के गहरे निशान थे और उसके शरीर से काफी खून निकला हुआ था। थाना राजौंद में अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच करते हुएसीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह, थाना राजौंद एसएचओ इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, एसआई मनबीर सिंह तथा साइबर सेल प्रभारी एएसआई सतबीर सिंह की टीम ने पिता की हत्या के आरोप में उसके बेटे अभिषेक और शेरगढ़ निवासी उसके दोस्त अंकित उर्फ साहिल को गिरफ्तार कर लिया।

**गाली गलौच से परेशान होकर की पिता की हत्या:** डीएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान सामने आया कि राजेंद्र अक्सर अभिषेक की मां और बहन के साथ गाली गलौज व मारपीट करता था। जिस कारण अभिषेक उससे रंजिश रखता था। उसके पिता राजेंद्र ने जमीन के ठेके के पैसे भी अभिषेक को देने से मना कर दिया। इस कारण में पिता से रंजिश रखता था। इसी रंजिश में वह 18 मई को अपने दोस्त अंकित उर्फ साहिल के साथ गांव गया और गंडासी से वार कर पिता की हत्या करदी। उसके बाद दोनों फरार हो गए। र

# गुरुग्राम: अब चुनावी नतीजों के समीकरणों पर चर्चा कर रहे प्रत्याशी

## सोशल मीडिया पर कार्यकर्ता हार-जीत के लगा रहे हैं कयास, हर प्रत्याशी अपनी जीत के प्रति आश्वस्त

टीम एक्शन इंडिया

**गुरुग्राम:** करीब एक महीने तक भीषण गर्मी के बीच लोकसभा चुनाव का प्रचार करके जनता तक अपनी बात पहुंचाने वाले नेता और उनके कार्यकर्ता चुनाव होते ही अपने घरों में दुबक गए हैं। चुनाव की थकान उतारने, चुनाव समाप्ति के बाद जनता का अभिवादन सोशल मीडिया के माध्यम से ही किया जा रहा है। चुनाव मैदान में प्रत्याशी अपने परिवार के साथ रहे। हालांकि घरों पर भी चर्चा चुनाव की ही रही। कुछ कार्यकर्ताओं ने इस तरह की जानकारियां सांझा की। चुनाव के बाद सार्वजनिक तौर पर ना तो प्रत्याशी नजर आ रहे हैं और उनके दलों के नेता भी कम नजर आ रहे



हैं। मुख्य दल भाजपा व कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं से चुनाव पर चर्चा हुई। स्वाभाविक है कि दोनों तरफ से ही अपनी-अपनी जीत के दावे किए गए। वोटों का ध्रुवीकरण समेत कई विषयों पर गुणा-भाग करके नेता अपने प्रत्याशी की जीत की बात कह रहे हैं। कोई कह रहा है मुस्लिम वोट बैंक भारी पड़ेगा तो कोई यादव वोट बैंक के सहारे चुनाव रूपी नैया पार लगाने के सपने संजो रहा है। दोनों दलों के नेताओं का कॉन्फिडेंस भी

**चर्चा**

**चुनाव समाप्ति के बाद जनता का अभिवादन सोशल मीडिया के माध्यम से ही किया जा रहा**

गजब का नजर आ रहा है। परिणाम 4 जून को आने हैं। उसी दिन हार-जीत तय होगी। भीषण गर्मी के बीच चुनाव प्रचार करने में जुटीं रहीं भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राज बब्बर की बेटी जूही बब्बर के साहस की भी खूब सराहना हो रही है। राजघराने जैसे माहौल में पली-बढ़ी दोनों प्रत्याशियों की बेटियों ने चुनाव प्रचार में खूब पसीना बहाया है। अपने-अपने पिता की खूबियों को जनता के बीच बेहद ही खूबी के साथ उन्होंने रखा। आरती राव ने अपने पिता राव इंद्रजीत को ईमानदारी और जनता के लिए तन-मन-धन से काम करने वाला नेता बताया। इसी तरह जूही बब्बर ने भी अपने पिता को विकास करने वाले नेता के रूप में परिचित कराया। पूर्व में वे जहां से सांसद रहे, वहां के विकास की चर्चा की। दमदार अभिनेता के साथ साफ छवि के नेता के रूप में जूही बब्बर ने अपने पिता को जनता के बीच गुरुग्राम के लिए जरूरी बताया।

## न्यूज फ्लैश

### मोबिल 1 ने आरपीपीएल के साथ साझेदारी किया

**गुरुग्राम।** रेसिंग प्रमोशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी में मोबिल 1 ने आगामी रेसिंग चैंपियनशिप से पहले एफ4 और इंडियन रेसिंग लीग के कारों का बेंगलुरु रोड शो सफलतापूर्वक संपन्न किया। भारत में मोटरस्पोर्ट संस्कृति का पोषण और प्रचार करने के उद्देश्य से बेंगलुरु की सड़कों को विशेष लुभावने प्रदर्शनों और सटीक ड्राइविंग के एक जीवंत क्षेत्र में बदलते हुए इस कार्यक्रम ने आरपीपीएल के साथ मोबिल 1 की चल रही महत्वपूर्ण साझेदारी को आकर्षक तरीके से चिह्नित किया।




एक्सॉन मोबिल ल्यूब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ विपिन राणा ने कहा "पिछले 50 वर्षों की मोबिल 1 ब्रांड की यात्रा एक्सॉन मोबिल की अपनी सीमाओं को पार करने और दुनिया भर के अग्रणी वाहन निमार्ताओ, पेशेवर रेसर्स, और लाखों ड्राइवरों की विश्वसनीय पसंद बनने की क्षमता का एक प्रमाण है। मोबिल 1-आरपीपीएल शो रन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है; यह मोटरस्पोर्ट्स की भावना का उत्सव है। रोमांच को सीधे शहर की सड़कों पर लाकर हमारा लक्ष्य प्रशंसकों को रेसिंग की दुनिया का एक करीबी और व्यक्तिगत अनुभव प्रदान करना है। यह आयोजन भारत में मोटरस्पोर्ट्स को आगे बढ़ाने में एक प्रमुख खिलाड़ी आरपीपीएल के साथ हमारे चल रहे सहयोग में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, हमारी साझेदारी देश भर में मोटरस्पोर्ट्स के लिए बढ़ते उत्साह और समर्थन में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैह्व । उभरती मोटरस्पोर्ट प्रतिभाओं - आईआरएल 2023 के दो चैंपियनों में से एक - सोहिल शाह, और फॉर्मूला 4 वाइस चैंपियन रिशोन राजीव द्वारा संचालित आईआरएल और फॉर्मूला 4 कारों के गतिशील प्रदर्शन से आगामी रेसिंग चैंपियनशिप सीजन का पूर्वावलोकन करने का मौका बेंगलुरु के दर्शकों को मिला। इन कारों के केटीपीओ कन्वेंशन सेंटर में गरजने से शहर की हलचल भरी पृष्ठभूमि में शक्तिशाली इंजनों और रोमांचक गतिविधियों से आकर्षित हुए विभिन्न पृष्ठभूमि के लोग बड़ी संख्या में एकत्र हो गए।

### एईएसएल के परमेश्वर झा ने करनाल में प्रेरक सत्र का आयोजन किया

**करनाल।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) द्वारा करनाल शाखा के छात्रों और अभिभावकों के लिए एक प्रेरक सत्र आयोजित किया गया था। प्रेरक सत्र में 1000 से अधिक छात्रों और अभिभावकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के वक्ता आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर,नार्थ, श्री परमेश्वर झा थे, जिन्होंने छात्रों को एक उत्साहवर्धक और प्रेरक संदेश दिया। उन्होंने इस बात पर भी चर्चा की कि छात्र को अपनी तैयारी के प्रति कितना प्रतिबद्ध होना चाहिए और कैसे रचनात्मक परिवर्तन किसी को उज्जवल और अधिक सफल बना सकते हैं।इस कार्यक्रम में एम्स, आईआईटी आदि जैसे सबसे प्रतिष्ठित कॉलेजों से मेडिकल और इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने वाले 50 से अधिक आकाशियन पूर्व छात्रों,विद्यार्थियों के अभिभावकों को सम्मानित किया गया।




श्री झा ने छात्रों को एनईईटी और आईआईटी जेईई को क्रैक करने के तरीके के बारे में भी प्रेरित और मार्गदर्शन किया और कैसे उचित मार्गदर्शन, मार्गदर्शन, स्व-अध्ययन और माता-पिता, शिक्षकों और अंततः भगवान के आशीर्वाद से कोई अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने एक महत्वपूर्ण बिंदु पर भी प्रकाश डाला कि टॉपर्स और सफल छात्र दूरदराज के स्थानों और स्थानों से भी आ सकते हैं और बड़े शहरों में जाना जरूरी नहीं है। इस कार्यक्रम ने छात्रों को सकारात्मक दिमाग से प्रेरित होने और मेडिकल/इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपने महत्वाकांक्षी करियर के सपनों को पूरा करने में उनकी तीव्रता में सुधार करने में मदद की। माता-पिता और छात्रों ने अपनी संतुष्टि और खुशी व्यक्त की और उन्हें सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने और इंजीनियरिंग और मेडिकल क्षेत्रों में उनके सपनों को हासिल करने में मदद करने के लिए आकाश इंस्टीट्यूट की टीम और प्रणाली को धन्यवाद दिया।

# सामान्य पर्यवेक्षक की उपस्थिति में दस्तावेजों तथा प्रपत्रों की स्क्रूटनी का कार्य हुआ सम्पन्न

## लोकसभा व उपचुनाव विधानसभा करनाल के उम्मीदवार तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी रहे मौजूद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल लोकसभा** निर्वाचन-2024 के मतदान के उपरांत जमा किये गये महत्वपूर्ण कागजात व प्रपत्रों की स्क्रूटनी रविवार को स्थानीय एसडी मॉडल स्कूल में की गई। स्क्रूटनी के दौरान सामान्य पर्यवेक्षक ई रविन्द्रन तथा जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर लोकसभा व उप चुनाव विधानसभा करनाल के उम्मीदवार तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। इस मौके पर उपायुक्त ने सभी लोकसभा व उप चुनाव विधानसभा करनाल के उम्मीदवारों तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का शांतिपूर्ण मतदान व सहयोग के लिए धन्यवाद किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी को चुनाव के दौरान प्रयोग में लाए जाने वाले फॉर्म 17 ए के तहत विभिन्न प्रपत्रों की स्क्रूटनी की प्रक्रिया बारे जानकारी दी और करनाल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी 9 निर्वाचन क्षेत्रों जिनमें, 19-नीलोखेड़ी, 20-इंद्री, 21-करनाल, 22-घरौंडा, 23-असंध, 24-पानीपत ग्रामीण, 25-पानीपत शहरी, 26-इसराना तथा 27-समालखा शामिल हैं, के प्रपत्रों की स्क्रूटनी की।



इस मौके पर सामान्य से 15 प्रतिशत तक अधिक मतदान वाले व 15 प्रतिशत कम मतदान वाले बूथों, मतदान के समय 25 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं द्वारा वोटर कार्ड के अलावा अन्य पहचान पत्रों के प्रयोग वाले बूथों तथा मोक पोल के समय पोलिंग एजेंटों की कम उपस्थिति वाले बूथों के प्रपत्रों, पोलिंग रजिस्टर , पीओ डायरी तथा मतदान से संबंधित अन्य दस्तावेजों की स्क्रूटनी की गई। मतदान के समय प्रयोग में लाए गए सभी महत्वपूर्ण कागजात व प्रपत्रों को संबंधित एआरओ द्वारा प्रस्तुत किया गया। सामान्य पर्यवेक्षक ई रविन्द्रन ने सभी एआरओ द्वारा प्रस्तुत किये गए प्रपत्रों की गहनता से जांच की। उपायुक्त उत्तम सिंह ने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए इस प्रक्रिया को महत्वपूर्ण बताया और आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना से संबंधित प्रक्रिया के बारे में भी सभी को अवगत करवाया।

## श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में निकाली कलश शोभा यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा( कुलदीप सिंह )**

**स्थानीय गुड़ मंडी में 26 से** 1 जून तक आयोजित होने वाली श्रीमद्भागवत कथा के उपलक्ष्य में रविवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। प्रमुख धार्मिक संस्था "करुणा मई राधा जी की रसोई" के तत्वावधान में इस सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ से पहले निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा में 250 सौभाग्यवती महिलाओं ने हिस्सा लिया। सिद्धपीठ देवी माता मंदिर से बैंड बाजे के साथ शुरू हुई कलश यात्रा रेलवे रोड से होती हुई कथा स्थल गुड मंडी तक पहुंची। कलश शोभा यात्रा में 250 महिलाओं ने भाग लिया शोभा यात्रा बैंड बाजे के साथ कलश शोभा यात्रा गुड मंडी में पहुंची। श्रीमद्भागवत कथा का समय रोजाना शाम 3 बजे से 7 बजे तक रहेगा। कथा वाचक सुनील कृष्ण जी महाराज ब्यास गद्दी से कथा के दौरान अमृत वर्षा करेंगे।

## ट्रैक्टर चालक ने बुलेट सवार को मारी टक्कर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के कुंजपुरा** नलीपार रोड पर एक ट्रैक्टर और बुलेट बाइक की टक्कर हो गई। इस हादसे में बुलेट सवार युवक की मौत हो गई। कुंजपुरा थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव नलीपार निवासी 33 वर्षीय मृतक रिंकू के पिता जयमल ने बताया कि उसका बेटा खेतीबाड़ी करता था। रिंकू की शनिवार शाम करीब साढ़े 5 बजे घर से कुजंपुरा से अपनी बुलट बाइक पर सवार होकर किसी काम से गया था। काम खत्म करके जब वह वापस लौट रहा था तो कुजंपुरा व नलीपार की सडक पर सामने से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे उसके बेटे को काफी गंभीर चोटें लगी। इस हादसे में रिंकू को गुम चोटें लगी थी, जिसके बाद गांव के ही डॉक्टर से उसका इलाज करवाया। लेकिन



रात करीब 10 बजे उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। इसके बाद उसे कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित पिता ने बताया कि ट्रैक्टर को गांव नलवीकलां निवासी विक्रांत चला था। उसी की गलती के कारण यह हादसा हुआ है, क्योंकि आरोपी ने ट्रैक्टर को तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाया, जिसके कारण उसका बेटा आज उनके बीच नहीं है।

## टीम ने किया कुष्ठ रोगी खोज अभियान का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला में चलाए** जा रहे कुष्ठ रोगी खोज अभियान का निरीक्षण डा. अमरजीत रीजनल डायरेक्टर चंडीगढ़ मिनिस्ट्री ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर भारत सरकार तथा राज्य कुष्ठ रोग अधिकारी डा. रीटा कोटवाल की संयुक्त टीम ने किया। सिविल सर्जन डा. कृष्ण कुमार ने जिला करनाल में चल रहे एलसीडीसी के बारे में टीम को अवगत कराया कि अब तक लगभग 1204 टीमों द्वारा करीब 10 लाख की जनसंख्या को जांचा जा चुका है, जिसमें 629 संभावित कुष्ठ रोगी पाए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर भेजा जा रहा है। कुछ संभावित मरीजों को, जिन्हें गहन जांच की आवश्यकता है। स्किन स्लिट स्मियर एवं स्किन बायोप्सी के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज भेजा जा रहा है।




अब तक ब्लॉक घरौंडा से एक कुष्ठ रोगी कंफर्म हुआ है, जिसका उपचार शुरू कर दिया गया है। उप सिविल सर्जन डा.सिम्मी कपूर ने बताया कि जिले में 1204 टीमों के ऊपर 297 सुपरवाइजर इस अभियान में कार्यरत हैं जिनका उद्देश्य घर-घर जाकर आमजन को कुष्ठ रोग के विषय में जागरूक करना व रोग के लक्षणों की जांच करके संभावित कुष्ठ रोगियों की जांच करवाना तथा पुष्टि किए गए मरीजों को उपचार दिलवाना है।

उपरोक्त टीम ने सेक्टर 13 डिस्पेंसरी का दौरा किया, जहां उन्होंने मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर क्रांति से एरिया में चल रहे एलसीडीसी की जानकारी ली। डा. क्रांति ने बताया कि उनके एरिया में 8 टीमों पर 2 सुपरवाइजर कार्यकर्ता हैं। टीम ने टेली शीट, सुपरवाइजर रिपोर्ट, जिला लेवल भेजी जा रही रिपोर्ट, व अन्य राजिस्टर्स को भी जांचा। यूपीएससी पर दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का गहन निरीक्षण किया। यूपीएससी द्वारा जनसामान्य को जागरूक करने के लिए प्रयुक्त तरीके को टीम ने बहुत प्रभावित किया। जांच टीम द्वारा अधिक से अधिक संभावित मरीजों को खोजने के लिए निर्देश दिए। डा. क्रांति ने बताया कि पहले संभावित मरीजों को यूपीएससी पर ही जांचा जाता है और सामान्य त्वचा की बीमारी के लिए वहीं से उपचार किया जाता है। कुष्ठ की संभावना होने पर कमरा नंबर 23, त्वचा रोग विशेषज्ञ, ओपीडी, जिला नागरिक अस्पताल में रेफर किया जाता है। कुष्ठ की पुष्टि होने पर पैरामेडिकल वर्कर वंदना आर्य द्वारा रोगी की उपचार की प्रक्रिया शुरू की जाती है। पड़ोस और कार्यस्थल पर कांटेक्ट की भी जांच की जाती है, क्योंकि कुष्ठ रोग छूने से नहीं फैलता, बल्कि खांसने, छींकने से सांस के द्वारा फैलता है, जो समय पर इलाज करवाने से पूरी तरह ठीक हो जाता है और सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर इसका इलाज मुफ्त है।

## योगीराज बाबा लाल दयाल जी का वार्षिक कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : वशिष्ठ कॉलोनी** स्थित श्री लालद्वारा मंदिर में रविवार को वैष्णवाचार्य, अन्नतविभूषित योगीराज बाबा लाल दयाल जी महाराज का वार्षिक कार्यक्रम हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। सुबह हवन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य यजमान राकेश शर्मा-सिमरन शर्मा व गौरी सहित सभी सदस्यों ने आहुतियां दी। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मंदिर कमेटी के प्रधान केवल कृष्ण पाठक ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर गायक बब्बू चावला एवं अन्य श्रद्धालुओं द्वारा सुनाए गए भजन बुहा खोल दे मंदरां दे पहरेदारा कि असां वी दीदार करना और अज्ज जन्मदिन सतगुरू जी दा, संगता देन वधाईयां, वेख के मुखड़ा सतगुरू जी दा, सबने रौणकां लाईयां..... सुनाकर समां बांधा। इस अवसर पर राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए गुरु महाराज ध्यानपुर धाम (पंजाब) के गद्दीनशीन महंत रामसुंदर दास जी से आशीर्वाद लिया। भक्ति प्रवचनों में महंत राम सुंदरदास ने कहा कि सतगुरू बाबा लाल दयाल जी ऐसे महापुरूष हुए है, जिनका चिंतन और दर्शन विश्व के लिए नवीन मार्ग प्रशस्त करता है। महान विद्वान, परोपकारी व महायोगी लाल दयाल जी का जन्म लाहौर के निकट कसूर प्रांत (अब पाकिस्तान)में सम्वत 1412 में हुआ। कहा जाता है कि वें अपनी भक्ति एवं योग विद्या के बल से 300 वर्ष तक जीवित रहे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन मानवता की भलाई में समर्पित कर दिया। धर्म प्रचार हेतु मात्र 12 वर्ष की अल्पायु में उन्होंने सहारनपुर (उत्तरप्रदेश) में रहकर 100 वर्ष तक कठोर तपस्या की। उनकी ओजस्वी वाणी और उपदेश से प्रभावित होकर हजारों की संख्या में लोग उनके अनुयायी बने। बाबा जी ने धर्म प्रचार के लिए अपने 22 शिष्यों को विभिन्न स्थानों पर गद्दीनशीन किया। जिसमें अफगानिस्तान के शहर काबुल, गजनी, पाकिस्तान के शहर सरगोधा, गुजरांवाला, लाहौर, मुलतान, झंग, सनखेतरा और पेशावर प्रमुख है। भारत के भी कई स्थानों पर इनके अनुयायी बने, जिसमें पंजाब के ध्यानपुर साहिब, रामपुर-दातारपुर और अमृतसर में 3 सक्रिय गद्दियां स्थापित हैं। प्रवचनों के बाद मुख्य यजमान इन्द्रजीत शर्मा-विमल शर्मा परिवार द्वारा विशाल भंडारे की सेवा दी गई,जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रधान केवल कृष्ण पाठक, उप प्रधान अशोक भारद्वाज, सचिव वेद आनंद, कैशियर कुलदीप भास्कर, जगदीश भास्कर, ओम प्रकाश लालका,राकेश शर्मा,गुलशन भाम्बा,सतीश गुलाटी, शिवकुमार शर्मा,आर.के. गुलाटी,श्याम जुनेजा,कृष्ण लाल अरोड़ा,राकेश सूरी,सुनील छाबड़ा,वीरेंद्र गुलाटी,सतीश जुनेजा,श्याम कामरा,



गौरव जुनेजा, दीपक बठला गगन जुनेजा,अरुण गुलाटी, तेजपाल, विपुल तिवारी और राधे श्याम सहित बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं।

## कांग्रेस के कुछ नेताओं ने बीजेपी को वोट देने को कहा: तरलोचन सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सीएम नायब** सैनी के खिलाफ करनाल विधानसभा सीट से उपचुनाव लड? वाले कांग्रेस उम्मीदवार तरलोचन सिंह ने कांग्रेस में खलबली मचा दी है। मतदान के अगले ही दिन तरलोचन सिंह ने समर्थकों का धन्यवाद करते हुए कुछ नेताओं के पीठ में छूरा घोंपने की बात कही है। उन्होंने यहां तक कहा कि इसके बारे में वह सभी नेताओं के नाम हाईकमान को लिखकर भेजेंगे। अगर कार्रवाई नहीं की गई तो फिर वे हाईकमान के दफ्तर के आगे धरने पर बैठ जाएंगे। बता दें कि तरलोचन सिंह पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा के करीबी हैं। कांग्रेस की तरफ से उनकी टिकट अनाउंस होने से पहले ही हुड्डा ने उनका नामांकन तक भरवा दिया था। तरलोचन सिंह ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस में कुछ नेता ऐसे भर्ती हो रखे हैं, जिन्होंने समर्थन में वोट मांगने की बजाय कांग्रेस के खिलाफ वोट करने के लिए कहा। इसके लिए फोन भी किया गया। वहां उन्हें कहा गया कि बीजेपी को वोट दे देना। ऐसे में वे कांग्रेस के वफादार कैसे हो सकते हैं। हालांकि तरलोचन सिंह ने उन कांग्रेसियों के नामों का खुलासा करने से मना कर दिया, लेकिन इतना जरूर कहा है कि मैं नामों का भी खुलासा कर दूंगा, जब समय आएगा।

## 17वें जन्मदिन पर एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , कमाल हुसैन**

**हरियाणा** के पानीपत में अपने 17वें जन्मदिन पर एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरी, अपनी छोटी बहन और सहेलियों के साथ बर्थडे पार्टी करने के लिए एक होटल में गई थी। दोपहर बाद वहां से वापस लौटते वक्त रास्ते में उसने छोटी बहन को छोड़ दिया। इसके बाद वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। जिसके बाद उसे उसकी तलाश की जा रही है। पिता ने पुलिस को शिकायत देकर अज्ञात पर अपहरण करने का शक जताया है। पुलिस ने केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुराना औद्योगिक थाना पुलिस किशोरी की तलाश में जुटी हुई है। पुराना औद्योगिक थाना पुलिस को दी शिकायत में एक पिता ने बताया कि वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। हाल में वह पिछले करीब 25 साल से पानीपत की गंगाराम कॉलोनी में परिवार सहित रहता है। वह पांच बच्चों का पिता है। जिसमें 2 बेटे और 3 बेटियां है। उसकी सबसे बड़ी बेटी 17 साल की है। 25 मई को उसका 17वां जन्मदिन था। जिस पर वह अपनी सहेलियों और छोटी बहन के साथ 8 मरला चौक स्थित एक होटल में पार्टी करने गई थी।

वहां से दोपहर बाद छोटी बेटी लौट आई। लेकिन, बड़ी बेटी नहीं लौटी। जिसके बारे में छोटी से पूछा, तो उसने कहा दीदी उसे रास्ते में छोड़कर कही चली गई। इसके बाद से परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन उसका कही कोई भेद नहीं लगा है। पिता ने बेटी के किसी पर अपहरण किए जाने का शक जताया है।

## शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कर सकते है आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : चौधरी चरण** सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में विभिन्न स्नातक व स्नातकोत्तर कार्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की यह प्रक्रिया 10 जून 2024 तक जारी रहेगी। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि स्नातक पाठ्यक्रमों में 2+4 वर्षीय बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर में दाखिला दसवीं के बाद एग्रीकल्चर एप्टीट्यूड टेस्ट जबकि चार वर्षीय पाठ्यक्रम




जिसमें बीएससी (ऑनर्स) एग्रीकल्चर, बीएफएससी (बैचलर ऑफ फिशरीज साइंस), बीएससी (आनर्स) कम्युनिटी साइंस व बीएससी (आनर्स) एग्रीबिजनेस मैनेजमेंट में दाखिले के लिए 12वीं के बाद एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा। बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) व बी.टेक (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग एलईईटी) में दाखिला हरियाणा राज्य काउंसलिंग सोसायटी द्वारा ज्वाइंट एंट्रेंस टेस्ट(मैन)2024 और एलईईटी 2024 की मेरिट के आधार पर होगा।उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में भी दाखिला कॉमन एंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा।

इन पाठ्यक्रमों में आवेदन के लिए उम्मीदवार हरियाणा प्रदेश का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन फॉर्म एवं प्रोस्पेक्टस विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## पाइट में अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस, 98 रिसर्च पेपर से बदलती दुनिया का आइना दिखाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**

**क्वांटम कंप्यूटिंग** से अंतरिक्ष के बेहद सारे रहस्य खुलने जा रहे हैं। एआइ का दौर तो अभी शुरू हुआ है। कंप्यूटर के क्षेत्र में क्रांति अभी आनी बाकी है। मशीन लर्निंग से सपनों की दुनिया को पंख लग जाएंगे। इस दौर में भारत तरक्की की राह पर और तेजी से बढ़ सकता है। यह सब शोध पेपर के माध्यम से बताया गया। दरअसल, यहां पाइट कॉलेज में कंप्यूटेशनल इंटेलीजेंस एवं कम्प्यूटिंग एप्लीकेशंस पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस हुई। कॉन्फ्रेंस में तकनीकी सहयोगी बना इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियर्स दिल्ली और एकेडमिक सहयोग एआइसीटीई ने किया। गूगल कंपनी से जुड़े मशीन लर्निंग इंजीनियर




डॉ.अभिनाश मोहंती ने कहा कि तकनीकी रूप से देखें तो समय बेहद तेज गति से दौड़ रहा है। कुछ ही वर्षों में संभव है कि मशीनें इंसान के जीवन का ऐसा अंग हो जाएंगी, जिनके बिना दुनिया की कल्पना संभव नहीं होगी। मशीन लर्निंग एक ऐसा रास्ता है, जहां सफलता की अपार संभावनाएं हैं। मुख्य अतिथि एआइसीटी के निदेशक डॉ.सुनील लूथरा ने कंप्यूटर इंटेलीजेंस पर बारीकी समझाया कि कंप्यूटर के माध्यम से अभी और क्या-क्या क्रांति आने जा रही हैं। विशेष अतिथि इलेक्ट्रोनिक्स एवं इन्फोरमेशन मंत्रालय से विज्ञानी सुरजीत सिंह ने क्वांटम क्यूनिकेशन के बारे में समझाया। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नई योजनाओं से शिक्षक व स्टूडेंट्स लाभ उठा सकते हैं। रिसर्च कर सकते हैं। कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन आइआइटी दिल्ली से डॉ.भीम सिंह मुख्य अतिथि रहे। आइजीडीटीयू से डॉ.नोनिता, टोक्यो के शिबोरा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नॉलोजी से डॉ.चिंथका प्रेमचंद्रा, , डॉ.जेएस ढिल्लो, थापर यूनिवर्सिटी से डीन डॉ.नीरज कुमार, एवं वरिष्ठ प्रोफेसर वीपी सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, वाइस चेयरमैन राकेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.जेएस सैनी, डीन डॉ.बीबी शर्मा, सीएसइ के एचओडी एवं कॉन्फ्रेंस चेयर डॉ.एससी गुप्ता, रिसर्च एवं डेवलपमेंट विभाग की अध्यक्ष एवं कान्फ्रेंस कोचेयर डॉ.अंजू गांधी ने भी विचार व्यक्त किए। कान्फ्रेंस के लिए देश-विदेश से पेपर प्रस्तुत हुए, जिनमें से 98 का चयन किया गया। डॉ.स्तुति महला, डॉ.उपासना लखीना, डॉ.मनोज अरोड़ा, डॉ.कविता, डॉ.आकांक्षा महाजन, डॉ.अंजनी गुप्ता, डॉ.ममता हुड्डा, श्वेता जैन, रिशित अग्रवाल भी मौजूद रहे।

## अखंड अग्नि तपस्या में चौथे दिन दर्शनों के लिए पहुंचे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : गीता की** जन्मस्थली एवं तीर्थों की संगम स्थली कुरुक्षेत्र के जग ज्योति दरबार में चल रही महंत राजेंद्र पुरी की अखंड पंच धूणी अग्नि तपस्या के चौथे दिन रविवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जग ज्योति दरबार में श्रद्धालुओं ने दर्शन करने के साथ पूजा अर्चना की। रविवार को तापमान जहां 44 डिग्री के पार रहा वहीं गर्म हवाएं एवं लू भी चलती रही। ऐसे मौसम में महंत राजेंद्र पुरी देश की समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना से कठोर तप एवं भीषण गर्मी में अखंड अग्नि तपस्या कर रहे हैं। करीब दो दशक से प्रतिवर्ष



भीषण गर्मी में अग्नि तपस्या कर रहे महंत राजेंद्र पुरी ने सनातन धर्म की जय घोष करते हुए कहा कि उनकी तपस्या मकसद केवल राष्ट्र भक्ति, जनकल्याण एवं देश-प्रदेश में खुशहाली की कामना करना है। उन्हें इस भीषण गर्मी में भी अखंड पंच धूणी अग्नि तपस्या के बीच श्रद्धालु की आस्था एवं भगवान की कृपा से शीतल हवाओं का आभास होता है। इस अवसर पर महंत राजेंद्र पुरी ने महामृत्युंजय मंत्र एवं गायत्री मंत्र जप के साथ भगवान श्री राम नाम का संकीर्तन भी किया। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि पंच धूणी अग्नि तपस्या से श्रद्धालुओं में भी भारी उत्साह है और दूर दूर से भक्त गण पहुंच रहे हैं। जग ज्योति दरबार में अखंड भंडारा भी चल रहा है। इस मौके पर नसीब सिंह, अजय राठी, जगदीश, बलविंदर, राज कुमार शर्मा, मनप्रीत सिंह, कुलदीप एवं मोहन लाल भी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# तपती गर्मी में मुफीद है मटके का पानी

**आधुनिक** चकाचौंध में टेक्नोलॉजी से लबरेज युग में देसी मटकों का क्रेज आज भी बरकरार है। दूषित पानी के इस्तेताल से बढ़ते मरीजों को जबसे चिकित्सकों ने मटके का पानी पीने की सलाह दी है, लोगों का रुझान अनायास घड़ों की ओर दौड़ा है। मिट्टी का ये आइटम न सिर्फ मन को भाता है, बल्कि चिलचिलाती गर्मी में सूखे गलों को भी तरबतर कर देता है। घड़े का पानी पीने में तरावट आती है। गले में अलौकिक ठंड़क पड़ती है, क्योंकि घड़े के पानी में मिट्टी की सोंधी-सोंधी सुगंध जो आती है। घड़े का पानी जमीन से तुरंत निकले ताजे पानी जैसा अहसास करवाता है। गर्मियों में जब घड़ों की डिमांड बढ़ती है तो कुम्हारों का व्यवसाय भी खूब फलने-फूलने लगता है। इस सीजन में उनकी आमदनी में अचानक से उछाल आता है। इस समय मटकों की कीमत दो सौ से लेकर हजार रुपए तक पहुंची हुई है। मटको की बढ़ती डिमांड को देखकर अब ऑनलाइन सेल्स कंपनियां भी कूद पड़ी हैं। वो कुम्हारों को ऑर्डर देकर मटके बनवाते हैं, फिर उच्च दामों में ऑनलाइन बेचती हैं। मटके का पानी ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है, शरीर का बैड कोलेस्ट्रॉल कम करता है और ब्लड सर्कुलेशन नियंत्रित रखने में मदद करता है। मई-जून में गर्मी का सितम जब नॉनस्टॉप होता है तो लोगों को देसी मटके की याद अचानक से आनी शुरू हो जाती है। आधुनिक युग में शायद ही कोई घर ऐसा हो, जिनके यहां फ्रिज न हो। बावजूद इसके देसी मटको का क्रेज अपने जगह बरकरार है। एक प्रचलित कहावत है कि ह्यसोने की खोज में, हीरे को भूल गए। कुछ ऐसा ही हुआ, जब जमाने ने बदलाव के लिए करवट ली, तो जनमानस ने देसी परंपराओं के साथ प्राचीन धरोहर कही जाने वाली वस्तुओं से भी तौबा कर लिया। पर, वक्त का पहिया फिर बदला है। इसलिए लोग पुराने जमाने की ओर फिर से मुड़ने लगे हैं। मई आधी से ज्यादा बीत चुकी है, पिछले सप्ताह से समूचे हिंदुस्तान में चिलचिलाती गर्मी ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। फ्रिज का पानी आनंद नहीं दे रहा, इसलिए लोग मटको को पसंद कर रहे हैं। मटकों का पानी आज भी फ्रिज के मुकाबले ठंडा और स्वादिष्ट लगता है। चंगे शरीर के लिए ताजा पानी लाभदायक होता है। इसलिए, देसी घड़े का पानी न सिर्फ स्वास्थ्य के लिए बल्कि हजामा दुरुस्त के लिए भी गुणकारी होता है। चिकित्सीय सर्वेक्षण बताते हैं कि सर्दियों के मुकाबले गर्मियों में मटके का ठंडा पानी शरीर के लिए बहुत उपयोगी होता है। क्योंकि मटके की दीवारें से पानी धीरे-धीरे रिसता है और बर्तन की सतह से वाष्पित होता है। इसका भीतरी वातावरण वाष्पीकरण ऊष्मा ठंड़क का उतार्जन करता है जिससे अंदर जमा पानी चंद मिनटों में ठंडा हो जाता है। दरअसल, वाष्पीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पानी की तरलता से गैसीय अवस्था में बदलती है। जब पानी वाष्पित होता है, तो यह अपने आसपास की गर्मी को अवशोषित कर लेता है। बढ़ता तापमान मटके में मौजूद पानी को गर्मी से बचाता है। मटका मिट्टी से निर्मित होता है जिसमें सूक्ष्म छिद्र होते हैं, जो पानी को वाष्पित होने में मदद करते हैं। घड़े की मिट्टी पानी को इन्सुलेटर करती है जिसके इस्तेमाल से शरीर हाइड्रेट रहता है और पाचन प्रक्रिया हमेशा दुरुस्त रहती है।

# लापरवाहीः आग में खाक होती जिंदगी

अरविंद

"आंध्रप्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड यानी गेल की गैस पाइपलाइन में लगी आग से हुए विस्फोट में तकरीबन डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों की जान गई। यही नहीं एशिया के सबसे बड़े आयुध भंडारों में शुमार महाराष्ट्र के पुलगांव स्थित आयुध भंडार में भी आग लगी थी जिसमें दो सैन्य अधिकारियों समेत 18 लोगों की दर्दनाक मौत हुई। गौर करें तो सन 2000 से 2018 के बीच आधा दर्जन से अधिक आयुध भंडार आग की लपटों की भेंट चढ़ चुके हैं। इसमें हजारों करोड़ रुपए की सैन्य संपति नष्ट हुई है। गत वर्ष पहले तमिलनाडु के शिवकाशी के मुदालीपट्टी में पटाखे की एक फैक्टरी में आग लगने से 54 लोगों की मौत हुई। 6 अगस्त, 2001 को तमिलनाडु के इरावदी जिले में स्थित एक निजी संरक्षण गृह में आग लगने से मानसिक रुप से कमजोर 28 लोग जलकर मर गए"

**गुजरात** राज्य के राजकोट शहर में टीआरपी गेम जोन में लगी आग में तकरीबन ढ़ाई दर्जन लोगों की जलकर मौत दिल को दहला देने वाली मर्मांतक घटना है। बताया जा रहा है कि टीआरपी गेम जोन नाम की इस जगह पर जनरेटर चलाने के लिए हजारों लीटर पेट्रोल-डीजल रखा हुआ था और फाइबर डोम से निकली लपटों ने कईयों की जिंदगी लील ली। आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि गेम जोन का पूरा ढांचा ही जल कर खाक हो गया। राजकोट के डिप्टी म्यूनिसिपल कमिश्नर की मानें तो टीआरपी गेम जोन ने फायर नो ऑब्जेशन सर्टिफिकेट के लिए अप्लाई नहीं किया था। न ही उसने नगर निगम से किसी अन्य तरह की मंजूरी के लिए आवेदन किया था। सवाल लाजिमी है कि फिर टीआरपी गेम जोन का संचालन किसकी अनुमति से हो रहा था? क्या स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत थी? इससे इंकार नहीं किया जा सकता। यह पर्याप्त नहीं कि सरकार एक्शन में है और जांच के लिए एसआईटी का गठन कर दी है। यह भी पर्याप्त नहीं कि सरकार की तरफ से मृतकों के लिए मुआवजे का एलान कर अपने कर्तव्यों का इतिश्री समझ ली गई। सच तो यह है कि अगर समय रहते बिना फायर नो ऑब्जेशन सर्टिफिकेट के चल रहे टीआरपी गेम जोन के खिलाफ सख्त कार्रवाई हुई होती तो लोगों की जिंदगी खाक नहीं होती। सवाल लाजिमी है कि क्या इस हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलााफ सख्त कार्रवाई होगी? इस बात की क्या गारंटी है कि अब इस तरह की ह्रदयविदारक घटनाएं नहीं होगी? अकसर देखा जाता है कि जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं राज्य प्रशासन हरकत में आ जाता है। लेकिन कुछ दिनों बाद ही इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति होने लगती है। इसका सीधा तात्पर्य यह हुआ कि गैर-कानूनी ढंग से काम करने वाले लोगों के मन में कानून और सजा का भय नहीं हैं। गौर करें तो इस समय देश के कई हिस्सों में आए दिन आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इन घटनाओं में एक बात समान रुप से देखने को मिल रही है कि कहीं भी आग से बचाव के पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। याद होगा गत वर्ष पहले गुजरात राज्य के सूरत की तक्षशिला कॉम्पलेक्स में भीषण आग लगी थी जिसमें 23 लोगों की मौत हुई। वहां भी आग बुझाने का समुचित इंतजाम नहीं था। राजकोट के टीआरपी गेम



जोन अग्निकांड में कई बच्चों की जान गई है। गर्मी की छुट्टी के कारण बच्चे वहां खेलने गए थे। लेकिन उनकी जिंदगी आग की लपटों की भेंट चढ़ गई। याद होगा दिसंबर 1995 में हरियाणा के मंडी डबवाली में स्कूल के एक कार्यक्रम के दौरान पंडाल में आग लगने से तकरीबन 442 बच्चों की मौत हुई। वहां भी आग बुझाने का पुख्ता इंतजाम नहीं था। इसी तरह 6 जुलाई, 2004 को तमिलनाडु के कुंभकोणम जिले में लगी आग से 91 स्कूली बच्चों ने दम तोड़ा। सच तो यह है कि आग की लपटों से अब कोई भी स्थान सुरक्षित नहीं हो चाहे वह इमारत, अस्पताल, स्कूल, सिनेमाहाल हो अथवा सार्वजनिक स्थान ही क्यों न हो। कहीं भी आग से निपटने के समुचित बंदोबस्त नहीं है। अभी गत वर्ष ही देश की राजधानी दिल्ली के मुंडका इलाके में निर्मित तीन मंजिला व्यवसायिक इमारत में लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत हुई। 2019 में रानी झांसी रोड पर अनाज मंडी में लगी भीषण आग में 43 लोगों की जान गई। बाहरी दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर पांच में एक इमारत में अवैध रुप से चल रही पटाखे की फैक्टरी में भीषण आग में तकरीबन 17 लोगों की जान गई। याद होगा दिल्ली में ही किन्नरों के महासम्मेलन के दौरान पंडाल में लगी आग से 16 किन्नरों की जान जा चुकी है। 31 मई 1999 को दिल्ली के ही लालकुंआ स्थित हमदर्द दवाखाना में केमिकल से लगी आग में 16 लोगों को जान गई। याद होगा 13 जून 1997 को दिल्ली के उपहार सिनेमा हॉल में आग लगने से 59 लोगों की मौत हुई। मध्य मुंबई के लोअर परेल इलाके में निर्मित दो रेस्टोरेंट कम पब में अचानक भड़की आग में 14 लोगों की जान गई। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज (केजीएमयू) के ट्रामा सेंटर में शार्ट सर्किट से लगी आग में छः मरीजों की दर्दनाक मौत हुई। यूपी के कानपुर में लिकेज सिलेंडर से आग लगने से पांच लोगों की जान गई।

गत वर्ष पहले केरल के कोल्लम में पुत्तिंगल देवी मंदिर में आतिशबाजी से लगी आग में एक सैकड़ा से अधिक लोगों की जान गई। गत वर्ष पहले उज्जैन जिले के बड़नगर में पटाखे की फैक्टरी में भीषण आग में डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों की मौत हुई। आंध्रप्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में भारतीय गैस प्राधिकरण लिमिटेड यानी गेल की गैस पाइपलाइन में लगी आग से हुए विस्फोट में तकरीबन डेढ़ दर्जन से अधिक लोगों की जान गई। यही नहीं एशिया के सबसे बड़े आयुध भंडारों में शुमार महाराष्ट्र के पुलगांव स्थित आयुध भंडार में भी आग लगी थी जिसमें दो सैन्य अधिकारियों समेत 18 लोगों की दर्दनाक मौत हुई। गौर करें तो सन 2000 से 2018 के बीच आधा दर्जन से अधिक आयुध भंडार आग की लपटों की भेंट चढ़ चुके हैं। इसमें हजारों करोड़ रुपए की सैन्य संपत्ति नष्ट हुई है। गत वर्ष पहले तमिलनाडु के शिवकाशी के मुदालीपट्टी में पटाखे की एक फैक्टरी में आग लगने से 54 लोगों की मौत हुई। 6 अगस्त, 2001 को तमिलनाडु के इरावदी जिले में स्थित एक निजी संरक्षण गृह में आग लगने से मानसिक रुप से कमजोर 28 लोग जलकर मर गए। तमिलनाडु के ही श्रीरंगम विवाह समारोह में आग लगने से 50 लोग काल-कवलित हुए। 7 दिसंबर 2004 को दिल्ली के भोलानाथ नगर में होजरी फैक्ट्री में आग लगने से एक दर्जन लोग मारे गए। 15 सितंबर, 2005 को बिहार में अवैध रुप से संचालित पटाखा फैक्ट्री में आग लगने से 35 लोग जलकर खाक हुए। 10 अप्रैल, 2006 को मेरठ के विक्टोरिया पार्क में लगे मेले में भीषण आग में 60 लोगों की जलकर मौत हुई। 23 मार्च, 2010 को कोलकाता के स्टीफन कोर्ट बिल्डिंग में लगी आग में 46 लोग और 20 नवंबर 2011 को दिल्ली के नंदनगरी में आयोजित एक समारोह में 14 लोग मारे गए। 27 जुलाई, 2005 को मुंबई के पास बांबे हाई में ओएनजीसी प्लेटफार्म पर भयंकर आग में 12 लोगों को जान गंवानी पड़ी। इसी तरह जून 2012 में महाराष्ट्र सरकार का मंत्रालय अग्नि की भेंट चढ़ गया। गत वर्ष पहले कोलकाता के नामी-गिरामी निजी अस्पताल एडवांस मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट में लगी आग में 90 लोगों की जान गई। इस ह्रदय विदारक घटना के बाद केंद्र व राज्य सरकारों ने आपदा प्रबंधन को चुस्त-दुरुस्त करने का वादा किया। सभी स्कूलों और कोचिंग संस्थानों को फरमान जारी किया गया कि वे अपने यहां अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था सुनिश्चत करें।

दिखावे के तौर पर स्कूलों और कोचिंग संस्थानों ने उपकरणों की व्यवस्था तो कर ली लेकिन यह सिर्फ हाथी दांत ही साबित हो रहा है। नतीजतन आग की घटनाओं में कमी के बजाए लगातार वृद्धि हो रही है। गौर करें तो आग लगने के दो प्रमुख कारण हैं-एक, जिन स्थानों पर अग्निशमन यंत्रों की व्यवस्था की गयी है वहां उसका इस्तेमाल कैसे हो उसकी जानकारी कर्मियों को नहीं है।

या यों कहें कि उन्हें समुचित टेजनिंग नहीं दी गयी है। दूसरा कारण सरकारी तंत्र के भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा पैसे लेकर अवैध तरीके से निर्मित इमारतों को एनओसी जारी कर दिया जा रहा है। नतीजा सामने है। जब भी इस तरह के हादसे होते हैं कहा जाता है कि तंत्र और सरकारें सबक लेंगी। आपदा प्रबंधन को चुस्त-दुरुस्त किया जाएगा। लेकिन फिर वहीं ढाक के तीन पात। शायद सरकारें अग्निजनित हादसों को आपदा मानने को तैयार ही नहीं है।

## कविता

### आत्म बल का साथ

आत्म बल का साथ मिले तो हल होते असंभव काम।
तिनके का भी एक सहारा हल करते असंभव काम।।

ऋषियों की ये प्राचीन परम्परा पर्न कूटी से होता शुरू।
पर्न बिछौना पर्न हीं तकिया और पर्न आसन का बनता रूप।।

पर्न कूटी वो पंच वटी का नारायण को देते छांव।
जानकी के चूल्हे में फिर खड़ पतवार बन जलते आव।।

एक तृण सहायक सीता का जो लंकापति पर था भारी ।
आत्म बल के उस गाथा को सम्पूर्ण जग गा रहा सारी ।।

खर भारी उस अमोग खड्ग से जो बंधा हुआ मयार्दा के साथ।
काल जई पर भारी पड़ा जब तक रहा मिथिलेश कुमारी के साथ।।

पर्न सहायक पांडू पुत्रों के बारह वर्ष वनवास का साथ।
चक्रवर्ती सम्राट युधिष्ठिर पर्न सहायक अनुजों के साथ।।

राणा के कर्मों का द्योतक दुर्वा का वो हरा रंग।
घास ही खाना घास बिछौना राणा में भरता वो रंग।।

जब मन में हो राष्ट्र भक्ति फिर फिकर कहां उस लाल को।
चाहे तृण का साथ मिला हो पर अर्पण अपने प्राण को।।

कमलेश झा

## अब "रेवड़ी आवंटन ' में भी प्रतिस्पर्धा ?

तनवीर जाफरी

**भारतीय** जनता पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि 2019 के लोकसभा चुनावों में उसे समर्थन देने वाला एक बड़ा वर्ग उन 'लोगों का भी था जिन्हें केंद्र सरकार ने 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत 'मुफ़्त राशन बांटना शुरू किया था। भाजपा ने गरीब मतदाताओं के इस नये वर्ग को 'लाभार्थी वर्ग' के नाम से सम्बोधित किया था। इस योजना में पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी की फोटो छपे मजबूत थैलों में राशन बांटा गया था। देश में तमाम जगहों पर ढोल बजे व तमाशे के साथ इस योजना के तहत राशन बांटकर देश के गरीबों की गरीबी का न केवल मजाक उड़ाया जाता था बल्कि इसके बदले में उन गरीबों से वोट की उम्मीद भी रखी जाती थी। चुनावों के दौरान कई सत्ताधारी दबंग नेताओं को यह कहते भी सुना गया कि 'खायेंगे मोदी का तो वोट भी मोदी को ही देना होगा'। गोया सरकारी मुफ़्त राशन के बदले में वोट पर अधिकार जताने का दावा ? ऐसे ही एक 'राशन वितरण समारोह में मुझे भी मेरे एक परिचित राशन डिपो होल्डर ने गरीबों को राशन बांटने के लिये 'मुख्य अतिथि ' के रूप में आमंत्रित किया था। मैंने न केवल जाने से इंकार किया बल्कि उसे ''प्रवचन ' भी दे डाला कि वह अपनी दुकान के लाइसेंस के चक्कर में गरीबों की गरीबी का मजाक उड़ाने वालों की पंक्ति में न खड़ा हो तो बेहतर है। परन्तु वह तो एक सुनियोजित सरकारी प्रोपेगंडा मशीनरी का हिस्सा था लिहाजा मैं नहीं गया तो उसे राशन बांटने के लिये कोई दूसरा मिल गया। बहरहाल, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना अप्रैल 2020 से प्रारंभ की गयी थी। इसका उद्देश्य देश में कोविड-19 के अचानक फैलने से हुए आर्थिक व्यवधानों के कारण गरीबों और जरूरतमंदों को होने वाली कठिनाइयों को दूर करना बताया गया था। जिस समय यह योजना शुरू की गयी थी तभी से यह विपक्षी दलों के निशाने पर थी। परन्तु जैसे जैसे सरकार को जनता की ओर से इसका सकारात्मक फीडबैक मिलता गया,सरकार इस मुफ़्त राशन योजना को आगे बढ़ाती गयी। परन्तु जब किसी राज्य में विपक्षी दाल की सरकार राज्य के नागरिकों को मुफ़्त बिजली,मुफ़्त स्वास्थ्य,मुफ़्त शिक्षा,कर्ज मुआफी या बेरोजगारी भत्ता आदि देने की बात करती तो उसे स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मुफ़्त की रेवड़ी ' बांटने का नाम देते। जबकि केंद्र सरकार बड़े गर्व के साथ गरीबों के वोट बैंक की लालच में छाती ठोककर दावा करती कि केंद्र की मोदी सरकार देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त राशन दे रही है। परन्तु जब इसी दावे के साथ यही सरकार यह दावे भी करती कि हमने करोड़ों लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला,यही सरकार जब देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दावे करती,देश में प्रगति व खुशहाली की बातें करती तब यही विपक्ष केंद्र सरकार के उन्हीं दावों को शस्त्र के रूप में इस्तेमाल करते हुये यह पूछता कि जिस देश में 80 करोड़ लोग राशन खरीदने की स्थित में नहीं हैं उस देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दावे में भला कैसी सच्चाई ?

## विचार

# चुनाव के अंतिम चरण में मुजरा करती राजनीति

राकेश अचल

**लोकसभा चुना**व के लिए मतदान का अंतिम चरण १ जून को समाप्त होगा,इससे पहले राजनीति में मुजरा बाकी रह गया था ,लेकिन पाटिलीपुत्र में माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी वो भी करा ही दिया। मोदी जी के ' मुजरा ' उल्लेख के बाद समूचा विपक्ष ' मुजरा ' करता नजर आ रहा है। मुझे लगता है की मोदी जी ने जिस तरिके से मुजरा शब्द का इस्तेमाल किया है उसे लेकर बिदकने की जरूरत नहीं है ,क्योनी मोदी जी खुद मुजरा का वास्तविक अर्थ शायद नहीं जानते । उन्होंने मुजरा का इस्तेमाल तंज के रूप में किया है।

प्रधानमंत्री ने पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र में एक रैली में कहा कि- ह्यबिहार वह भूमि है जिसने सामाजिक न्याय की लड़ाई को एक नई दिशा दी है. मैं इसकी धरती पर यह घोषणा करना चाहता हूं कि मैं एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकारों को लूटने और उन्हें मुसलमानों को देने की ह्यइंडिया' गठबंधन की योजनाओं को विफल कर दूंगा. वे गुलाम बने रह सकते हैं और अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए 'मुजरा' कर सकते हैं.''जाहिर है की मोदी जी को मुजरा करना या तो आता नहीं है या फिर वे इसे रोज करते हैं लेकिन जानते नहीं हैं।

मेरी दृष्टि में मुजरा कोई असंसदीय शब्द नहीं है ,लेकिन इसमें सामानवाद की बू जरूर आती ह।

चूंकि मुजरा प्रथा मुगलकालीन है और बाद में सभी जातियों कि सामंतों ने इसे इस्तेमाल किया इसलिए इसे आप सामंती तो कह सकते हैं किन्तु असंसदीय नहीं। दरअसल मुजरा संस्कृति हुजूर से निकल क्र जब कोठों में प्रतिष्ठित हो गयी तो लोग इससे बचने लगे। मै चूंइक आजादी कि पहले की एक बड़ी रियासत रहे ग्वालियर में रहता हूँ इसलिए मुजरे कि बारे में बाखूबी जानता हो। हमारे यहां सिंधिया कि महल में आज भी मुजरा किया जाता है। छोटे बड़ों को मुजरा करते ही है। मैंने इसी महल में स्वर्गीय अर्जुन सिंह और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह तक को मुजरा करते देखा है।

कहते हैं की जब आप किसी कि हुजुर [दरबार या अदालत ] में जायेंगे तो आपको झुककर नमस्कार तो करना ही होता है। यही मुजरा है। मुजरा आदर प्रकट करने का तरीका भर है कोटों पार तवायफों द्वारा किया जाने वाला मुजरा भी करीबन-करीबन इसी सभ्यता का सांस्कृतिक स्वरूप ह। वैश्याएं बैठकर मुजरा करतीं हैं ,बाद में इसमें हिन्दुस्तानी नृत्यशैली कि अनेक अंग शामिल कर लिए गए। मुरा सलीका है और इसे सीखने कि लिए पुराने जमाने में वैश्याएं बाकायदा एक ट्यूटर की भूमिका में होतीं थी । सामंतों कि बच्चों को मुजरा करने का अंदाज इन्हीं वैश्यों से सीखना पड़ता थी । मुजरा ईश्वर कि साथ ही आपके मौजूदा मालिक [स्वामी] को भी प्रसन्न करने की एक विधा है ।

मोदी जी को आपत्ति मुजरा करने पर नहीं है। उनकी आपत्ति इस पर है की ये मुजरा अव्वल कांग्रेस क्यों करती है और मुसलमानों कि लिए क्यों करती है ? मुजरा विनम्रता की निशानी है। खुश करने का तौर-तरीका है । मोदी जी बहुसंख्यकों कि सामने मुजरा करते हैं ,लेकिन उन्हें पता नहीं होता की वे जो कर रहे हैं वो मुजरा है। आरक्षण कि मुद्दे पर मोदी जी बहके हुए हैं और इसीलिए बार-बार कहते हैं की वे मर जायेंगे लेकिन पिछड़ों कि आरक्षण पर किसी को डाका नहीं डालने देंगे। मोदी जी हर चीज पर अपना एकाधिकार चाहते है। मुजरे पर भी उन्हें एकाधिकार चाहिए। मोदी जी बीते एक दशक से बहुसंख्यक हिन्दुओं कि सामने मुजरा कर रहे हैं लेकिन किसी ने कभी उज्र नहीं किया। कांग्रेस ने तो बिलकुल नहीं।

एक हकीकत ये भी है की राजनीति कि अलावा किसी और धंधे में मुजरा करने की न तो जरूरत पड़ती है और न मुजरे की कोई परम्परा है। चाय बेचने में तो कोई किसी का मुजरा नहीं करता। पैसा फेंको और चाय पियो '।

सियासत में तो बिना मुजरा करे न आपको संगठन में कोई पद मिलेगा और न टिकिट। जीत गए तो मंत्रिपद पाने कि लिए मुजरा करना पडेगा ही। मुझे याद है कि एक जमाने में जब रानी महल में राजमाता संप्रभु थीं और जनसंघ का जमाना था तब जनसंघ कि तमाम नेता महल में राजमाता विजयराजे सिंधिया के सामने पूरी श्रद्धा से मुजरा करते थे।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# राजस्थान का जल संकट सारे देश के लिए चेतावनी

उमाशंकर पाण्डेय

**केंद्रीय** भू-जल बोर्ड और राजस्थान के भू-जल विभाग की डायनामिक ग्राउंड वाटर रिसोर्स रिपोर्ट में 2025 तक जयपुर अजमेर, जैसलमेर और जोधपुर में पानी की उपलब्धता का आकलन शून्य किया गया है। भगवान ना करे, जयपुर अजमेर, जैसलमेर और जोधपुर में कभी ऐसा हो। बावजूद इसके इस रिपोर्ट को महज रिपोर्ट समझने की जरूरत नहीं है। यह सारे देश के लिए गंभीर चेतावनी है। भारत के कई हिस्सों में जमीन धंस और फट रही है। मकानों में दरारें आ रही हैं। राजस्थान के बीकानेर और बाड़मेर जिलों में भी ऐसा हो चुका है। कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश में बांदा जिले के मटौंध गांव के आसपास खेत फटने लगे थे। यह समझने की जरूरत है कि ऐसा उन स्थानों पर होता है जहां भू-जल खत्म जाता है। ऐसी स्थिति ना आए, इसके लिए वर्षा ऋतु में परंपरागत जल संग्रहण जरूरी है। इसकी सबसे आसान विधि मानसून आने से पूर्व खेतों पर मेड़ बनानी चाहिए। फिर मेड़ पर पेड़ लगाना होगा। यह आज की नहीं, हमारे पुरखों की परंपरागत विधि है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कैच द रेन का आह्वान इसी विधि की ओर इशारा करता है। ऐसा करने से तालाब, कुआं, नाला, सामुदायिक जलाशयों में बरसात का पानी भर जाता है। इससे भू-जल का स्तर आसानी से ऊपर आता है और कुछ ही सालों में यह संकट हमेशा-हमेशा के लिए दूर हो जाता है। गांवों में यह संकट ना आए, इसके लिए खेतों और मरवा जमीन में कीटनाशक दवा का छिड़काव बंद होना चाहिए। इस दवा के छिड़काव से मिट्टी को पानी की जरूरत ज्यादा पड़ती है। उर्वरक क्षमता कम हो जाती है।खेत के मित्र जीव-जंतु समाप्त हो जाते हैं। इसका एकमात्र निदान प्राकृतिक और परंपरागत खेती की ओर लौटने से ही संभव है।

यह सभी मानते हैं कि प्रकृति ने इनसान की जरूरत के हिसाब से हर चीज बनाई है। इसलिए उसका उतना ही उपयोग किया जाए, जितना जरूरी है। उसकी बरबादी एक न दिन तबाही लाती है। इसलिए पानी की बरबादी कतई न की जाए। इसी बरबादी का नतीजा है कि आज मनुष्य को पेयजल के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है।

## सोशल मीडिया ने बच्चों को किताबों से दूर कर दिया

विजय गर्ग

**सोशल** मीडिया के बढ़ते प्रसार ने बच्चों को किताबों से दूर कर दिया है विजय गर्ग साहित्य (सा+हित) दो शब्दों से मिलकर बना है। वह रचना जो सभी के हित को ध्यान में रखकर लिखी जाती है, वास्तविक साहित्य कहलाती है। साहित्य की प्रमुख विधाएँ गद्य और पद्य हैं। हमारे यहां गद्य के अंतर्गत गद्य साहित्य और पद्य के अंतर्गत कविता, गजल, रुबाई आदि आते हैं। भारतीय काव्यशास्त्र के अनुसार साहित्य को सत्यम्, शिवम्, सुन्दरम् कहा गया है। सत्यम का अर्थ है सत्य, शिवम का अर्थ है कल्याण और सुंदरम का अर्थ है सुंदर और सुंदर। बाल साहित्य बच्चों के लिए लिखा गया साहित्य है।बाल साहित्य बच्चों को केन्द्र में रखकर रचा जाता है। यह प्रारम्भ से ही मौखिक रूप से चला आ रहा है। प्रिंटिंग प्रेस में आकर यह लिखित रूप में सामने आया है। साहित्यिक रुचि क्या है? रुचि का अर्थ है किसी चीज में रुचि होना। हर किसी की रुचि अलग-अलग होती है। जिस व्यक्ति को साहित्य पढ़ने, लिखने या सुनने का शौक हो उसे साहित्यिक अभिरुचि कहा जाता है। यह रुचि के तीन प्रकार में से एक, दो या तीनों में से एक हो सकता है। आसक्तिएक ही स्थिति वर्तमान समय में साहित्यिक रुचियों की स्थिति बहुत संतोषजनक नहीं है। सोशल मीडिया के प्रसार ने न केवल बच्चों को किताबों से दूर कर दिया है, बल्कि बच्चे आत्मकेंद्रित भी हो गए हैं। न केवल बच्चे बल्कि वयस्क भी इसकी चपेट में आ रहे हैं और इसे पढ़ने वालों की संख्या भी कम हो रही है। बच्चे को दोस्त बनना होगा बाल साहित्य अभी भी उस स्तर पर नहीं लिखा जा रहा है, जिस स्तर पर लिखा जाना चाहिए, लेकिन अच्छी बात यह है कि लिखा जा रहा है। अगर हम बाल साहित्य लेखकों की बात करें तो बहुत कम नाम हमारे सामने आते हैं, जैसेडॉ। दर्शन सिंह अष्ट, मोहन सिंह दाऊं, सतपाल भीखी, बलजिंदर मान आदि। बाल साहित्य का सृजन करना अत्यंत कठिन कार्य है। इसे बनाने के लिए हम बच्चे के स्तर पर हैं तुम्हें आकर उसका हन बनना है। उन्हें अपने स्तर की वाणी एवं भाषा का प्रयोग करना होगा। वयस्क साहित्य लिखने में उतनी मेहनत नहीं लगती जितनी बाल साहित्य रचने में लगती है।

## न्यूज फ्लैश

### रेंडमली जांच में सही पाई गई बूथों की रिपोर्ट

**हिसार।** लोकसभा आम चुनाव के मतदान उपरांत सामान्य पर्यवेक्षक गोपाल चंद, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया तथा राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों व उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में रविवार को पंचायत भवन में मतदान संबंधी सभी कागजातों की स्क्रूटनी की गई। इस दौरान सभी बूथों की रिपोर्ट का रेंडमली निरीक्षण किया गया, जिसे जांच उपरांत सही पाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप दहिया द्वारा राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों व उनके प्रतिनिधियों से मतदान प्रक्रिया से जुड़ी किसी भी प्रकार की शंका बारे में पूछने पर उम्मीदवारों व उनके प्रतिनिधियों द्वारा संतुष्टि जताई गई। उन्होंने बताया कि लोकसभा का चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के साथ संपन्न करवाने के लिए चुनाव कार्य में लगे सभी अधिकारी/कर्मचारियों की प्रशंसा की। स्क्रूटनी प्रक्रिया में स्वीप नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, एसीयूटी कनिका गोयल, बवानी खेड़ा सहायक रिटर्निंग अधिकारी हर्षित कुमार, हिसार सहायक रिटर्निंग अधिकारी जयवीर यादव, नारनौंद सहायक रिटर्निंग अधिकारी प्रवीण कुमार, हांसी सहायक रिटर्निंग अधिकारी मोहित महराणा, बरवाला सहायक रिटर्निंग अधिकारी अजय चौपड़ा, उचाना सहायक रिटर्निंग अधिकारी गुलजार मलिक, उकलाना सहायक रिटर्निंग अधिकारी चेतना चौधरी, आदमपुर सहायक रिटर्निंग अधिकारी नरेन्द्र सिंह, चुनाव तहसीलदार जगदीप मान, बीजेपी से चुनाव एजेंट रनिष सहारन, निर्दलीय उम्मीदवार रणधीर सिंह व सुरेंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### घर में घुसकर मां-बेटे पर हमला कर घायल करने का आरोप

**सोनीपत: बहालगढ़ थाना क्षेत्र के** गांव खेवड़ा में नशे की हालत में घर के अंदर घुसे युवक का विरोध करना युवक व उसकी मां को महंगा पड़ गया। युवक ने डंडों से हमला कर मां-बेटे को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी मिल गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव खेवड़ा निवासी बिजेंद्र ने बताया कि गत 24 मई को करीब रात 10 बजे सुनील नाम का युवक उसके घर में नशे की हालत में घुस आया। विरोध करने पर उस पर डंडे से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई उसकी मां पर भी हमलावर ने डंडे से हमला कर घायल कर दिया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। परिजन घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचे। जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने घायल के बयान पर आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एएसआई शिवओम ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### सेवा धाम कॉलोनी से 50 हजार रुपये व सोने के आभूषण चोरी

**सोनीपत: सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र** के देवडू रोड पर स्थित सेवा धाम कॉलोनी में बंद घर से चोर 50 हजार रुपये व सोने-चांदी के आभूषण चोर कर ले गए। पीड़ित परिवार के सदस्य अस्पताल में परिचित का हाल चाल जानने गए थे। वापस लौटने पर चोरी का पता लगा। मामले को लेकर पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। देवडू रोड स्थित सेवा धाम कॉलोनी निवासी कृष्ण ने बताया कि जम्मू में नौकरी करता है। उनका बेटा अक्षय गुरुग्राम में नौकरी करता है। घर पर पत्नी शीला और बेटी शीतल रहती है। मंगलवार को दोनों उनके छोटे भाई की पत्नी से मिलने रोहतक पीजीआई में गई थी। चार दिन बाद वापस लौटी तो दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो घर से 50 हजार रुपये और सोने के तीन कंगन, हार, दो जोड़ी झुमके, नोज पिन व चांदी के आभूषण गायब थे। शिकायत पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगाली जाएगी। जिससे चोरों के बारे में सुराग लगाया जा सके। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लेने से मनुष्य को मिलती है मन की शांति : राजेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद: मिलाप स्मृति भवन** सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर 3डी-42 एनआईटी फरीदाबाद का 47वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सुबह जहां हवन यज्ञ का आयोजन किया गया वहीं बाद में बाला जी व खाटू श्याम जी की चौकी का आयोजन किया गया, जिसमें मनीष लाडला बालाजी महाराज एवं खाटू श्याम का गुणगान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस धार्मिक अनुष्ठान में हिस्सा लिया। इस मौके पर मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने कहा कि मंदिर के स्थापना दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। उन्होंने कहा यह भवन 3 नंबर निवासी शिल्पी अरोड़ा पत्नी नवीन अरोड़ा ने अपने दादा स्वर्गीय श्री मिलापचंद जी की स्मृति में मंदिर संस्थान को भेंट में दिया था। आता है इस मंदिर का नाम मिलाप चंद की


स्मृति में मिलाप स्मृति भवन सिद्धपीठ हनुमान मंदिर रखा गया है तथा गत वर्ष खाटू श्याम जी की स्थापना 3 नंबर निवासी पवन माटोलिया व उनके परिवार द्वारा करवाई गई है। आगे उन्होंने कहा कि धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लेने से मनुष्य को आत्मिक शांति मिलती है, इसलिए हमें अपनी भागदौड़ भरी जिंदगी में से परमात्मा की अराधना के लिए समय अवश्य निकालना चाहिए क्योंकि धार्मिक अनुष्ठानों में हिस्सा लेने से मनुष्य के अंदर अच्छे विचार आते है और उसे अच्छे कार्यों को करने की प्रेरणा मिलती है। अंत में मंदिर के प्रधान ने सभी श्रद्धालुओं को आगामी 14 जून व 15 जून को फरीदाबाद मार्केट नंबर 1 में स्थित सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर श्री सनातन धर्म महावीर दल के वार्षिक उत्सव में आने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम के समापन के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया इस वार्षिकोत्सव पर मंदिर के चेयरमैन बंसीलाल कुकरेजा, किशन खन्ना, दर्शन भाटिया, जितेंद्र कुमार, राजकुमार माटोलिया, मधु सूदन माटोलिया, कमल माटोलिया, रोहित माटोलिया, मेघा माटोलिया, पीएल खंडेलवाल, विमल खंडेलवाल, मनोज अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, सोनू पंडित जी, मनीष भाटिया, मनीष, ललित शर्मा, राकेश चुग, राजीव चावला, अनुज वाधवा, सुनील वाधवा, सुनीता बहनजी, , उप्पल जी, जीतेन्द्र जी, सुनीता जी, प्रेम बब्बर, अजय शर्मा, गगन अरोड़ा, रिंकल भाटिया, रविंद्र गुलाटी, आशीष अरोड़ा, गौरव गुलाटी, अरविंद शर्मा, अमर बजाज, राजा भाटिया, अनिल चावला, अमित नरूला, हरेंद्र भाटिया (राजू), भरत कपूर, हरीश भाटिया, कमल कपूर, कपिल वासुदेव मौजूद रहे।

## विधायक राकेश दौलताबाद के निधन पर धनखड़ ने जताया शोक



**टीम एक्शन इंडिया**
**गुरुग्राम: भारतीय जनता पार्टी के** राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने बादशाहपुर के विधायक राकेश दौलताबाद के हृदयघात से आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री धनखड़ रविवार दिवंगत विधायक राकेश दौलताबाद के निवास पर पहुंचे और उनके परिजनों को ढांढस बंधाते हुए अपनी गहरी शोक संवेदनाएं प्रकट की। उन्होंने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने और परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। धनखड़ ने कहा कि राकेश जी के आकस्मिक निधन से समाज और प्रदेश के साथ साथ उनको व्यक्तिगत तौर पर अपूर्णनीय क्षति हुई है। राकेश जी ने थोड़े ही समय में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए जनता के दिलों में विशेष स्थान बनाया। सही मायनो में बादशाहपुर की जनता ने अपने एक सच्चे सेवक को खो दिया है। राकेश जी को यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी कि आप सभी परिजन उनके बताएं रास्ते पर आगे बढ़ें।

## चलते ट्रक-कंटेनर में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

**सोनीपत: राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44** पर सेक्टर-7 फ्लाईओवर के पास चलते ट्रक-कंटेनर में आग लग गई। ट्रक में आग लगते ही चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। डायल-112 पर सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जहां विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। सेक्टर-3 दमकल विभाग में तैनात राकेश कुमार ने बताया कि डायल-112 से सूचना मिली थी कि सेक्टर-7 के पास फ्लाईओवर पर चलते ट्रक-कंटेनर में आग लग ई। सूचना के बाद दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर पहुंची।

# साधकों ने योग, प्राणायाम के साथ दिव्य सुदर्शन क्रिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार: आर्ट ऑफ लिविंग** की हिसार इकाई की ओर से रविवार को श्री श्री रविशंकर की पवित्र वाणी में वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित श्वसन तकनीक दिव्य-सुदर्शन क्रिया का साप्ताहिक फॉलोअप का आयोजन किया गया। सत्र दो स्थानों भारत माता मंदिर एवं आर्ट ऑफ लिविंग हेप्पीनेस सेंटर मे आयोजित किया गया। संचालन आर्ट ऑफ लिविंग स्टेट मीडिया कोऑर्डिनेटर नीरज गुप्ता एवं सुरेश जैन ने किया। भारत माता मंदिर में संचालन करते हुए नीरज गुप्ता ने तीन बार ॐकार की ध्वनि से शुरुआत करते हुए साधकों को संगीतमय योगासन एवं सूर्य-नमस्कार के कुछ चक्रों का अभ्यास करवाया। उसके बाद


कनिष्ठ प्राणायाम एवं भस्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास किया। साधकों ने दिव्य सुदर्शन क्रिया का अभ्यास करते हुए परमानंद एवं दिव्य-ऊर्जा की सुखद अनुभूति प्राप्त की। उन्होंने विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के महापर्व लोकसभा चुनाव में तेज धूप और भयंकर गर्मी के बावजूद लोकतंत्र के महापर्व में योगदान देने पर सभी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आर्ट ऑफ लिविंग के ईच वोट मेटर्स अभियान के तहत देशभर में स्वयंसेवकों ने लोगों को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

**क्रियाएं**

- तेज धूप और भयंकर गर्मी के बावजूद लोकतंत्र के महापर्व में योगदान देने पर सभी का धन्यवाद किया

सत्र में आर्ट ऑफ लिविंग शिक्षक डॉ. उमेश आर्य, कृष्ण कुमार, महावीर अग्रवाल, मंजू पूरी, स्वयंसेवक संतोष गोयल, स्मिता राठौर, गुलशन मदान, नरेश कुमार, आरुष भाटिया, शैलेंद्र, पुरुषोत्तम, अनिल एवं अन्य साधक मौजूद रहे।

## कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम्स में सील

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद:** सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक अक्षय कुमार सिंह और जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह तथा राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में ईवीएम सीयू, बीयू और वीवीपैट को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। रविवार को ईवीएम पर संगीनों का साया रहा। जवान कड़ी सुरक्षा किए रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह और सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक अक्षय कुमार सिंह तथा राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में सबसे पहले बडखल विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम सीयू, बीयू और वीवीपीटी को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। तत्पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह और सामान्य पर्यवेक्षक अक्षय कुमार सिंह एनआईटी विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम लखानी धर्मशाला में पहुंचे। जहां एनआईटी के विधायक नीरज शर्मा व अन्य उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम को लॉक करके उसे सील किया गया। इसके पश्चात सेक्टर-14 के डीएवी स्कूल के ऑडिटोरियम में फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम, वीवीपैट, सीयू और बीयू के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम को जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह, चुनाव पर्यवेक्षक खर्च सतीश एस रेड्डी की मौजूदगी में और उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लॉक करके सील किया गया।

# मोहाना बिट्स कॉलेज में त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखी गई ईवीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सोनीपत लोकसभा क्षेत्र** के प्रत्याशियों का भविष्य ईवीएम में बंद हो चुका है। मतदान सम्पन्न होने के बाद ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को अर्धसैनिक बल, हरियाणा आर्म्ड पुलिस और पुलिस के जवानों की त्रिस्तरीय सुरक्षा में रखा गया है। सोनीपत की छह विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम व वीवीपैट मशीन मोहाना स्थित बिट्स कॉलेज में बनाए गए छह स्ट्रांग रूम में रखवाई गई है। जबकि जींद की तीन विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम व वीवीपैट जींद में ही रखवाई गई है। ईवीएम की सुरक्षा के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त कर दिए गए है। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार स्ट्रांग रूम तैयार किए गए है। स्ट्रांग रूम में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को रखने और कमरे को सील करने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई गई है। सभी दरवाजों और खिड़कियों को सील कर दिया गया है। सभी स्ट्रांग रूम को लॉक किया गया। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। रूम के परिसर तक आने और जाने वालों के लिए लॉग बुक लगाई गई है, जिसमें उनकी उपस्थिति दर्ज की जाएगी। शनिवार को मतदान संपन्न होने के बाद सभी ईवीएम व वीवीपैट को जीपीएस लगी गाड़ियों में स्ट्रांग रूम तक पहुंचाई गई थी। जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना बिट्स कॉलेज मोहाना में की जाएगी और लघु सचिवालय पर विजेता उम्मीदवार की घोषणा की जाएगी। **त्रिस्तरीय बनाया गया सुरक्षा चक्र-** बिट्स में बनाए गए स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को लेकर जवान तैनात किए गए है। त्रिस्तरीय घेरा बनाया गया है। पहले घेरे में अर्धसैनिक बल जवान तैनात है। दूसरे घेरे में एचएपी के जवानों को नियुक्त किया गया है। वहीं तीसरे घेरे में हरियाणा पुलिस के जवान तैनात किए गए है। तीसरी आंख से रखी जा रही नजर-स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए है। जवानों के साथ ही सभी स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी से पैनी नजर रखी जा रही है। यह ईवीएम 4 जून को सोनीपत लोकसभा के 22 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेगी। स्ट्रांग रूम में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को रखने और कमरे को सील करने की पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी करवाई गई है। सभी दरवाजों और खिड़कियों को सील कर दिया गया है। सभी स्ट्रांग रूम को लॉक किया गया। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है। किसी प्रकार की चूक नहीं होने दी जायेगी। स्पेशल जवानों को सेंटर पर तैनात किया गया है।

# सैलून की दुकान से हजारों रुपये की राशि व आईपैड चोरी

**दुकान में लगे सीसीटीवी की डीवीआर, बर्तन तक चोरी करके ले गए चोर**

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सेक्टर-27 क्षेत्र के** सेक्टर-15 में स्थित सैलून की दुकान से हजारों रुपये की राशि व आईपैड सहित सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। दुकानदार ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। मकान नंबर-16 सेक्टर-14 निवासी अनुराग आंतिल ने बताया कि उसने सेक्टर-15 में प्रथम तल पर सैलून की दुकान कर रखी है। हर रोज की तरह वह 24 मई को दुकान बंद करके आ गया। सुबह जाकर देखा तो सैलून की दुकान से 58230 रुपये की राशि, आईपैड, दुकान के अंदर से डीवीआर, कैमरा, पीतल के बर्तन, दुकान के पीछे से प्रथम तल से एग्जोस्ट फैन का शीशा तोड़कर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अमरजीत सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## किसान के खेत से सोलर प्लेट की तारे चोरी

**सोनीपत: कुंडली थाना क्षेत्र** के गांव नाहरा में किसान के खेत में लगी सोलर प्लेट की तारे चोरी होने का मामला सामने आया है। किसाने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव नाहरा निवासी हितेश ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है। खेत में सिंचाई के लिए सोलर प्लेट लगा रखी है। गत 25 मई को सुबह करीब 7 बजे अपने खेत में गया। जहां सोलर प्लेट की तारें गायब मिली।

# सरपंच को निकाली जातिसूचक गालियां, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद: लोकसभा चुनावों** को लेकर शनिवार को वोटिंग के दिन गांव एमपी रोही में कुछ लोगों द्वारा पंचायती चुनाव की रंजिश के चलते सरपंच को जातिसूचक गालियां निकालने का मामला सामने आया है। इस मामले में सरपंच की शिकायत पर सदर फतेहाबाद पुलिस ने शनिवार को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव मोहम्मदपुर रोही के सरपंच रामेश्वर दास ने कहा है कि वह अनुसूचित जाति से सम्बंध रखता है। 25 मई को गांव के स्कूल में लोकसभा चुनावों को लेकर मतदान हो रहा था। जब वह




राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एमपी रोही के प्रांगण में पहुंचा तो वहां गांव के ही कृपा राम व उसका लड़का कुलदीप सिंह दो अन्य लड़कों के साथ उसके पास हुए। उक्त लोग पंचायत चुनावों को लेकर उससे रंजिश रखते थे। इन लोगों ने आते ही उससे कहा कि उसने मोबाइल फोन क्यों ले रखा है और जोर-जोर से बोलने लगा। सरपंच ने बताया कि इस पर उसने युवकों से कहा कि जब वह पोलिंग बूथ के अंदर जाएगा तो मोबाइल बाहर रख कर जाएगा। शोर-शराबा सुनकर वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारी उनके पास आए औऱ उन्हें स्कूल से बाहर जाने को कहा। इसी दौरान गांव का पूर्व सरपंच सुभाष बिश्नोई व साधुराम बिश्नोई भी वहां आ गए जिसके बाद वे स्कूल के बाहर सडक पर चले गए। इसके बाद कृपा राम, कुलदीप व उसके साथियों ने उसे जातिसूचक गालियां निकालनी शुरू कर दी और अपमानित किया। इस पर सरपंच ने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मन व हृदय की शुद्धि होने से अलग अनुभूति का होता अहसासः स्वामी

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार: ओशो ध्यान उपवन** में जीवन में जागृति पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। होशपूर्ण जीवन जीने के उपायों पर आधारित इस सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। स्वामी संजय ने रविवार को आयोजित इस सत्र में बताया कि शारीरिक तल पर जागृति, मन के तल पर जागृति व हृदय के तल पर जागृति होती है। तीनों तलों पर जागृति होने से शरीर शुद्धि, मन शुद्धि व हृदय की शुद्धि सुनिश्चित हो जाती है और मनुष्य को अलग ही अनुभूति का एहसास होता है। उन्होंने कहा कि जागृति से मनुष्य के भीतर परम चीज उतरने की संभावना होती है।


जैसे-जैसे मनुष्य जागृत होता है व्यक्ति स्वयं ही परमात्मा हो जाता है। स्वामी संजय ने बताया कि सतगुरु ओशो ने भी मनुष्य को जागृति से संबंधित अनेक प्रवचन देकर समझाया है। संत ओशो ने संचित प्रवचनों में कहा है कि एक काम भीतर सतत करते रहो। जो कुछ भी करो उसे करते हुए खुद के प्रति जागरूक रहो। तुम भोजन कर रहे हो, चल रहे हो, सुन रहे हो, बोल रहे हो या क्रोध कर रहे हर क्रिया में जागरूक रहो। संत ओशो कहते हैं कि जागरूकता में पाप टिक नहीं सकता और जागरूकता में पुण्य बढ़ता है। पाप और पुण्य सामाजिक अवधारणा नहीं है, वे भीतर के बोध हैं। जागरूकता का उपयोग वैसा ही है जैसे जहां अंधेरा हो और तुम वहां प्रकाश ले आते हो। स्वामी संजय ने बताया कि ध्यान सत्र के समापन पर बच्चों से संबंधित शिविर के बारे में भी विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि बच्चों के बहुआयामी विकास के लिए 2 से 6 जून तक ओशो ध्यान उपवन परिसर में पांच दिवसीय चिल्ड्रन मेडिटेशन व सेलिब्रेशन रिट्रीट शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# युवक व उसके पिता से मारपीट कर घायल करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: बहालगढ़ थाना क्षेत्र** में मतदान करने गए युवक से मारपीट करने व उसके बाद उसके पिता का रास्ता रोककर मारपीट कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। घायल ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मुकिमपुर निवासी विक्की ने बताया कि गत 25 मई को सुबह करीब 8.30 बजे गांव के सरकारी स्कूल में अपनी वोट डालने गया था। वह कमरे के अंदर पहुंचा। जहां सुरेंद्र मुकीमपुर ने कहा कि इसको चैक करो कि यह वोट डालने के लिए आया है। उसे शक है कि यह किसी ओर की वोट डालने के लिए आया है। उसने अपना वोटिंग कार्ड दिखाकर कहा कि वह अपनी वोट डालने के लिए आया है। उसने अपना वोटिंग कार्ड चैक कि उसने सुरेंद्र से कहा कि सरपंची के इलैक्शन वाली रंजिश मन में न रखो। वह वोट डालने आया है। इस बात को लेकर उसे थप्पड़ मार दिया। उसके साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। गांव वालों ने उसे छुड़वा दिया। उसके बाद वह स्कूल से बाहर आ गया। उसके पिता गांव से बाहर जा रहा था। उसके पिता सुरेंद्र के मकान के करीब पहुंचा। जहां पहले से ही राहुल, रोहित सुरेंद्र ने तीनों ने डंडों से हमला कर उसके पिता को चोटे मारकर घायल कर दिया। उसके पिता व उसे जान से मारने की धमकी दी। वारदात क्षेत्र में लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई। घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी मिल गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

## न्यूज फ्लैश

### सामुदायिक केंद्र व शूटिंग हॉल में बनाए गए स्ट्रांग रूम के लिए डयूटी मैजिस्ट्रेट किए नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : जिलाधीश एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने रविवार को जारी आदेश में कहा कि चुनाव आयोग भारत व मुख्य चुनाव अधिकारी हरियाणा द्वारा समय-समय पर जारी लोकसभा आम चुनाव-2024 जो कि गत्त 25 मई को संपन्न हो गए है, के दिशा-निदेर्शानुसार स्ट्रांग रूम के लिए अधिकारियों को ड्यूटी मैजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इन आदेशों के तहत उपमंडल अधिकारी नागरिक लाडवा एवं एआरओ 11-लाडवा, उपमंडल अधिकारी नागरिक शाहबाद एवं एआरओ 12-शाहबाद, उपमंडल अधिकारी नागरिक थानेसर एवं एआरओ 13-थानेसर व उपमंडल अधिकारी नागरिक थानेसर एवं एआरओ 14-पिहोवा 26 मई से 4 जून तक अपनी-अपनी विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारी होंगे, जिसमें चौबीसों घंटे स्ट्रांग रूम की सीसीटीवी कवरेज भी शामिल है ।जिलाधीश शांतनु शर्मा ने कहा कि इसी प्रकार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम के लिए 26 मई से 4 जून तक राउंड द क्लॉक अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें सामुदायिक केंद्र में लाडवा व शाहबाद विधानसभा क्षेत्र में सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक एक्सईन सुमित व पुलिस अधिकारी निरीक्षक जगदेव सिंह तथा रात्रि 8 बजे से सुबह 8 बजे तक काडा के एक्सईन धूप सिंह व पुलिस अधिकारी एसआई राजेश कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार शूटिंग हॉल में थानेसर व पिहोवा विधानसभा के लिए बनाए गए स्ट्रांग रुम में सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक हिरमी के एक्सईन विनोद कुमार व पुलिस अधिकारी निरीक्षक अशोक कुमार तथा रात्रि 8 बजे से सुबह 8 बजे तक हिरमी के एक्सईन प्रवीण गुप्ता व पुलिस अधिकारी निरीक्षक राजेश कुमार की डयूटी लगाई गई है ।उन्होंने कहा कि यह सभी अधिकारी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में बनाए गए स्ट्रांग रूम 4 जून तक राउंड द क्लॉक ड्यूटी देंगे। इन ड्यूटी को चुनाव से संबंधित कर्तव्य के रूप में माना जाएगा और कोई भी अधिकारी अपनी डयूटी से अनुपस्थित पाया गया तो उसके खिलाफ अनुपस्थिति धारा 134 चुनाव के संबंध में आधिकारिक कर्तव्य का उल्लंघन के तहत दंडनीय होगी, जो कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत एक संज्ञेय अपराध है।

### कुवि में यूजी एनईपी परीक्षाएं 20 जून से शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में एन.ई.पी. 2020 (राष्ट्रीय शिक्षा नीति) के अंतर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों के अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं 20 जून से आयोजित करवाई जाएंगी। इन परीक्षाओं का परीक्षा कार्यक्रम सोमवार को परीक्षा शाखा द्वारा जारी किया गया। इस बारे जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को सर्वप्रथम पूरे प्रदेश में क्रियान्वित किया गया है जिसके तहत स्नातक (यूजी) स्तर के सभी पाठ्यक्रमों को संबद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में लागू किया गया। इसी के तहत सोमवार को कुवि परिसर व महाविद्यालयों/संस्थानों में एन.ई.पी. के यूजी प्रोग्राम एवं इंटीग्रेटेड कोर्सिज की आज डेटशीट जारी की गई। यह सभी परीक्षाएं 20 जून से संचालित की जाएंगी जोकि 12 जुलाई तक चलेंगी जिसमें मेजर व माइनर कोर्सिज शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 13 जुलाई से अन्य सभी कोर्सिज की परीक्षाओं को संचालित किया जाएगा जिसमें पूल के अन्य विकल्प एई.सी, वी.ए.सी., एस.ई.सी. व एम.डी.सी. शामिल हैं और इस नए एनईपी कार्यक्रम के अनुसार ही छात्र-छात्राओं से पेपर में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि उक्त यूजी पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत परीक्षार्थियों की सेमेस्टर (द्वितीय) परीक्षाएं दोपहर सत्र 1.30 बजे शुरू होंगी व समस्त प्रयोगात्मक/आंतरिक परीक्षाएं विभागीय व महाविद्यालय स्तर पर जारी हैं। छात्र-छात्राएं कुवि की वेबसाईट से इन सभी परीक्षाओं की डेटशीट डाउनलोड कर सकते हैं। डॉ. सिंह ने बताया कि इन सभी विषयों की परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र अधीक्षकों व ऑब्जर्वर की नियुक्ति की जाएगी ताकि सभी परीक्षाएं सुचारु रूप व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सकें। इन परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए विश्वविद्यालय स्तर

# सामान्य ऑब्जर्वर ने की अम्बाला लोकसभा की चुनावी समीक्षा

### जिला निर्वाचन अधिकारी, अम्बाला लोकसभा के सभी एआरओ रहे मौजूद

**बैठक**

अम्बाला लोकसभा चुनाव का मतदान 25 मई को समाप्त हो गया। सभी ईवीएम को स्ट्रॉग रूम में रखवा दिया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला**: अम्बाला के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि अम्बाला लोकसभा चुनाव का मतदान 25 मई को समाप्त हो गया। सभी ईवीएम को स्ट्रॉग रूम में रखवा दिया गया है। अब नतीजे 4 जून को मतगणना के बाद घोषित किए जाएंगे। इस बीच भारतीय निर्वाचन आयोग के सामान्य ऑब्जर्वर ने अम्बाला लोकसभा की चुनावी समीक्षा की और पूरी चुनावी प्रक्रिया को भारतीय निर्वाचन आयोग के मापदंडों पर सही पाया। डीसी डॉ. शालीन ने बताया कि इस पूरी प्रक्रिया के दौरान चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार या राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उन्हीं की मौजूदगी में सामान्य ऑब्जर्वर ने अम्बाला लोकसभा के अंतर्गत आने वाली कालका, पंचकूला, नारायणगढ़, अम्बाला कैंट, अम्बाला सिटी, मुलाना, सढ़ौरा, जगाधरी और यमुनानगर विधानसभाओं के एआरओ को बुलाया। उन्होंने रैंडमली पोलिंग बूथ से जुड़ी पीओ डायरी, 17 ए, माइक्रो ऑब्जर्वर रिपोर्ट, विजिटर शीट, जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की रिपोर्ट को देखा। उन्होंने जांच के दौरान सभी दस्तावेजों को सही पाया। उन्होंने अम्बाला लोकसभा चुनाव की अभी तक की पूरी चुनावी प्रक्रिया को भारतीय निर्वाचन आयोग के मापदंडों पर खरा पाया। राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों या उम्मीदवार के प्रतिनिधियों ने पूरी प्रक्रिया का अवलोकन किया। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई गई।

इस दौरान अम्बाला की एडीसी अपराजिता, यमुनानगर के एआरओ आयुष सिन्हा, एसीयूटी रवि मीणा, नारायणगढ़ के एआरओ यश जालूका, अम्बाला सिटी के एआरओ दर्शन कुमार, अम्बाला कैंट के एआरओ सतिंद्र सिवाच, जगाधरी एआरओ सोनू राम, मुलाना के एआरओ अश्विनी मलिक, निदेशक आईटी अरविंद्र जोत सिंह, सीटीएम विश्वजीत सिंह व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## लू से बचने के ले विशेष सावधानी बरतें आमजन: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**देखभाल**

लू से बचाव के लिए जरूरी प्रबंध रखें। छोटे बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल जरूरी है

**अम्बाला**: अम्बाला के डीसी डॉ. शालीन ने तापमान में हो रही बढ़ौतरी के चलते नागरिकों से हीट-वेव यानि लू के प्रकोप से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे लू से बचाव के लिए जरूरी प्रबंध रखें। छोटे बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल जरूरी है।

डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिन और अत्याधिक गर्मी होने व लू के चलने की संभावना जताई है। ऐसे में नागरिकों को विशेष सावधानी व बचाव करने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एडवाईजरी के अनुरूप तापमान अधिक होने की स्थिति में कड़ी मेहनत का कार्य न करें। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और कार्बोनेटिड शीतल पेय जैसे पदार्थो के सेवन से बचना चाहिए। उच्च प्रोटीन युक्त व बासी भोजन न खाएं। कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचाने। यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस करें तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।

डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि लू से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीयें, भले ही प्यास न लगी हो। हल्के रंग के व ढीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता/टोपी, जूते या चप्पल का प्रयोग करें। जब बाहर का तापमान अधिक हो तो कड़ी मेहनत की गतिविधियों से बचें। बिना कार्य के तपती दोपहरी में घर से बाहर निकलने से बचें। यात्रा करते समय पानी अपने साथ रखें। यदि आप बाहर काम करते हैं, तो टोपी या छाते का उपयोग करें और अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक नम कपड़े का उपयोग करें।

यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस करते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से मिलें। ओआरएस, घर पर बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी (चावल का पानी), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें जो शरीर को फिर से हाइड्रेट करने में मदद करता है। घर को ठंडा रखें, पर्दे, शटर या सनशेड का उपयोग करें और रात में खिड़कियां खोलें, पंखे का प्रयोग करें।

# स्वयंसेवकों ने मतदान बूथों पर दिव्यांगजनों व बुजुर्गों की सहायता की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों द्वारा गत्त 25 मई 2024 को लोकतंत्र के महापर्व मतदान वाले दिन जिला कुरुक्षेत्र के सभी खंडों के विभिन्न पोलिंग बूथ पर अपनी सेवाएं देते हुए दिव्यांग और वृद्ध लोगों की सहायता की व इस महापर्व को और ज्यादा रोमांचित बनाने के लिए पोलिंग बूथ से वोट डालकर बाहर आए मतदाताओं के साथ आकर्षित सेल्फी क्लिक की।

इस अभियान के माध्यम से सभी राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों द्वारा सभी मतदाताओं को ये संदेश दिया कि



लोकतंत्र में वोट डालना मतदाताओं का कर्तव्य व जिम्मेवारी बनती है। प्रत्येक मतदाता अपने मत का प्रयोग करें जोकि समाज राज्य और देश की भलाई के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि जितना ज्यादा मतदान होगा हमारा लोकतंत्र भी उतना ही ज्यादा मजबूत होगा, क्योंकि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जहां पर हम अपनी सरकार केवल वोट के माध्यम से चुन सकते है। इसलिए हमारे देश में वोट की महत्वता बहुत ज्यादा है इस महत्व को ध्यान में रखते हुए हम अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए।

# संत निरंकारी मिशन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह)**



**मानवमात्र** के कल्याणार्थ हेतु सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन आशीर्वाद एवं उनके दिव्य मार्गदर्शन द्वारा ब्रांच रोहिणी, शालीमारबाग एवं नजफगढ़ क्षेत्र में संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन (संत निरंकारी मिशन का सामाजिक विभाग) द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मिशन के 185 भक्तों द्वारा निःस्वार्थ भाव से रक्तदान किया गया। रक्त संग्रहित करने हेतु अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के ब्लड बैंक से डॉक्टर एवम उनकी टीम शिविर में पहुंची। शिविर का उद्घाटन संत निरंकारी मिशन की उप प्रधान श्रीमती राजवासदेव सिंह जी के कर कमलों द्वारा किया गया। उन्होंने रक्तदान शिविर में सम्मिलित हुए सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और जनकल्याण को समर्पित उनकी निस्वार्थ सेवा एवं बहूमूल्य योगदान हेतु प्रशंसा करी। शालीमार बाग शिविर का उद्घाटन एस. एल. गर्ग , कनविनियर ऑफ सी.पी.ए.बी विभाग द्वारा किया गया। उन्होंने शिविर में उपस्थित सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की रक्तदान सबसे श्रेष्ठ दान है। इसके अतिरिक्त नजफगढ़ शिविर का उद्घाटन आदरणीय राज कुमारी (मामी जी) मेंबर इंचार्ज प्रचार विभाग द्वारा की किया गया।

उन्होंने भी सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की हमें मानवता की भलाई हेतु रक्तदान के लिए सदैव आगे आना चाहियें। इन शिविरों में डॉक्टर नरेश अरोड़ा (मेडिकल सर्विस कोऑर्डिनेटर) भी उपस्थित रहे। अंत में स्थानीय संयोजक विनोद खन्ना जी ने रक्तदान शिविर में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों, रक्तदाताओं, डॉक्टर एवं उनकी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया।

**महादान**

(संत निरंकारी मिशन का सामाजिक विभाग) द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

## वीजा लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालो की करें शिकायत: सुरेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिंह भोरिया ने कहा कि शिक्षा या घूमने के लिए विदेश जाने के इच्छुक लोग जागरूकता के अभाव में अक्सर फर्जी ट्रेवल एजेन्टों का शिकार बनकर लाखों रुपये गंवा बैठते हैं। लोगों को ऐसे फर्जी ट्रेवल एजेंटों से सावधान रहने की जरूरत है। विदेश जाने के लिए वीजा लगवाने से पूर्व एजेंट के बारे में पूरी जानकारी हासिल करें और सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एजेंट की ही सेवाएं लें । पुलिस द्वारा विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ कड़ी कारवाई की जा रही।

# वृंदावन से पधारे श्री श्री स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज

**हिसार**: विभिन्न संस्कृतियों में सामंजस्य स्थापित करने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में वृंदावन से श्री श्री स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज पधारे हैं। तिरुपति धाम पहुंचने पर स्वामी नारायणाचार्य जी महाराज को मालाएं पहनाकर व आरती करके सत्कार किया गया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं को सदकार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि धर्म के मार्ग पर चलते हुए हमेशा सदकर्म करने चाहिए। धाम में सायंकाल निकाली गई सवारी शोभा यात्रा में भी स्वामी नारायणाचार्य जी ने हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं ने सवारी को रस्सों से



खींचकर अपनी आस्था व्यक्त की।

श्रद्धालुओं ने स्वामी नारायणाचार्य जी से आशीर्वाद प्राप्त करने के उपरांत धाम में स्थापित श्री वेंकटेश भगवान जी, श्री पद्मावती माता जी, श्री गोदांबा माता जी, श्री गरुड़ जी, श्री लक्ष्मी नृसिंह जी, श्री सुदर्शन जी, श्री रामानुज स्वामी जी, श्री शठकोप स्वामी जी एवं श्री हनुमान जी के मंदिरों के भी दर्शन किए। अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति बालाजी धाम में 42 फुट ऊंचा सोने का श्री गरुड़ स्तंभ, बलिपीठम् व श्री तिरुपति यज्ञशाला भी विशेष दर्शनीय हैं। धाम की श्रीनिवास गोशाला, श्री तिरुपति यज्ञशाला एवं पवित्र पुष्करणी भी श्रद्धा के विशेष केंद्र बने हुए हैं।

## समर कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन 30 मई तक: जितेंद्र अरोड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र** : सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र शीला नगर द्वारा 1 जून से 10 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बच्चों के लिए समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। केंद्र के सदस्य जितेंद्र अरोड़ा ने बताया कि समर कैंप के लिए रजिस्ट्रेशन 30 मई तक होगा। कैंप में बच्चे गायन, वादन, नृत्य इत्यादि सीख सकते हैं। नृत्य में वेस्टर्न डांस और क्लासिकल डांस सिखाया जाएगा तथा हरमोनियम, गिटार व कांगो आदि भी सिखाया जाएगा। जितेंद्र अरोड़ा ने बताया कि समर कैंप में 28 मई तक रजिस्ट्रेशन करवाने वाले बच्चों को लक्की ड्रा के माध्यम से आकर्षक इनाम दिया जाएगा।

# उद्यमी राम की याद में 40 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः स्वतंत्रता** सेनानी शहीद उद्यमी राम लिवासपुर की पावन धरती के लाल थे जिनकी याद में उद्यमी राम जन कल्याण सेवा समिति लिवासपुर ने माँ भारती रक्तवाहिनी सोनीपत के सहयोग से नागरिक अस्पताल के रक्तकोष हेतु रक्तदान शिविर का आयोजन किया । यह शिविर जिला रेडक्रोस सोसायटी के सौजन्य से करवाया गया । सुमित सरोहा ने बताया कि गाँव मे रक्तदान शिविर का आयोजन पहली बार किया गया जिसके लिए माँ भारती रक्तवाहिनी ने प्रेरित किया । 44 डिग्री तापमान के बीच रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं का जोश देखने लायक था । उन्होंने बताया कि शहीद उद्यमी राम को याद करते हुए गांव की




चौपाल में रक्तदान शिविर में पधारे रक्तदाताओं को देख कर लगा कि सामाजिक कार्यो में ग्रामवासियो की अहम भूमिका रही जिसके लिए हम सभी का आभार व्यक्त करते है । माँ भारती रक्तवाहिनी अध्यक्ष विपिन कुमार गौड़ ने गांव की संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने गांव में प्रथम रक्तदान शिविर लगवाना बेहद सराहनीय सेवा कार्य किया जो काम आज तक किसी ने नही किया वो आप ने कर दिखाया । इस रक्तदान शिविर में संस्था सचिव प्रेम गौतम ,सह सचिव नीरज ,प्रमोद नैना ममता सरोहा , सतीश मास्टर , सन्दीप , सिंधू , राहुल राणा ,बिजेंद्र , अमित , पवन दहिया ,तरुण , सुधीर आदि मौजूद रहे ।

**याद किया**

प्रथम रक्तदान शिविर लगवाना बेहद सराहनीय सेवा कार्य किया जो काम आज तक किसी ने नही किया

# कार व बाइक जुगाड़ रेहड़ी की भिड़ंत में कई घायल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला छावनी**: अंबाला-दिल्ली हाईवे पर शास्त्री कॉलोनी के निकट तेज रफ्तार कार व जुगाड़ की बाइक रेहड़ी को टक्कर मार दी। हादसे में रेहड़ी पलट गई और उसमें सवार प्रवासी मजदूर के चार बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए। हादसे के समय रेहड़ी में 3 माह का बच्चा रोहन, 5 वर्षीय संजू, 6 वर्षीय शरवन, 7 वर्षीय की लक्ष्मी, 25 वर्षीय सागरवती, 25 वर्षीय सरोज व उसका पति जय प्रकाश, 26 वर्षीय जतिंद्र, 24 वर्षीय निरंजन व उसकी पत्नी सरोज सहित कुल 10 सवार थे। बच्चों को मामूली चोटें आई है जबकि सात को चेहरे व बाजू में चोटें आने पर छावनी नागरिक अस्पताल में दाखिल



करवाया गया है। पड़ाव थाना पुलिस ने कार व जुगाड़ की बाइक रेहड़ी को थाने में ले जाकर मामले की जांच शुरू कर दी। इस हादसे में सरोज की टांग में फ्रेक्चर आया है। घायल चालक निरंजन ने बताया कि वह मजदूरी करता है। गतदिवस अंबाला कैंट के सेक्टर-34 आशियाना से अपनी पत्नी सरोज व 3 माह के बच्चे सहित व अन्य के साथ लेकर अंबाला कैंट सुभाष पार्क के निकट जा रहे थे। जहां पर निमार्णाधीन मकान में वह मजदूरी कर रहे हैं। जैसे ही वह हाईवे पर सर्विस लेन से होते हुए अंडरपास की तरफ मुडने लगे तो अचानक एक तेज रफ्तार कार आई और देखते ही देखते सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक रेहड़ी पलट गई और पूरा परिवार सड़क पर ही गिर गया। इस हादसे में पत्नी की गोद में से 3 माह का बच्चा भी छूटकर सड़क पर गिर गया था। गनीमत यह रही कि वह किसी पत्थर या बड़ी चीज से नहीं टकराया, वरना हादसा जानलेवा हो सकता था।

**दुखद**

गनीमत यह रही कि वह किसी पत्थर या बड़ी चीज से नहीं टकराया, वरना हादसा जानलेवा हो सकता था

# जीवन में जागृति पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसार** : ओशो ध्यान उपवन में जीवन में जागृति पर आधारित ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। होशपूर्ण जीवन जीने के उपायों पर आधारित इस सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस ध्यान सत्र के दौरान स्वामी संजय ने बताया कि शारीरिक तल पर जागृति, मन के तल पर जागृति व हृदय के तल पर जागृति होती है। तीनों तलों पर जागृति होने से शरीर शुद्धि, मन शुद्धि व हृदय की शुद्धि सुनिश्चित हो जाती है और मनुष्य को अलग ही अनुभूति का एहसास होता है। उन्होंने कहा कि जागृति से मनुष्य के भीतर परम चीज उतरने की संभावना होती है। जैसे-जैसे



मनुष्य जागृत होता है व्यक्ति स्वयं ही परमात्मा हो जाता है। स्वामी संजय ने बताया कि सतगुरु ओशो ने भी मनुष्य की जागृति से संबंधित अनेक प्रवचन देकर समझाया है। संत ओशो ने संचित प्रवचनों में कहा है कि एक काम भीतर सतत करते रहो। जो कुछ भी करो उसे करते हुए खुद के प्रति जागरूक रहो। तुम भोजन कर रहे हो, चल रहे हो, सुन रहे हो, बोल रहे हो या क्रोध कर रहे हर क्रिया में जागरूक रहो। संत ओशो कहते हैं कि जागरूकता में पाप टिक नहीं सकता और जागरूकता में पुण्य बढ़ता है। पाप और पुण्य सामाजिक अवधारणा नहीं है, वे भीतर के बोध हैं। जागरूकता का उपयोग वैसा ही है जैसे जहां अंधेरा हो और तुम वहां प्रकाश ले आते हो।

# आज लड़कियां किसी भी क्षेत्र में पिछे नही, लक्ष्य निधारित कर आगे बढे: रावल

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपतकमाल हुसैन**
**गांव सनौली खुर्द में** नेहरू युवा केन्द्र खेल एवं युवा कार्यक्र?म मंत्रालय भारत सरकार से सबंध ग्राम सुधार मंड़ल एवं सदभावना युवति मंडल व यमुना सुधार समिति के सहयोग से ग्रामीण युवतियों व महिलाओं के लिए चला जा रहे निःशुल्क कंप्यूटर-ब्यूटिशियन प्रशिक्षण केन्द्र पर मुखयअतिथि यमुना सुधार समिति अध्यक्ष रत्तन सिंह रावल एडवोकेट ने बेटी बचाओं, बेटी पढाओं की शपथ दिलाई। और रावल ने कहा कि आज किसी भी क्षेत्र में लड़कियों पिछे नही हैं। वे लक्ष्य निर्धारित कर



कडी मेहनत कर जीवन में कामयाबी हासिल करें । उन्होंने लडकियों को माता-पिता के बताएं मार्ग पर चलने का संदेश दिया और कहा कि लड़कियों किसी के बहकावे में न आ कर अपने परिवार व माता-पिता की बातो पर गौर दे तभी उनका परिवार उनके हर संभव आगे बढने के लिए साथ खड़ा रहता हैं और वे लडकियां अपने जीवन की हर मंजिल हासिल कर सकती हैं। और रत्तन सिंह रावल एडवोकेट ने लडकियों व महिलाओं को कहा कि वे कंप्यूटर, ब्यूटिशियन, सिलाई व कंप्यूटर जैसे प्र?शिक्षण गांव में घर पर ही ले कर आत्मनिर्भर बनें । घर पर ही स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बन अपनी अर्थिक स्थिति में सुधार करें । और रावल ने कहा कि आज आधुनिक युग में उन्हें आगे बढते हुए मेहनत, लगन कर अपनी मंजिल हासिल करनी होगी । ग्रामीण लड़कियां स्वरोजगार कर ब्यूटिशियन, सिलाई व कंप्यूटर आदि आवश्य सीखे और इसे वे सरकारी नौकरियों के अलावा स्वरोजगार के रूप में भी अपना सकती है । इस दौरान एडवोकेट रावल ने लडकियों को कहा कि वे शिक्षा प्राप्त करने के साथ अपने अधिकारों और कत्र्तव्यों के प्रति भी जागरूक हो और अगर किसी के साथ अन्याय हो रहा है तो उसे सहन ना करें और उन्होंने कहा कि स्वरोजगार जैसे प्रशिक्षण लेने के साथ ही छात्राएं स्वावलंबी बनाने में अहम भूमिका रहती है । जिससे अनेक महिलाएं आज स्वारोजगार कर आत्मनिर्भर बनी है। इस पर उन्होंने छात्राओं को आगे भी इस तरह के प्रशिक्षण में बढ चढ कर भाग लें । सरकारी योजनाओं का फायदा उठाने के लिए योजनाओं के बारे जानकारी दी। छात्राओं को स्वच्छता बारे जानकारी देते हुए कहा कि वे अपने घरो के आसपास साफ सफाई रखे और स्वच्छता पर ध्यान दें।

# 50 से अधिक विद्यार्थियों के अभिभावकों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। छात्र को अपनी तैयारी** के प्रति कितना प्रतिबद्ध होना चाहिए और कैसे रचनात्मक परिवर्तन किसी को उज्ज्वल और अधिक सफल बना सकते हैं, इस विषय को लेकर आकाश एजुकेशनल सर्विसेज द्वारा करनाल शाखा के छात्रों और अभिभावकों के लिए एक प्रेरक सत्र आयोजित किया गया था। प्रेरक सत्र में 1000 से अधिक छात्रों और अभिभावकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के वक्ता आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के रीजनल डायरेक्टर, नार्थ परमेश्वर झा थे, जिन्होंने छात्रों को एक उत्साहवर्धक और प्रेरक संदेश दिया। इस कार्यक्रम में एम्सए आईआईटी आदि जैसे सबसे प्रतिष्ठित कॉलेजों से मेडिकल और



इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने वाले 50 से अधिक आकाशियन पूर्व छात्रों, विद्यार्थियों के अभिभावकों को सम्मानित किया गया। झा ने छात्रों को एनईईटी और आईआईटी जेईई को क्रैक करने के तरीके के बारे में भी प्रेरित और मार्गदर्शन किया और कैसे उचित मार्गदर्शन, स्व-अध्ययन और माता-पिता, शिक्षकों और अंततः भगवान के आशीर्वाद से कोई अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने एक महत्वपूर्ण बिंदु पर भी प्रकाश डाला कि टॉपर्स और सफल छात्र दूरदराज के स्थानों और स्थानों से भी आ सकते हैं और बड़े शहरों में जाना जरूरी नहीं है। सत्र का समापन लक्ष्यों पर टिके रहने और अपने सपनों को हासिल करने में लगे रहने की प्रतिज्ञा के साथ हुआ।

## न्यूज फ्लैश

### नौतपा की दस्तक से गुरुग्राम का पारा हुआ 43 के पार

**गुरुग्राम। नौतपा से** पूरा हरियाणा ताप रहा है। प्रचंड गर्मी पड़ रही है। इंसानों, जानवरों, पक्षियों का जीवन खतरे में आ गया है। हर उम्र के व्यक्ति के लिए यह समय संकट भरा है। ऐसे में जब तक जरूरी ना हों, बच्चे, बड़े, बुजुर्ग घरों से ना निकलें। अगले पांच दिन तक ऐसी ही प्रचंड गर्मी सताएगी। दो जून तक नौपता का प्रभाव अधिक रहेगा। 25 मई से 9 तक दिन तक चलने वाला नौतपा भी शुरू हो गया है। नौतपा के चलते कई क्षेत्रों में पारा 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। रविवार को गुरुग्राम का पारा 43 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने 6 राज्यों हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, पंजाब, यूपी, गुजरात व मध्यप्रदेश में लू का रेड अलर्ट भी जारी किया है। जिला प्रशासन ने भी आमजन से आग्रह किया है कि वे आवश्यक कार्य से ही बाहर निकलें। दोपहर में घरों से बाहर कम ही निकलें। बुजुर्गों व बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाए। अपने पशु, पक्षियों को भी संभालें। दिन के साथ-साथ रातें भी काफी गर्म बनती जा रही हैं। बताया जा रहा है कि 25 मई को सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने के साथ ही नौतपा की शुरूआत हो गई है। इसका असर आगामी 2 जून तक रहेगा। इस दौरान सूर्य पृथ्वी के काफी करीब होता है और उसकी किरणें सीधे धरती पर पड़ती हैं। गर्मी बढ? के साथ बिजली की मांग भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। गर्मी अधिक पड? से बिजली की आपूर्ति भी बाधित हो रही है। आमजन काफी परेशान है।

### एन एस ई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के पार पहुंचा

**गुरुग्राम।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर भारतीय सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 23 मई, 2024 को 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (416.57 ट्रिलियन रुपये) को पार कर गया। उसी दिन, निफ्टी 50 इंडेक्स 22,993.60 के सर्वकालिक उच्च स्तर को छू गया। निफ्टी 500 इंडेक्स ने भी सर्वकालिक उच्च स्तर को छुआ। आज 21,505.25 का उच्च स्तर दशार्ता है कि इक्विटी बाजार में वृद्धि केवल बड़े, पूंजीकृत शेयरों तक ही सीमित नहीं है। भारतीय सूचीबद्ध




कंपनियों के बाजार पूंजीकरण को 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (जुलाई 2017) से 3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (मई 2021) तक पहुंचने में लगभग 46 महीने लगे, 3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (दिसंबर 2023) तक पहुंचने में लगभग 30 महीने लगे और अब नवीनतम अमेरिकी डॉलर 1 ट्रिलियन जोड़ने में केवल 6 महीने लगे। बाजार पूंजीकरण के हिसाब से शीर्ष 5 कंपनियां रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड और भारती एयरटेल लिमिटेड हैं। पिछले 10 वर्षों में, निफ्टी 50 इंडेक्स ने 13.4 प्रतिशत रिटर्न (टोटल प्राइस इंडेक्स सीएजीआर) दिया है। इसी अवधि के दौरान, घरेलू म्यूचुअल फंडों का एसेट अंडर मैनेजमेंट (इक्विटी और ऋण) अप्रैल 2014 के अंत में 9.45 ट्रिलियन रुपये से 506 प्रतिशत बढ़कर अप्रैल 2024 के अंत में 57.26 ट्रिलियन रुपये हो गया। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की प्रबंधन के तहत संपत्ति (इक्विटी और ऋण) अप्रैल 2014 के अंत में 16.1 ट्रिलियन रुपये से 345 प्रतिशत बढ़कर अप्रैल 2024 के अंत में 71.6 ट्रिलियन रुपये हो गई। बाजार पूंजीकरण में वृद्धि केवल शीर्ष कंपनियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सभी शेयरों में देखी गई है।

### चार्टेड अकाउंटेंड्स ने किया रक्तदान, एकत्रित हुआ 115 यूनिट

**चंडीगढ़:** गर्मियों के दिनों में ब्लड बैंकों में खून की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से शहर के सीए प्रोफेशनल्स और स्टूडेंट्स ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सीए समुदाय के सर्वोच्च देशव्यापी संघ - दी इंस्टीच्यूट आफ चार्टेड अकाउंटेंड्स आफ इंडिया (आईसीएआई) की ओर से दिवंगत सीए राजेश गोयल की स्मृति में सेक्टर 35 स्थित इंडियन मैडिकल ऐसोसियेशन (आईएमए) कोम्पलेक्स में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जिसमें सुबह से ही सीए सदस्यों और स्टूडेंट्स की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। सेक्टर 32 स्थित गर्वमेंट मेडिकल कालेज एंड होस्पिटल जीएमसीएच के ब्लड बैंक की डाक्टर रवनीत कौर की अगुवाई में आयोजित कैंप में 115 यूनिट एकत्रित हुआ।

# शासक होते हुए देवी स्वरुपा थी माता अहिल्याबाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। महारानी** अहिल्याबाई होलकर मध्यकालीन इतिहास की ऐसी भारतीय शासक हैं, जिन्हें उनके बेहतरीन सामाजिक और धार्मिक कार्यों के कारण उनके जीवन काल में ही देवी के रूप में जाना-पहचाना जाने लगा था। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान ने आज यहां मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर जयंती समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। भाजपा नेता ने कहा कि इतिहासकार मानते हैं कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने काशी विश्वनाथ मंदिर में शिवलिंग की



स्थापना कर जितना बड़ा प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया था, उतना भव्य समारोह उसके 400 साल बाद अब जाकर अयोध्या में श्री रामलला के मंदिर में हुआ है। डॉ वीरेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने केवल अपने राज्य में मंदिरों का पुनरुद्धार नहीं किया बल्कि अपनी रियासत के बाहर देश के अलग अलग हिस्सों में दिल खोलकर मंदिरों के पुनर्निर्माण, धर्मशाला बनवाने, अन्न क्षेत्र का संचालन करने और मंदिरों में समाज कल्याण के लिए विद्वानों की नियुक्ति पर पैसा खर्च किया। इसी कारण लोग उन्हें देवी अहिल्या के नाम से पुकारने लगे थे। उन्होंने कहा कि उपलाना के पाल समाज को अपने गांव के किसी एक मंदिर की सेवा-संभाल का कार्य मातेश्वरी अहिल्याबाई होलकर के नाम पर अपने हाथ में लेना चाहिए। उन्होंने नई पीढ़ी का आह्वान किया कि वे देवी अहिल्याबाई के जीवन के बारे में स्वाध्याय अवश्य करें। इसी क्रम में भाजपा प्रवक्ता डॉ. चौहान ने आह्वान किया कि अगली बार के कार्यक्रम में गांव के सब वर्गों के लोगों को जोडकर रानी अहिल्याबाई होल्कर को श्रद्धांजलि देनी चाहिए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि महापुरुष किसी एक बिरादरी के न होकर सारे समाज की विरासत होते हैं।

# टेहा के सरपंच ने गांव की तीन टीमों को क्रिकेट किट भेंट करी

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। टेहा** ग्राम पंचायत के सरपंच द्वारा खिलाडियों की टीमों को क्रिकेट किट भेंट की गई। सरपंच आशीष त्यागी ने कहा कि



गांव के काफी संख्या में युवा खिलाड़ी क्रिकेट में रुझान रखते हैं। उन्हें खेल में आगे बढ़ने का अवसर मिले इसी वजह से गांव की तीन टीमों को अलग-अलग क्रिकेट किट भेंट की गई है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि खेलों से जहां गांव में आपसी भाईचारा भी बना रहता है वहीं युवा लड़के भी खेल की ओर अग्रसर होकर अपने शरीर और खेल खेलने की प्रतिभा को निखार सकते हैं और नशे की लत से दूर रहते हैं। उन्होंने कहा कि पंचायत युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस अवसर पर मोनू, अंकित, पंच विनोद पंच, देवेंद्र, जोंटी, मंजीत, मूलचंद, ललित व तीनों टीमों के कप्तान पंच मनोज आदि मौजूद रहे।

# पुष्प वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों व निदेशक को मिला एकलव्य अवार्ड




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर। पृथ्वी अभ्युदय** एजुकेटर्स एसोसिएशन इंडिया व महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इनफार्मेशन एंड टेक्नोलॉजी, नोएडा ने आयोजित कार्यक्रम में पुष्प वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों को 10वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एकलव्य अवार्ड 2023-24 से सम्मानित किया। इसके साथ ही स्कूल के डायरेक्टर नीरज त्यागी व अध्यापकों को चेंज मेकर अवार्ड 2023-24 से सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले छात्रों में कशिश, सचिन, वाणी, वंशिका, सत्यम व दिशा तथा अध्यापिकाओं में मीनाक्षी, पिंकी रापड़िया व संजीता जी को सम्मानित किया गया।

# योग साधकों को योग के फायदे के बारे में बताया

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: पंतजलि योग समिति** की योग शिक्षिका मंजू पहल ने रौनक स्कूल के खेल मैदान में आयोजित योग शिविर में योग साधकों को बीमारियों से बचाव के लिए जागरूक किया। पहल ने कहा कि हमारे शरीर में रीढ़ की हड्डी कई डिस्क और मांसपेशियों से मिलकर बनी होती है। कभी-कभार, इन डिस्क के बीच की दूरी कम हो जाती है जिसकी वजह से पीठ में और कमर में दर्द होने लगता है। स्लिप डिस्क की वजह से शरीर में काफी दर्द भी होता है। स्लिप डिस्क अनियमित तरीके से एक्सरसाइज करने, तनाव होने या चोट लगने से होती है। कई बार फिजियोथेरेपी और सर्जरी भी करनी पड़ सकती



है। पहल ने कहा कि पीठ दर्द से निपटने कुछ स्पेशल एक्सरसाइज करनी चाहिए। जिससे पीठ दर्द में आराम मिलेगा और शरीर भी पीठ होगा। एक्सरसाइज में स्ट्रेचिंग, योगा और एरोबिक्स आदि आसानी से कर सकते है। अगर स्लिप डिस्क की प्रॉब्लम है तो अपने पेट को अंदर करें, इससे लिए सांस अंदर की ओर खीचें, इससे पेट पर जोर पड़ेगा और स्लिप डिस्क में राहत मिलेगी। ऐसा करने के लिए अपने

**महत्व**

**पहल ने कहा कि कई अच्छे और सरल योगा आसन होते है जिनसे शरीर में दर्द भी नहीं होता है**

पेट का सहारा न लें। पहल ने कहा कि कई अच्छे और सरल योगा आसन होते है जिनसे शरीर में दर्द भी नहीं होता है और रीढ़ की हड्डी में होने वाले दर्द में भी आराम मिलता है। इन्हे आसानी से घर पर भी कर सकते है। स्लिप डिस्क के लिए स्कैवेट्स एक अच्छी एक्सरसाइज है। इससे दर्द में राहत मिलती है।

# व्यक्ति को लिफ्ट लेना पड़ा महंगा, पैसे छीने

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। जिले के गांव** झंझाड़ी फ्लाईओवर पर एक व्यक्ति को बाइक से लिफ्ट लेना महंगा पड़ गया। बाइक सवार युवक पीड़ित को ओसीएस के पीछे नहर की पटरी पर ले गए, जहां उसके साथ लूटपाट की और उसका पर्स और मोबाइल फोन छीनकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित व्यक्ति दिल्ली से वोट डालकर वापस लौटा था। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिहार के कुमरखाल गांव का सुमित करनाल के कर्ण ताल पार्क के नजदीक वेद वुड लडकी की दुकान पर काम करता है। वह पहले दिल्ली रहता



था, जहां उसकी वोट बनी हुई है। वह 25 मई की सुबह दिल्ली के तिलक नगर में वोट डालने के लिए गया था। इसके बाद देर रात ट्रेन से भैणी खुर्द रेलवे स्टेशन पर उतरा। स्टेशन से पैदल-पैदल चलकर करनाल आने के लिए ओसीएस करनाल से थोड़ा पीछे झिंझाड़ी

**जांच शुरू**

**पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।**

प्लाइओवर के पास पहुंचा था तो उसने एक बाइक को लिफ्ट के लिए हाथ दिया। बाइक पर दो युवक सवार थे। युवकों ने उसको बाइक पर बैठा लिया, लेकिन वे उसे करनाल ले जाने की बजाए ओसीएस के पीछे नहर की पटरी पर ले गए। अंधेरे में उन्होंने बाइक रोकी और उसके साथ लूटपाट शुरू कर दी। दोनों युवकों ने उसका पर्स छीन लिया। पर्स में उसके 1500 रुपए थे, उसके पास सैमसंग का मोबाइल फोन भी था, जिसकी कीमत हजारों रुपए थी। पर्स में ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, रेल का टिकट व अन्य कागजात थे। दोनों युवकों ने उसको डराया धमका दिया, वह बुरी तरह से डर चुका था। दोनों युवक मौके से फरार हो गए। वह बाइक का नंबर भी नोट नहीं कर पाया। वह वहां से निकलकर आया और सदर थाना करनाल में शिकायत दी। सदर थाना के जांच अधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि सुमित ने अपने साथ हुई लूटपाट की शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर अज्ञात बाइक चालकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# धर्म मतांतरण का शक होने पर विहिप व बजरंग दल ने किया विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: गढ़ी झंझारा** रोड स्थित गांधी नगर में एक मकान में चल रहे विशेष धर्म के एक अनुष्ठान में मतांतरण का शक होने पर विहिप व बजरंग दल ने इसका विरोध कर दिया। विरोध के बीच



गन्नौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। उन्होंने मकान के मालिक व अनुष्ठान करवा रहे व्यक्ति से पूछताछ की तो सामने आया कि मकान में केवल धार्मिक अनुष्ठान हो रहा था वहां किसी का भी मतांतरण नहीं करवाया जा रहा था। जिसके बाद विहिप व बजरंग दल के सदस्यों ने अनुष्ठान में मौजूद लोगों को हिंदू सनातन धर्म के प्रति आस्था रखने के बारे में जागरूक किया। इस पर अनुष्ठान में शामिल लोगों ने फिर से इस तरह की गतिविधि में शामिल न होने का आश्वासन दिया। जिसके बाद मामला शांत हुआ और पुलिस ने भी लोगों को भी अपने-अपने घरों की तरफ रवाना कर दिया। इस मौके पर विश्व हिंदु परिषद जिला उपाध्यक्ष तेजपाल शर्मा, बजरंग दल संयोजक धर्मबीर शर्मा, प्रखंड मंत्री सुरेंद्र खुराना, कर्मयोगी गजेंद्र राठी, नवाब नैन, मनीष नैन, वार्ड पार्षद सचिन कोच, रामनिवास आदि मौजूद थे।

# देश की शिक्षा, सुरक्षा के लिए आर्य वीर दल की प्रासंगिकता बरकरार: सेठ

**पानीपत ,कमाल हुसैन**
**आर्य बाल भारती परिसर** में सर्वदेशीय आर्य प्रतिनिधि सभा की ओर से आर्य वीर दल के 5 दिवसीय शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गयो आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के प्रधान सेठ राधा कृष्ण आर्य मुख्य अतिथि रहे आर्य प्रतिनिधि सभा के महामंत्री उमेश शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे और आर्य गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ फरीदाबाद के आचार्य ऋषिपाल, अंतरंग सदस्य आर्य राममेहर कैथल, अंतरंग सदस्य रामपाल शास्त्री सम्मानित अतिथि के रूप में मौजूद रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्य बाल भारती के प्रधान रणदीप आर्य ने की और प्राचार्य सत्यवान



मलिक ने सभी का स्वागत किया और जगदीश चहल ने सभी का आभार व्यक्त कियो कार्यक्रम का शुभारम्भ गायत्री मंत्र से हुआ और शांति पाठ के साथ ही यह कार्यक्रम संपन्न हो गयो इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने ऋषि दयानंद, स्वामी श्रद्धानंद, स्वामी दर्शनानंद, पंडित लेखराम, स्वामी हंसराज, दर्शनानंद, पंडित गुरुदत्त विद्यार्थी, महात्मा नारायण स्वामी, पंडित राम चंद्र, आचार्य चाणक्य और स्वामी ओमानंद व आचार्य बलदेव को भी बार-बार याद किया गयो

**इस साल में लगेंगे आर्य वीर दल के 150 प्रशिक्षण शिविर**

मुख्य अतिथि राधा कृष्ण आर्य ने कहा कि 31 मार्च 2025 से पूर्व हरियाणा में 150 वीर दल शिविर लगाए जाने की घोषणा की` इसी कड़ी में आगामी 2 से 16 जून तक आर्य गुरुकुल इन्द्रप्रस्थ फरीदाबाद में आर्य वीर दल के लड़कों का शिविर और 16 से 25 जून तक आर्य वीरांगना दल का प्रशिक्षण शिविर फरीदाबाद में ही लगाया जाएगा` आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के प्रधान सेठ राधा कृष्ण आर्य ने समारोह में कहा कि वेद विश्व की सबसे प्राचीन पुस्तक है वैदिक संस्कारों पर आधारित जीवन पाकर ही मनुष्य मोक्ष को प्राप्त कर सकता है` समाज से अशिक्षा, अज्ञानता और अंधविश्वास व आडम्बर को समाप्त करने के लिए ही स्वामी दयानंद ने आर्य समाज की स्थापना की थी आज विश्व में लगभग 10 हजार आर्य संस्थाएं, शिक्षण संस्थाएं समाज सेवा के कार्य में लगी हुई हैं उन्होंने कहा कि पहले पाश्चात्य संस्कृति और फिर मुगलिया संस्कृति ने भारत में वैदिक संस्कृति को ठेस पहुँचाने का कार्य कियो ऐसे समय में ऋषि दयानंद ने समाज से अशिक्षा, अज्ञानता, छुआछूत, सती प्रथा जैसी बुराइयों को समाप्त करके आजाद करवाने में अहम भूमिका निभाई` आज आजादी के बाद सभी आर्य शिक्षण संस्थाएं समाज में जागृति लाने का कार्य कर रही हैं।

# लू के थपेड़ों ने आम जनजीवन को पूरी तरह से किया प्रभावित

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर: गर्मी ने अपने जलवे** दिखाने शुरू कर दिये पिछले कई दिनों से पारे में भी बढोतरी हुई है। मंगलवार को दिन में लू का प्रकोप भी जारी रहा। सूर्य देवता के रौद्र रूप धारण करने के कारण लू के थपेड़ों ने आम जनजीवन को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया है। सुबह से शाम से आग उगलने वाले तेवर सूर्य देवता के बरकरार रहे। चिकित्सकों ने लोगों को लू से बचने की सलाह दी है। गर्मी का साफ-साफ असर आम जीवन पर देखा जा सकता है। सड़क तथा बाजार सूने दिखाई दिए। दोहपर के



समय तो सड़कों पर इक्का-दुक्का लोग ही दिखाई दे रहे थे। सारा दिन लोग अपने-अपने घरों में दुबके रहते है। बाजारों में भी सुबह सायं ही थोडी बहुत रौनक रहती है। दुकानदार भी गर्मी के कारण अपनी दुकानों में सुस्ताते नजर आते है। बच्चों ने गर्मी से राहत पाने के लिए माईनर, रजवाहों व तालाबों का साहरा लेना शुरू कर दिया है। शहर के अस्पतालों में रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

# नरेला विधानसभा: बिजली के ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बाहरी उत्तरी** दिल्ली के नरेला में 238 बटालियन सीआरपीएफ मुख्यालय हिमालय अपार्टमेंट में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। अचानक लगी आग से अपार्टमेंट में अफरा तफरी का माहौल बन गया। आग लगने की सूचना पर मुख्यालय में मौजूद अग्निशमन यूनिट ने सिपाही कन्हैयालाल के साथ मौके पर पहुंचकर अग्निशमन यंत्रों की मदद से समय रहते आग पर काबू पा लिया। इस वजह से किसी प्रकार की क्षति या जनहानि नहीं हुई। वरना ट्रांसफार्मर में धमाका होने की वजह से बड़ा हादसा हो सकता था। आग बुझने के बाद वहां रह रहे बल के कर्मियों और







स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। मई माह के मध्य से ही भीषण गर्मी पड़ रही है। सुबह तेज धूप निकलने के साथ ही पारा 40 से लेकर 43 डिग्री तक पहुंच रहा है। भीषण गर्मी के बीच आग लगने की घटनाओं में तेजी से वृद्धि हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार नरेला के सेक्टर अ9 स्थित 238 बटा. सीआरपीएफ मुख्यालय हिमालयन अपार्टमेंट में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गई। आग लगते ही मुख्यालय में अफरा तफरी का माहौल बन गया। इस बीच ड्यूटी पर तैनात सिपाही कन्हैयालाल ने तुरंत मुख्यालय में मौजूद अग्निशमन दल को सूचना दी और अग्निशमन दल के साथ मौके पर पहुंचकर ट्रांसफार्मर मे लगी आग पर काबू पाने का प्रयास किया और काफी मशक्कत के बाद अग्निशमन यंत्रों की मदद से आग को बुझाया गया। समय रहते की गई कारवाई की वजह से दुर्घटना में किसी प्रकार की क्षति और जनहानि नहीं हुई।

वरना ट्रांसफार्मर में धमाका होने की वजह से बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर पहुंचे एनडीपीएल अधिकारियों ने बताया कि ट्रांसफार्मर में आग लगने के पीछे की वजह प्राथमिक तौर पर शार्ट सर्किट ही सामने आ रही है।

## 'पुण्य का कार्य है रक्तदान करना, इसलिए सभी करें रक्तदान'

**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**नर** सेवा नारायण सेवा होती है, इसलिए सभी को गरीब व असहाय और जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। जिससे की सभी वर्ग के लोगों का कल्याण हो सके। उक्त बातें शालीमार गांव के समाजसेवी बालेराम ने कही।

उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। क्योंकि रक्तदान करना एक प्रकार से पुण्य का कार्य होता है। इसलिए इस पुण्य के कार्य में हिस्सा ले और सभी रक्तदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि इस पुण्य के कार्य में सभी हिस्सा ले और अधिक से अधिक बार



रक्तदान करें और दूसरे लोगों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें, जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब हमारा कोई रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और उसे समय पर रक्त नहीं मिल पाता है, इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी

**रक्तदान...**

**बालेराम ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान अवश्य ही करना चाहिए।**

रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आ जाती है और फिर कई प्रकार की बीमारियां लग सकती हैं जों कि पूरी तरह से गलत धारणा है। रक्तदान हम सभी की जिम्मेदारी है। इसलिए सभी रक्तदान करें।

बालेराम ने आगे बताया कि सभी को रक्तदान करना चाहिए क्योंकि रक्तदान करना भी एक प्रकार का पुण्य का कार्य है।

उन्होंने आगे कहा कि एक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। ऐसे में अगर नियमित रूप से रक्तदान करते हैं, तो इससे शरीर बेहतर सेहत की ओर जाता है। इसका असर आपको साफ अपनी फिटनेस पर असर दिख सकता है। ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है। हम सभी को बढ़-चढ़ कर रक्तदान करना चाहिए।

रक्तदान से आप किसी की जान को बचा सकते हैं, बुरे वक्त में किसी के काम आ सकते।

## इंडिया गठबंधन दिल्ली की सातों सीटें जीतेगा: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: 44 डिग्री** तापमान के बावजूद जिस तरह से दिल्ली के मतदाताओं ने उत्साहित होकर वोटिंग की उसको देखकर लगता है कि इंडिया गठबंधन दिल्ली की सातों सीट जीतेगा, यह कहना है करावल नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदेश भारद्वाज का। उनका कहना है कि दिल्ली की जनता ने लगातार पिछले दो बार भाजपा के सांसदो को चुना लेकिन उन्होंने जनता को धोखे के अलावा कुछ नहीं दिया। इस कारण भाजपा को 7 में से 6 प्रत्याशियों को बदलना पड़ा लेकिन इनको शायद पता नही दिल्ली की जनता भोली जरूर है लेकिन अपने अधिकारों के प्रति



जागरूक भी है और वो अपने वोट की चोट से भाजपा को सबका सिखाएगी। उन्होंने एक मात्र रिपीट हुए उत्तर पूर्वी दिल्ली के भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी को निशाने पर लेते हुए कहा कि मनोज तिवारी जी एक चैनल पर कहते है कि उन्होंने अपने क्षेत्र में 14000 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए हैं। लेकिन दो बार के सांसद मनोज तिवारी अपने दो काम भी नहीं बता सकते। दिल्ली में सबसे ज्यादा वोट लगभग 60.84 प्रतिशत उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुआ है क्योंकि लोग भाजपा प्रत्याशी से बुरी तरह नाराज है और कन्हैया कुमार के लिए लोगो में खासकर युवाओं में जबरदस्त क्रेज है, क्योंकि युवाओं को रोजगार के नाम पर ठगा गया है। महिला सुरक्षा के नाम पर दावा करने वालों के सांसद रेवान्ना और बृजभूषण के साथ सरकार उनके बचाव में खड़ी दिखाई देती है। मुझे बड़े दुख के साथ यह कहना पड़ रहा है कि हमारा एक बहादुर सैनिक कारगिल युद्ध में देश को तो बचा लेता है लेकिन मणिपुर में अपनी पत्नी को नहीं बचा पाता है और प्रधानमंत्री चुप रह जाते हैं। देश का किसान सड़को पर है प्रधानमंत्री उनसे किया वादा नहीं निभा पा रहे हैं। महंगाई वृद्धि अपने चरम पर है। लेकिन सरकार कुछ नीति नहीं बना पा रही है। प्रधानमंत्री अपना पिछले 10 सालो का रिपोर्ट कार्ड पेश करने के बजाय बेतुके बयान देकर आम जनता क्या ध्यान भटका रहे हैं। इनके झूठे वादों से नाराज जनता कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के मेनिफेटो न्याय पत्र से प्रभावित होकर हमारे गठबंधन को वोट कर रही है और निश्चित ही इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से जीतकर सरकार बनाने जा रहा है।

## डीसी मेमोरियल ट्रस्ट 30 मई को आयोजित करेगा भव्य कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: डीसी मेमोरियल** ट्रस्ट द्वारा आयोजित गीत गजलों और सदा बहार नगमों का एक अनोखा कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से एवीपी स्टूडियो, शास्त्री नगर दिल्ली में होने जा रहा है। डीसी मेमोरियल ट्रस्ट की अध्यक्ष एवं आयोजक गीता जयस ने बताया कि डीसी मेमोरियल उन लोगों के सपने साकार करते हैं जो लोग अपनी मेहनत से अपने सपनों को पूरा करना चाहते हैं। हम समाज में अनेकों क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं जिसमें संगीत, शिक्षा, नृत्य, सिलाई ,कढ़ाई, बुनाई आदि। इस कार्यक्रम में सिंगर गेस्ट स्वीटी , बंटी,



बलवंत, शायर संजय कुमार गिरि, जावेद अब्बासी एवं असलम बेताब के साथ-साथ लगभाग 40 से भी ज्यादा मेल एवं फिमेल सिंगर यहां शिरकत कर के इस शाम को खूबसूरत बनाएंगे।

## आग से बच्चों की मौत पर एलजी ने दिए जांच के आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बच्चों के अस्पताल में लगी आग की घटना की जांच का आदेश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस आयुक्त को सभी जरूरी कदम उठाने के लिए कहा है। उन्होंने पीड़ितों को मदद पहुंचाने और दोषियों को सजा दिलाने का भरोसा दिलाया है। उपराज्यपाल कार्यालय के अनुसार उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव से दिल्ली में बच्चों के अस्पताल में आग लगने की दुखद घटना की जांच करने को कहा है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना जताते हुए कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। वहीं मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बच्चों के



अस्पताल में आग की ये घटना हृदयविदारक है। इस हादसे में जिन्होंने अपने मासूम बच्चों को खोया उनके साथ हम सब खड़े हैं। घटनास्थल पर सरकार और प्रशासन के अधिकारी घायलों को इलाज मुहैया करवाने में लगे हुए हैं। घटना के कारणों की जांच की जा रही है और जो भी इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार होगा, वो बख्शा नहीं जाएगा। इसी बीच आग की घटना पर राजनीति शुरू हो गई है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि स्वास्थ्य सचिव दीपक कुमार उनके कॉल और मेसेज का जवाब नहीं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव (स्वास्थ्य) के साथ संवाद नहीं होने के कारण वे एक नोट मुख्य सचिव नरेश कुमार को भेज रहे हैं ताकि इस मामले में त्वरित जांच शुरू की जा सके।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस घटना की शीघ्र जांच होनी चाहिए। इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों या निजी व्यक्तियों की पहचान होनी चाहिए। बचाए गए बच्चों का बढ़िया निजी अस्पतालों (फरिश्ते योजना के तहत) में मुफ्त इलाज सुनिश्चित हो। मृतकों और घायलों के परिवारों को मुआवजा शीघ्र दिया जाए।

## पश्चिम बंगाल: पहले चक्रवात 'रेमल' के मुकाबले को नौसेना तैयार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: बंगाल की** खाड़ी के ऊपर बना गहरा दबाव अब चक्रवाती तूफान रेमल में तब्दील हो गया है। इसके आज आधी रात को पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप तथा बांग्लादेश के खेपुपारा के बीच समुद्र तट से टकराने की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में इस मानसून सीजन के पहले चक्रवाती तूफान का मुकाबला करने के लिए भारतीय नौसेना ने व्यापक तैयारी की है। नौसेना ने त्वरित प्रतिक्रिया के लिए अपने दो जहाजों के साथ कई तरह के हेलीकॉप्टरों को स्टैंडबाय पर रखा है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर गहरा दबाव चक्रवाती तूफान रेमल में तब्दील हो गया है। रेमल के भयंकर चक्रवात में तब्दील होने के बाद पश्चिम बंगाल के सागर द्वीप और बांग्लादेश के खेपुपारा के बीच टकराने का पूवार्नुमान है। चक्रवात की चेतावनी के कारण सियालदह और दक्षिण 24 परगना के नामखाना, काकद्वीप, सियालदह-उत्तर 24 परगना के हसनाबाद के बीच कई स्थानीय उपनगरीय ट्रेन सेवाएं रविवार आधी रात से सोमवार की सुबह के बीच रद्द कर दी गई हैं। अनुमान है कि चक्रवात 26/27 मई की मध्यरात्रि तट को पार कर जाएगा।

## कान्स में पुरस्कार जीतने पर पायल कपाड़िया को प्रधानमंत्री ने दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी ने पायल कपाड़िया को कान्स फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्रिक्स पुरस्कार जीतने पर बधाई दी है। अपनी फिल्म "ऑल वी इमेजिन एज लाइट" के लिए कान्स फिल्म फेस्टिवल में ग्रांड प्रिक्स पुरस्कार जीतने वाली पायल पहली भारतीय फिल्म निमार्ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि "ऑल वी इमेजिन एज लाइट" के लिए 77वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में ग्रैंड प्रिक्स जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि पर भारत को पायल कपाड़िया पर गर्व है। उन्होंने आगे कहा कि एफटीआईआई की पूर्व छात्रा है।

## पेड़-पौधों से हमें कई प्रकार की मिलती हैं औषधियां: जिंदल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: सभी को** पौधारोपण करना चाहिए, क्योंकि पौधारोपण बहुत ही ज्यादा जरूरी है। क्योंकि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। उक्त बातें शालीमार गांव के समाजसेवी प्रदीप जिंदल ने कही। श्री जिन्दल ने कहा सभी को अपने जन्मदिन व सालगिरह पर पौधारोपण करना चाहिए और उस पौधे की रक्षा ठीक उसी प्रकार से करनी चाहिए, जिस प्रकार से हम अपने परिवार की रक्षा करते है। प्रदीप जिंदल ने आगे बताया कि पेड़-पौधें से जहां एक और हमें ऑक्सीजन मिलती है, वहीं इनसे हमें फल, फूल और कई प्रकार



की औषधियां भी मिलती है, इसलिए सभी उचित स्थान देखकर पौधारोपण अवश्य ही करें। समाजसेवी प्रदीप जिंदल ने आगे बताया कि असहाय की सेवा करना बड़ा ही पुण्य का कार्य होता है, इसलिए सभी को इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लेना चाहिए और दिल खोलकर गरीबों की सहायता करनी चाहिए। हम सभी का कर्त्तव्य बनता है कि हम गरीबों की सहायता करें। जिससे की गरीब व्यक्ति को भी परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि जब से दुनिया शुरू हुई है, तभी से इंसान और कुदरत के बीच गहरा रिश्ता रहा है। पेड़ों से पेट भरने के लिए फल-सब्जियां और अनाज मिला। तन ढकने के लिए कपड़ा मिला। घर के लिए लकड़ी मिली। इनसे जीवन दायिनी ऑक्सीजन भी मिलती है, जिसके बिना कोई एक पल भी जिन्दा नहीं रह सकता।

उन्होंने आगे बताया कि पेड़-पौधों से औषधियां भी मिलती हैं। इसलिए पेड़ इंसान की बेहद ही महत्वपूर्ण जरूरत हैं, यह जीवन का आधार हैं। इसलिए इसका संरक्षण बेहद जरूरी है। प्रदीप जिन्दल ने आगे बताया कि जिस देश में पेड़-पौधों को पूजने की प्रथा रही है, अब उसी देश में पेड़ कम हो रहे हैं। बदलते दौर के साथ लोगों का प्रकृति से रिश्ता टूटने लगा है। आज लोग बड़ी-बड़ी इमारतें बनाने के चक्कर में पेड़-पौधे काट देते है, जो गलत है। उन्होंने कहा कि सभी को अधिक से पौधे लगाने चाहिए और उस पौधे की रक्षा परिवार की भांति करनी चाहिए, जिससे की अधिक से अधिक पौधे लगे और क्षेत्र में हरियाली रहें।

## दिल्ली अग्निकांड: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की मुआवजे की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने दिल्ली में बच्चों के अस्पताल में लगी आग की घटना पर दुख जताते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार रुपये के मुआवजे की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार दिल्ली के एक अस्पताल में आग लगने की घटना के मद्देनजर प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष से 2 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि दिल्ली के एक



अस्पताल में आग लगने की घटना हृदय विदारक है। इस अविश्वसनीय कठिन समय में उनकी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं। वे प्रार्थना करते हैं कि जो घायल हुए हैं वे जल्द से जल्द ठीक हो जाएं।

## देश की राजधानी दिल्ली में घटता मत प्रतिशत चिंता का विषय: दयानंद वत्स

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भारतीय** लोकतांत्रिक मतदाता महासंघ और दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण पंचायत 360 महासंघ के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में घटते मत प्रतिशत पर अपनी गहरी चिंता जताई है। वत्स ने कहा कि 2009 में दिल्ली का मत प्रतिशत 51.86, 2014 में 65.10 और 2019 में 60.60 और 2024 में यह घटकर 58.03 रहा। यह घटता मत प्रतिशत दिल्ली के लोगों में मतदान के प्रति बढ़ती अरुचि है या चुनावों के प्रति घटती



अविश्वसनीयता है। वत्स ने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली में ही जब मतदान का प्रतिशत साल दर साल घट रहा हो तो यह आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। इसे लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत नहीं माना जा सकता है। इस मत प्रतिशत को बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग और सभी राजनीतिक दलों को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय का कहना है कि जैसे केंद्र सरकार ने लेन देन भुगतान के लिए यूपीआई जैसी डिजिटल सेवा विकसित की है वैसी ही डिजिटल मतदान सेवा का तंत्र भी सरकार विकसित करें। यह समय की मांग भी है। लोगों की मतदान के प्रति उदासीनता स्वस्थ लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है। मिडिल और अपर मिडिल क्लास के साथ साथ संभ्रांत वर्ग के परिवारों ने भी चुनाव के समय हिल स्टेशनों का रुख कर लिया है।

## गरीबों व असहायों की मदद करने में आगे है ज्योति सैनी

### रक्तदान होता है, महादान इसलिए सभी करें रक्तदान: सैनी



**एक्शन इंडिया न्यूज**
**नई दिल्ली: शालीमार बाग** की समाजसेविका ज्योति सैनी ने बताया कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है। इसलिए सभी को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और निर्धन व असहाय तबके की सहायता करनी चाहिए। जिससे की किसी भी वर्ग के व्यक्ति को परेशान न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि अगर शालीमार बाग क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह हमसे संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान करने की पूर्ण रूप से कोशिश की जायेगी। नर सेवा नारायण सेवा होती है, इसलिए सभी गरीब व निर्धन तबके की मदद करें, जिससे की सभी का कल्याण हो सके। उन्होंने महिलाओं से कहा कि सभी शिक्षा के महत्व को समझे और अपने बच्चो को शिक्षा अवश्य ही दिलवाये।

### 'रक्तदान कर हम किसी को दे सकते है जीवनदान'

शालीमार बाग की समाजसेविका ज्योति सैनी ने कहा कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। क्योंकि हमारे द्वारा दिये गये। रक्तदान से किसी को जीवनदान मिल सकता है। इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है। बल्कि आपके किये गये रक्तदान से किसी को जीवन दान अवश्य ही मिल जाता है। इसलिए सभी रक्तदान करे और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए अनुरोध अवश्य ही करे।

### योग करने से बीमारियां रहती है दूर: ज्योति सैनी

योग करने से स्वास्थ्य ठीक रहता है इसलिए मैं सभी से कहूंना चाहती हूं कि सभी योग व व्यायाम नियमित रूप से करे और दूसरों को योग व व्यायाम करने के लिए प्रेरित करे। उक्त बातें ज्योति सैनी ने कही। श्रीमति सैनी ने कहा कि शरीर, मन और आत्मा को नियंत्रित करने में योग मदद करता है। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। यह तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायता करता है और आपको आराम से रहने में मदद करता है। योग आसन शक्ति, शरीर में लचीलेपन और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए जाना जाता है।


### पेड़-पौधे की रक्षा परिवार की तरह करें: ज्योति सैनी

सभी को पौधारोपण करना चाहिए। क्योंकि पेड़-पौधों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। शालीमार बाग की समाजसेविका ज्योति सैनी ने कही। उन्होंने आगे कहा कि पौधारोपण केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है। यह हम सभी का दायित्व है कि पौधारोपण उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी ले। वृक्षों का मानव जीवन में और पर्यावरण में संतुलन स्थापित करने में सबसे बड़ा योगदान है।

# चुनाव संपन्न होते ही घरों में दुबके नेता-कार्यकर्ता, लगा रहे गुणा-भाग

**कयास**

**▶▶-सोशल मीडिया पर हार-जीत के लगा रहे हैं कयास, -हर प्रत्याशी अपनी जीत के प्रति आश्वस्त**





**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
करीब एक महीने तक भीषण गर्मी के बीच चुनाव प्रचार करके जनता तक अपनी बात पहुंचाने वाले नेता और उनके कार्यकर्ता चुनाव होते ही अपने घरों में दुबक गए हैं। चुनाव की थकान उतारने, चुनाव समाप्ति के बाद जनता का अभिवादन सोशल मीडिया के माध्यम से ही किया जा रहा है। चुनाव मैदान में प्रत्याशी अपने परिवार के साथ रहे। हालांकि घरों पर भी चर्चा चुनाव की ही रही। कुछ कार्यकताओं ने इस तरह की जानकारियां सांझा की।
चुनाव के बाद सार्वजनिक तौर पर ना तो प्रत्याशी नजर आ रहे हैं और उनके दलों के नेता भी कम नजर आ रहे हैं। मुख्य दल भाजपा व कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं से चुनाव पर चर्चा हुई। स्वाभाविक है कि दोनों तरफ से ही अपनी-अपनी जीत के दावे किए गए। वोटों का ध्रुवीकरण समेत कई विषयों पर गुणा-भाग करके नेता अपने प्रत्याशी की जीत की बात कह रहे हैं। कोई कह रहा है मुस्लिम वोट बैंक भारी पड़ेगा तो कोई यादव वोट बैंक के सहारे चुनाव रूपी नैया पार लगाने के सपने संजो रहा है। दोनों दलों के नेताओं का कॉन्फिडेंस भी गजब का नजर आ रहा है। परिणाम 4 जून को आने हैं। उसी दिन हार-जीत तय होगी। फिलहाल तो कोई भी हार मानने को तैयार नहीं है। प्रत्याशी अपने परिवारों के साथ समय व्यतीत कर रहे हैं। परिवारों में भी चुनाव पर ही चर्चा हो रही है।

**बीजेपी, कांग्रेस प्रत्याशियों की बेटियों ने पिता के लिए बहाया पसीना**

भीषण गर्मी के बीच चुनाव प्रचार करने में जुटीं रही भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी राज बब्बर की बेटी जूही बब्बर के साहस की भी खूब सराहना हो रही है।
राजघराने जैसे माहौल में पली-बढ़ी दोनों प्रत्याशियों की बेटियों ने चुनाव प्रचार में खूब पसीना बहाया है। अपने-अपने पिता की खूबियों को जनता के बीच बेहद ही खूबी के साथ उन्होंने रखा। आरती राव ने अपने पिता राव इंद्रजीत को ईमानदारी और जनता के लिए तन-मन-धन से काम करने वाला नेता बताया।

# ईवीएम लेकर लौट रही बस का एक्सीडेंट, महिला कांस्टेबल गंभीर घायल

**टीम एक्शन इंडिया/कैथल**
शनिवार को मतदान के बाद देर रात ईवीएम लेकर लौट रही बस को अज्ञात कैंटर चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में सीआरपीएफ की महिला कांस्टेबल गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे बाजू पर गंभीर चोटें आई हैं। कैथल के प्राइवेट अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उसे चंडीगढ़ के पीजीआई में रेफर किया गया है। पुलिस ने अज्ञात कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।
एचपीए मधुबन में तैनात ला इंस्ट्रक्टर सब इंस्पेक्टर रामनिवास ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान उसकी ड्यूटी गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल चीका में लगी हुई थी। वह बूथ नंबर 48 से 52 पर बतौर डयुटी ईन्चार्ज नियुक्त था। चुनाव समाप्त होने के बाद रात




8:00 बजे चुनाव ड्यूटी दे रहे स्टाफ व टीम को लेकर लौट रहा था। चुनाव करवाने वाली टीम में सीआरपीएफ की सीटीजीडी पिंकी सैनी व सुमन मौजूद थी। यह सभी ईवीएम मशीनों को जमा करवाने के लिए चालक चनप्रीत सिंह की बस में सवार होकर चीका से कैथल आ रहे थे। वह अपनी प्राइवेट गाड़ी में बस के पीछे चल रहे थे।
जब रात को हुए 8:30 बजे सीवन पहुंचे तो कैथल से सिवान आ रहे अज्ञात कैंटर चालक ने लापरवाही से बस को टक्कर मार दी। जिसमें सीआरपीएफ की सीटीजीडी पिंकी सैनी के दाएं हाथ में काफी चोटें आई। जिसे लेकर वह कैथल के सिग्नस अस्पताल में पहुंचे।

## संक्षिप्त खबरें

### बिना लाइसेंस सिगरेट, गुटखा बेचने पर होगी एफआईआर

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
महानगर क्षेत्र में सिगरेट, गुटखा सहित दूसरे धूम्रपान के पदार्थ बेचने वालों को अब नगर निगम से लाइसेंस लेना होगा। बिना लाइसेंस के इस तरह के पदार्थ बेचने पर जुमार्ना लगाने से एफआईआर दर्ज कराये जाने तक का प्रावधान है। नगर निगम क्षेत्र में पहली बार बिना लाइसेंस के तम्बाकू पदार्थ बेचते पाये जाने पर दो हजार रुपये का जुमार्ना और सामान जब्ती का प्रावधान है। दूसरी बार में पांच हजार रुपये जुमार्ना लगाने के साथ ही सामान जब्त किया जाएगा। वहीं तीसरी बार में जुमार्ने और सामान जब्ती के बाद एफआईआर दर्ज करा दी जाएगी। नगर निगम एवं ग्राम पंचायत स्तर पर यह प्रावधान लागू किये गये हैं कि कोई भी छोटा बड़ा दुकानदार बिना लाइसेंस के धूम्रपान नहीं बेच सकेगा। इसके लिए विशेष तंबाकू निषेध अभियान चलाया जाएगा। जिसमें जनपद स्तर पर जिला समन्वय समिति तथा ब्लॉक स्तर पर राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति बैठक आयोजन कर तंबाकू नियंत्रण के लिए अभियान की कार्ययोजना तैयार की गई है। प्रति सप्ताह स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग व अन्य के द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी एवं चालान गतिविधि चलाई जाएंगी। एनटीसीपी, एनपीसीडीसीएस, एनएमएचपी कार्यक्रमों के अंतर्गत कार्यरत काउंसलर, साइकोलॉजिस्ट द्वारा ब्लॉक स्तर पर शिविरों के माध्यम से तंबाकू का सेवन कर रहे व्यक्तियों की काउंसलिंग की जाएगी। ग्राम पंचायतों में होने वाली ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक में तंबाकू उपभोक्ता से होने वाली हानियों के संबंध में प्रचार प्रसार के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। जनप्रतिनिधियों के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक, सोशल मीडिया के माध्यम से ऑडियो विजुअल व अन्य व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। आशा आंगनवाड़ी के सहयोग से ग्राम स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाएगा। वहीं नगरीय क्षेत्र में नगर निगम के इंस्पेक्टर जांच करके देंगे। अपर नगर आयुक्त, पर्यावरण अधिकारी और कर विभाग इसका लाइसेंस जारी करेंगे। इस तरह का कार्यक्रम सबसे पहले लखनऊ में चलाया गया। उसके बाद मुरादाबाद और मथुरा में चलाए जाना है।

### 25 हजार इनामी शातिर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
थाना राया पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही द्वारा अभियोग में वांछित 25 हजार रुपये का इनामी अभियुक्त को फर्जी नम्बर प्लेट लगी चोरी की मोटरसाइकिल व एक तमंचा जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है।
अभियुक्त राकेश उर्फ रौकी उर्फ राकी पुत्र अशोक कुमार निवासी ग्राम नगला अनी थाना मुरसान जनपद हाथरस उम्र करीब 25 वर्ष को रुजगैला रोड हनुमान मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।
अभियुक्त के विरूद्ध एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले अलग अलग थानों में दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना राया अशोक कुमार, प्रभारी स्वाट टीम अभय कुमार शर्मा, चौकी प्रभारी राया कट राजकुमार, चौकी प्रभारी इटौली बम्बा थाना राया कृष्ण कुमार, चौकी प्रभारी अनौड़ा विजन सिंह आदि थे।

### गुरुग्राम विवि में दाखिले के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में स्नातक के विभिन्न कोर्सों में दाखिला लेने की चाह रखने वाले ऐसे विद्यार्थियों के लिए खुशखबरी है जो किन्हीं कारणों से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं कर सके। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने 12 स्नातक पाठ्यक्रमों में 460 सीटों पर दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख बढ़ा दी है।
अब नए शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के तहत विद्यार्थी अब यूजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए एक जून तक आवेदन कर सकतें हैं। पहले यूजी पाठ्यक्रमों में आवेदन करने की आखिरी तारीख 26 मई तय की गयी थी।
विद्यार्थी अब गुरुग्राम विश्वविद्यालय की ऑफिशियल वेबसाइट पर यूजी पाठ्यक्रमों में एक जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## ट्रेन की चपेट में आकर व्यक्ति की मौत


**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
फरह क्षेत्र में रविवार सुबह करीब 11 बजे ट्रेन की चपेट में आने से फरह निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई।
मृतक पहचान भूदेव अग्रवाल के रूप में हुई है। भूदेव सुबह फरह रेलवे फाटक के समीप से रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। इसी दौरान आगरा से मथुरा की तफर जा रही ट्रेन की चपेट में आ गये और मौके पर ही मौत हो गई। भूदेव की कस्बे में ही चाट की दुकान थी। वह इसी से अपने पारिवार का पालन पोषण कर रहे थे। परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और तीन बेटी हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# पलवल: वोटिंग के दौरान विडियो बनाने वाले 3 लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**लोकसभा चुनाव**

**▶▶ऐसे में कोई भी व्यक्ति मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन नहीं ले जा सकता।**

**टीम एक्शन इंडिया/पलवल**
लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में धारा-144 लागू होती है। ऐसे में कोई भी व्यक्ति मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन नहीं ले जा सकता। लेकिन, हरियाणा के पलवल में 2 मतदान केंद्रों पर मतदाता मोबाइल लेकर पहुंचे और वोट डालते समय की वीडियो बनाकर वायरल कर दी।




सेक्टर अफसरों की शिकायतों पर एक नामजद सहित 2 के खिलाफ धारा 188 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।
होडल थाना प्रभारी मोहम्मद इलियास ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि सेक्टर ऑफिसर नरेंद्र ने शिकायत में कहा है कि आदर्श विद्या मंदिर स्कूल होडल में वह बतौर सेक्टर ऑफिसर तैनात थे। इसके बूथ नंबर 153 पर किसी अज्ञात मतदाता ने वोट डालते समय अपनी वीडियो बना ली। जबकि, सभी मतदान केद्रों पर धारा 144 लगी हुई है।
वोट डालते समय वीड़ियो रिकॉर्डिंग करना वर्जित था। मतदान केंद्र में किसी भी व्यक्ति को 100 मीटर के दायरे तक मोबाइल वर्जित था। फिर भी कोई अज्ञात व्यक्ति फोन लेकर पहुंचा और वीडियो बना कर वायरल कर दी।
इसकी रिकॉर्डिंग भी पैन ड्राइव में डालकर पुलिस को पेश की गई है। इसके संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।
वहीं, चांदहट थाना प्रभारी दलबीर के अनुसार, सेक्टर ऑफिसर उदयराज ने शिकायत में कहा है कि उसकी ड्यूटी राजकीय उच्च विद्यालय गांव पेलक में थी। वहां बूथ नंबर-128 से जसवंत पवार नामक मतदाता ने अपने फेसबुक अकाउंट से ईवीएम में वोट डालते समय मोबाइल फोन पर वीडियो बनाकर अपलोड की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि यह आपराधिक प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 का उल्लंघन है। इस संबंध में चांदहट थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा- 188 के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। अभी तक पुलिस आरोपी का कोई सुराग नहीं लगा सकी है।

# फरीदाबाद: पेयजल किल्लत को लेकर लोगों ने किया रोड जाम

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
फरीदाबाद में डबुआ कॉलोनी इलाके में लोगों को पानी की समस्या का समाना करना पड़ा रहा है। प्रशासन द्वारा सुनवाई न करने पर नाराज लोगों ने रविवार को कॉलोनी के बाहर रोड जाम कर दिया। लोगों ने भीषण गर्मी में रोड पर खड़ा होकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। डबुआ कॉलोनी में प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि उनके इलाके में एक महीने से पीने के लिए पानी नहीं आ रहा है इसकी शिकायत वह कई बार प्रशासन के अधिकारियों से लेकर स्थानीय नेताओं को कर चुके हैं। उनकी



कहीं भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। एके तिवारी, शीला, अजय और सुनील ने बताया कि गर्मी में वे पानी की समस्या झेल रहे हैं। कॉलोनी में एक महीने से पीने के पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। लोगों को मजबूर होकर टैंकरों से महंगे दाम देकर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है। इस समस्या से वे 1 महीने से जूझ रहे हैं। संबंधित विभाग के अधिकारी को वे कई बारे शिकायत दे चुके हैं। कार्रवाई का आश्वासन मिलता है, लेकिन कार्रवाई कुछ नहीं हो रही है। इसके चलते उन्हें मजबूरन घरों से निकलकर सडक को जाम करना पड़ा।

## बिंदल का बड़ा एक्शन, लाहौल स्पीति के 6 पदाधिकारी निष्कासित

**चमन शर्मा**
**शिमला,** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल का लाहौल स्पीति पहुंचते ही एक बड़ा एक्शन सामने आया जब उन्होंने जिलाध्यक्ष लाहौल-स्पिति एवं मण्डल अध्यक्ष की संस्तुति पर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने पर 6 पदाधिकारियों की सदस्यता को तुरंत प्रभाव से 6 वर्ष के लिए निष्कासित किया जाता है।
लोबजंग ज्ञालसन प्रदेश उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा, पलजोर छेरिंग जिला महामंत्री, लक्ष्मण ठाकुर जिला महामंत्री, शमशेर सिंह जिला उपाध्यक्ष, पलदन नामज्ञाल मीडिया प्रभारी और सोनम अंगदुई मण्डल महामंत्री स्पिति को तुरंत प्रभाव से निष्कासित किया गया।

# फतेहाबाद: वोटिंग के दिन सरपंच को निकाली जातिसूचक गालियां, पिता-पुत्र पर केस दर्ज




**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
लोकसभा चुनावों को लेकर शनिवार को वोटिंग के दिन गांव एमपी रोही में कुछ लोगों द्वारा पंचायती चुनाव की रंजिश के चलते सरपंच को जातिसूचक गालियां निकालने का मामला सामने आया है। इस मामले में सरपंच की शिकायत पर सदर फतेहाबाद पुलिस ने शनिवार को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।
सदर फतेहाबाद पुलिस को दी शिकायत में गांव मोहम्मदपुर रोही के सरपंच रामेश्वर दास ने कहा है कि वह अनुसूचित जाति से सम्बंध रखता है। 25 मई को गांव के स्कूल में लोकसभा चुनावों को लेकर मतदान हो रहा था। जब वह राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एमपी रोही के प्रांगण में पहुंचा तो वहां गांव के ही कृपा राम व उसका लडका कुलदीप सिंह दो अन्य लडकों के साथ उसके पास हुए। उक्त लोग पंचायत चुनावों को लेकर उससे रंजिश रखते थे। इन लोगों ने आते ही उससे कहा कि उसने मोबाइल फोन क्यों ले रखा है

**केस दर्ज**

**▶▶पंचायती चुनाव की रंजिश के चलते सरपंच को जातिसूचक गालियां निकालने का मामला सामने आया है**


और जोर-जोर से बोलने लगा। सरपंच ने बताया कि इस पर उसने युवकों से कहा कि जब वह पोलिंग बूथ के अंदर जाएगा तो मोबाइल बाहर रख कर जाएगा। शोर-शराबा सुनकर वहां ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मचारी उनके पास आए औश्र उन्हें स्कूल से बाहर जाने को कहा इसी दौरान गांव का पूर्व सरपंच सुभाष बिश्नोई व साधुराम बिश्नोई भी वहां आ गए जिसके बाद वे स्कूल के बाहर सडक पर चले गए। इसके बाद कृपा राम, कुलदीप व उसके साथियों ने उसे जातिसूचक गालियां निकालनी शुरू कर दी । इस पर सरपंच ने शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# यमुनानगर:चोरों ने दो नलकूपों से बिजली की पांच मोटरें चुराई

**वारदातें**

**▶▶जिला यमुनानगर में चोरों के हौसले बुलंद है और दिन प्रतिदिन चोरियां होने की वारदातें सामने आ रही ह**

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
जिला यमुनानगर में चोरों के हौसले बुलंद है और दिन प्रतिदिन चोरियां होने की वारदातें सामने आ रही है। इसी कड़ी में जठलाना थाने के अंतर्गत का मामला रविवार सुबह उस समय सामने आया जब एक किसान के खेतों में काम करने वाले मजदूर खेत में लगे नलकूप पर पहुंचे तो देखा कि बोरवेल के अंदर लगी तीन बिजली की मोटरें गायब



थी।जठलाना के किसान भूपेन्द्र सिंह राणा ने बताया कि शनिवार रात को चोरों ने उनके नलकूप से तीन बिजली की मोटर चोरी कर ली। वहीं पड़ोस के खेत से भी दो और मोटर चोरी हुई है। दोनों किसानों को लगभग डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने पुलिस पर सवाल उठाते हुए कहा कि दो महीने पहले भी उनके माधव पैलेस में चोरी हुई थी,लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नही की। वहीं आज फिर खेतों में चोरी की यह घटना हो गई है।
उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल से यमुनानागर से करनाल जाने वाली वाली इस सड़क पर एक-एक मीटर के खड्डे पड़े हुए है। लेकिन सड़क न बनने से यहां के निवासियों को कही भी आने जाने में भारी परेशानी होती है। अगर सड़क बनी हो तो किसान रात के किसी भी समय अपने खेतों में चक्कर लगा सकता है। जबकि सड़क न बनने से यहां के लोगों को कई दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क खराब होने से पुलिस को कहने के बावजूद भी वें इस और पेट्रोलिंग नही करते है। उन्होंने जहां एक ओर प्रशासन से सड़क बनाए जाने की मांग की वहीं पुलिस से चोरों को जल्द पकड़ने की भी मांग की।

# फतेहाबाद में गर्मी ने रिकार्ड तोड़े, तापमान पहुंचा 48 डिग्री सेल्सियस

**तापमान**

**▶▶बाजारों में छाया सन्नाटा, डाक्टरों ने कहा : जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलें**

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
फतेहाबाद में पिछले एक सप्ताह से आसमान से बरस रही आग ने लोगों को झुलसा कर रख दिया है। नौतपा के दूसरे दिन रविवार को फतेहाबाद में गर्मी ने सारे रिकार्ड ध्वस्त कर दिए। रविवार को यहां का अधिकतम तापमान बढकर 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यही नहीं, दिन में ही सूर्य देवता अपना प्रकोप दिखा



रहा है, रात के तापमान ने भी लोगों को नींद उड़ाई हुई है। यहां का न्यूनतम तापमान 30 डिग्री तक पहुंच गया है।
भीषण गर्मी के चलते शहर के सभी बाजार सुनसान पड़े है। सडकों पर इक्का-दुक्का लोग ही नजर आ रहे हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने भी फतेहाबाद में रेड अलर्ट जारी किया हुआ है। मौसम विभाग द्वारा अभी 28 मई तक गर्मी से कोई राहत की उम्मीद न मिलने की भविष्यवाणी ने भी लोगों की चिंताओं को बढ़ा दिया है। सोमवार को एक बार फिर स्कूल खुलने से सबसे ज्यादा परेशानी विद्यार्थियों को उठानी पड़ेगी।
सोमवार को भी फतेहाबाद का अधिकतम तापमान 48 डिग्री होने का अनुमान लगाया गया है। यहां तापमान में 1 से 2 डिग्री बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। राज्य के बाकी जिलों में भी मौसम विभाग ने यलो अलर्ट जारी किया है। भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। डॉक्टरों का भी कहना है कि इस मौसम में डिहाइड्रेशन का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में लोगों को खूब पानी पीना चाहिए। साथ ही जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलना चाहिए। मौसम विशेषज्ञ का कहना है कि अगले 4-5 दिनों के दौरान हरियाणा में मौसम शुष्क रहेगा। फिलहाल प्रदेश के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 45-46 डिग्री के बीच बना हुआ है। अगले 3-4 दिनों में अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। अगले कुछ दिन प्रदेश में हीटवेव जारी रहने की उम्मीद है। खासकर दक्षिणी व पश्चिमी हिस्सों में गंभीर हीटवेव की स्थिति

# मकान से लाखों के गहने व नगदी चोरी करने के आरोपी 24 घंटे में काबू

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**
एक मकान से लाखों रुपये के सोना,चांदी के गहने, नकदी और एक लैपटॉप चोरी करने के आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे में काबू किया है। खास बात यह है कि आरोपी चोरी का सारा माल लेकर मध्यम प्रदेश चले गए थे। पुलिस ने उन्हें मध्य प्रदेश जाकर ही दबोच लिया। आरोपियों से सामान भी बरामद कर लिया गया है।
जानकारी के अनुसार 24 मई को सेक्टर-4 पुलिस चौकी में एक व्यक्ति ने अपने मकान में चोरी की शिकायत दी थी। इस शिकायत में



पीड़ित ने लाखों रुपये के गहने व नकदी चोरी होने की बात कही थी। पुलिस ने सेक्टर-9 पुलिस थाना में केस दर्ज किया। इसके बाद उप-निरीक्षक जितेन्द्र प्रभारी पुलिस चौकी सेक्टर-4 गुरुग्राम की पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाई और चोरों को पकड? के प्रयास शुरू कर दिए। तकनीकी सहायता और सूत्रों के माध्यम से, सीसीटीवी कैमरों से पुलिस ने चोरों की छानबीन की।
पुलिस टीम ने इस चोरी के केस में 2 आरोपियों को 24 घण्टे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया। उन्हें मध्य प्रदेश के दतिया से दबोचा गया। आरोपियों की पहचान अमन निवासी महधिपटनम जिला हैदराबाद (तेलंगाना) व जयश निवासी गुरु लक्ष्मी सोसायटी दुर्गा नगर पारदी, नागपुर (महाराष्ट्र) के रूप में हुई।

फास्ट न्यूज

### रेलवे स्टेशन पर कोच अटेंडेंट की गुंडागर्दी

टीम एक्शन इंडिया

**कोडरमा:** इंदौर से हावड़ा जाने वाली शिप्रा एक्सप्रेस में कोच अटेंडेंट की शनिवार रात गुंडागर्दी देखने को मिली। कोडरमा स्टेशन पर 6 से 7 की संख्या में कोच अटेंडेंस ने बिहार के गया से ट्रेन में सवार हुए दो यात्रियों के साथ जमकर मारपीट की। दरअसल, गया से पंकज कुमार और सुमन कुमार जनरल टिकट लेकर ट्रेन में सवार हुए और टीटीई से एसी कोच में सीट कंफर्म करने का आग्रह किया। जब ट्रेन में टीटीई ने सीट नहीं होने की बात कही तो एसी बोगी के कोच अटेंडेंट इन दोनों यात्रियों के पास आए और उन्हें कंफर्म सीट देने की बात कहते हुए सामान रखने वाली सीट पर दोनों यात्रियों को बैठा दिया। थोड़ी देर बाद में इन दोनों यात्रियों से प्रत्येक सीट के लिए तीन 3000-3000 रुपये की मांग करने लगे।

**पुलिस ने पांच कोच अटेंडेंट को किया गिरफ्तार:** इधर, टीटीई ने इन दोनों यात्रियों को कोडरमा स्टेशन पर उतारकर साधारण डिब्बे में सफर करने की सलाह दी। शिप्रा एक्सप्रेस जैसे ही कोडरमा स्टेशन पहुंची। दोनों यात्रियों के ट्रेन से उतरते ही 6-7 कोच अटेंडेंट ने दौड़ा-दौड़ा कर दोनों यात्रियों को पीटा। बेल्ट और लात-घुसों से इन दोनों यात्रियों की पिटाई की। वहीं, ट्रेन खुलने के बाद कोच अटेंडेंट ने इन दोनों यात्रियों को कभी भी शिप्रा एक्सप्रेस में सफर नहीं करने की धमकी भी दी। कोडरमा स्टेशन से शिप्रा एक्सप्रेस की रवाना होने के बाद इन दोनों यात्रियों ने कोडरमा जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद जीआरपी ने त्वरित एक्शन लेते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमो जंक्शन पर ट्रेन के पहुंचने के बाद पांच कोच अटेंडेंट को गिरफ्तार कर धनबाद जेल भेज दिया है। मारपीट की यह तस्वीर स्टेशन के प्लेटफार्म पर बैठे एक यात्री ने रिकॉर्ड की और इसके आधार पर ही जीआरपी ने एक्शन लिया।

### नैनीताल और भवाली में उमड़े पर्यटक

टीम एक्शन इंडिया

**नैनीताल:** वीकेंड पर नैनीताल में पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। नैनीताल पहुंचे सैलानियों के वाहनों को रोकने पर गुस्साए पर्यटन कारोबारियों ने माल रोड पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। साथ ही चेतावनी दी कि अगर पुलिस प्रशासन की मनमानी जारी रही तो वह अपना कारोबार बंद कर सड़कों पर बैठ जाएंगे। उधर, भवाली मे सुबह से ही जाम की स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने रामगढ़ तिराहे पर ट्रैफिक रोक दिया। भवाली से कैंची मार्ग व भीमताल मार्ग पर सुबह से ही रुक रुककर जाम लग रहा है। जाम से जहां पर्यटक परेशान हैं वहीं स्थानीय लोगों की भी परेशानी बढ़ गई है।

# राजकोट गेमिंग जोन: अग्निकांड में दो गिरफ्तार

## कमिश्नर बोले- गेमिंग जोन के पास नहीं था अग्निशमन विभाग का एनओसी, छह पर एफआईआर

**दुखद**

▶▶ सिविल अस्पताल में मृतकों का डीएनए लिया गया है। राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने यह जानकारी दी



टीम एक्शन इंडिया

**राजकोट:** राजकोट के टीआरपी गेमिंग जोन में लगी आग के मामले में अब तक 27 शव बरामद किए गए हैं। सिविल अस्पताल में मृतकों का डीएनए लिया गया है। राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव ने यह जानकारी दी है। बता दें, शनिवार शाम पांच बजे भीड़भाड़ वाले गेम जोन में भीषण आग लग गई थी। 25 से अधिक लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रत्येक मृतक के परिजन के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स को बताया कि घायल व्यक्तियों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रविवार सुबह घटना स्थल और अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजन को 4 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।

**विशेष टीम लगातार काम कर रही:** पुलिस आयुक्त भार्गव का कहना है कि मामले में रविवार तड़के छह लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 304, 308, 336, 338, 114 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मैनेजर नितिन जैन और एक अन्य युवक युवराज सोलंकी को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि मामले में हमने एक लोक अभियोजक की नियुक्ति के लिए गृह मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा है।

**गेमिंग जोन के पास नहीं था एफआईआर:** अधिकारी ने आगे कहा कि कहा कि गेम जोन के लिए सड़क और भवन विभाग से अनुमति मिल गई थी। फायर एनओसी प्राप्त करने के लिए अग्नि सुरक्षा उपकरण का प्रमाण भी जमा किया था। हालांकि, वह फिलहाल प्रक्रिया में था और अभी तक पूरा नहीं हुआ है। गेम जोन में अग्नि सुरक्षा उपकरण थे लेकिन आग पर काबू पाने के लिए पर्याप्त नहीं थे। उन्होंने स्थानीय अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) नहीं लिया था। एफआईआर के अनुसार, आरोपियों ने गेम जोन बनाने के लिए मेटल शीट फैब्रिकेशन की मदद से लगभग दो-तीन मंजिला इमारत की ऊंचाई के साथ 50 मीटर चौड़ी और 60 मीटर लंबी संरचना बनाई थी। राजकोट के पुलिस उपायुक्त (अपराध) पार्थराजसिंह गोहिल ने बताया कि गिरफ्तार दोनों आरोपियों के अलावा, धवल कॉर्पोरेशन के मालिक धवल ठक्कर, रेसवे एंटरप्राइज के पार्टनर अशोकसिंह जाडेजा, किरीटसिंह जाडेजा, प्रकाशचंद हिरन, युवराजसिंह सोलंकी और राहुल राठौड़ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

### जरूरी मंजूरी लिए बिना बनाए गए गेम जोन: न्यायमूर्ति देवन देसाई

**न्यायमूर्ति** बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की पीठ ने कहा कि इस तरह के गेम जोन अधिकारियों से जरूरी मंजूरी लिए बिना बनाए गए हैं। पीठ ने अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगमों के वकीलों को निर्देश दिया कि वे सोमवार को उसके सामने पेश हों और बताएं कि किन कानून के प्रावधानों के तहत इन इकाइयों को उनके अधिकार क्षेत्र में स्थापित किया गया है या जारी रखा गया है।

**मृतकों में 12 साल से कम उम्र के 12 बच्चे शामिल:** बता दें कि शनिवार शाम राजकोट के टीआरपी गेम जोन में भीषण आग लगने से 12 साल की कम आयु के 12 बच्चों समेत कुल 27 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। शव पूरी तरह से जल चुके हैं। ऐसे में उनकी पहचान करना मुश्किल है। पुलिस के मुताबिक स्कूलों में छुट्टी होने के कारण टीआरपी गेम जोन में बड़ी संख्या में बच्चे अपने अभिभावकों के साथ मस्ती करने पहुंचे थे। इस हादसे की जांच के लिए पांच सदस्यीय एसआईटी का गठन किया गया। उसे पूरे मामले की जांच का जिम्मा सौंपा गया।

**खबरों को पढ़कर हैरान थे जज:** अदालत ने कहा, 'हम अखबारों में उन खबरों को पढ़कर हैरान थे, जिनमें यह संकेत दिया गया था कि राजकोट में गेमिंग जोन गुजरात व्यापक सामान्य विकास नियंत्रण नियमों (जीडीसीआर) में खामियों का फायदा उठाकर बनाया गया है। अखबारों में कहा गया कि यह गेम जोन अधिकारियों से जरूरी मंजूरी लिए बिना बनाया गया है।'

**राज्य सरकार और नगर निगमों से मांगा जवाब:** अदालत ने राज्य सरकार और नगर निगमों से यह भी जानना चाहा कि क्या इस तरह के लाइसेंस, इसके उपयोग और अग्नि सुरक्षा नियमों के अनुपालन के लाइसेंस इस गेम जोन को दिए गए थे या नहीं। हाईकोर्ट ने समाचार पत्रों की खबरों का हवाला देते हुए कहा कि राजकोट में टीआरपी गेम जोन में फायर एनओसी और निर्माण अनुमति सहित आवश्यक मंजूरी, अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए अस्थायी ढांचे बनाए गए थे। इसमें कहा गया है कि सिर्फ राजकोट ही नहीं, अहमदाबाद शहर में भी ऐसे गेम जोन बनाए गए हैं। ये सार्वजनिक सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं, विशेष रूप से मासूम बच्चों के लिए। अदालत ने कहा, 'समाचार पत्रों की रिपोर्टों के माध्यम से जानकारी मिली है कि इस तरह के गेमिंग जोन बिना अनुमति के बनाए और इस्तेमाल किए जा रहे हैं।'

## मोदी-शाह ने चुनाव में गडकरी की हार के लिए काम किया: राउत



टीम एक्शन इंडिया

**मुंबई:** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लोकसभा चुनाव में नितिन गडकरी की हार के लिए काम किया। राउत ने कहा कि फडणवीस ने न चाहते हुए भी गडकरी के लिए प्रचार किया। बता दें कि नितिन गडकरी नागपुर से चुनाव लड़ रहे हैं और यह दोनों भाजपा नेताओं (फडणवीस, गडकरी) का गृहनगर है। शिवसेना (यूबीटी) के मुखपत्र सामना में एक लेख में संजय राउत ने लिखा, "पीएम मोदी, शाह और फडणवीस ने नागपुर में नितिन गडकरी की हार के लिए काम किया। जब फड़नवीस को एहसास हुआ कि उन्हें हराया नहीं जा सकता, तो उन्होंने न चाहते हुए भी गडकरी के लिए प्रचार किया। आरएसएस के लोग कह रहे हैं कि फडणवीस ने विपक्ष के लिए गडकरी को हराने का काम किया।"

**दावा**

▶▶ राउत ने कहा कि प-मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने न चाहते हुए भी गडकरी के लिए प्रचार किया

### व्हिसलब्लोअर की जान को खतरा

टीम एक्शन इंडिया

**भोपाल:** मध्य प्रदेश के बहुचर्चित नर्सिंग महाघोटाले में भ्रष्टाचार की एक के बाद एक नई परतें खुल रही हैं। नर्सिंग घोटाले को उजागर करने वाले व्हिसलब्लोअर रवि परमार ने अपनी जान को खतरा बताया है।

## सीएम नीतीश कुमार की जुबान फिर से फिसली



टीम एक्शन इंडिया

**पटना:** लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जुबान एक बार फिसल गई। सीएम पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के दनियावां में रविशंकर प्रसाद के समर्थन में वोट मांगने पहुंचे थे। जनसभा को संबोधित करते वक्त उन्होंने कहा कि कहा कि एक बार फिर से 400 से अधिक सीट लाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री बनना है और देश का विकास करना है। सीएम की यह बात सुनकर सबलोग हैरान रह गए।

**इससे पहले वैशाली में फिसली थी सीएम नीतीश कुमार की जुबान:** इससे पहले सीएम नीतीश कुमार ने वैशाली में इसी तरह का बयान दिया था। 19 मई को लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जुबान एक बार फिसल गई। वह वैशाली लोकसभा क्षेत्र के प्रेमराज खेल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की प्रत्याशी वीणा देवी के समर्थन में वोट मांगते हुए उन्होंने कहा कि इनको जरूर जीत दिलाएं। सीएम ने कहा कि हम तो चाहते हैं बिहार की सभी 40 के 40 सीट जीते और देशभर में चार हजार सीटें जीतें। इस दौरान मंच पर बिहार सरकार के मंत्री विजय चौधरी और राज्य सभा सांसद संजय झा के साथ वैशाली के विधायक सिद्धार्थ पटेल एवं वैशाली लोकसभा के उम्मीदवार वीणा देवी मंच मौजूद थीं।

**किरकिरी**

▶▶ इस बार बोले- 400 से अधिक सीट लाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मुख्यमंत्री बनना है

## राहुल गांधी हिमाचल में आकर दे गए मीडिया को गाली: सुरेश भारद्वाज



टीम एक्शन इंडिया

**शिमला/चमन शर्मा**

भारतीय जनता पार्टी पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज ने शिमला में प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछले कल नाहन और मंडी में रैलियां हुई जिसमें 1 लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री मोदी की रैलियों में भारी उपस्थिति ने दिखाया कि उनकी लोकप्रियता कभी भी कम नहीं हो सकती । आज राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की नकल करते हुए नाहन को ही रैली के लिए चुना लेकिन चौगान मैदान से बहुत छोटा मैदान चुना गया जिससे भीड़ ज्यादा दिखाई दें। इसके बावजूद, राहुल गांधी ने भाषण में किसी भी कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख नहीं किया, जो कि उनके नेतृत्व की महत्ता को दशार्ता है। वे सिर्फ व्यक्तिगत हमलों और बयानों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। सुरेश भारद्वाज ने कहा कि राहुल गांधी ने अपने सम्बोधन में लोकतंत्र चौथे स्तंभ मीडिया को भी भरे मंच से गाली दी और मीडिया को बिकाऊ तक बताया जो कि अति निंदनीय है। भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश के लोगों पर अपनी सरकार बचाने के लिए जबरन आपातकाल थोपा था और लोकतंत्र व संविधान की गरिमा को ठेस पहुंचाई थी और आज उनका पोता संविधान और मीडिया को गाली देने का कार्य कर रहा है। इससे स्पष्ट होता है कि कांग्रेस की गांधी परिवार की यह पुरानी आदत है। भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस के इस कृत्य की निंदा करती है। राहुल गांधी की रैली की प्रतिक्रियाएं स्पष्ट रूप से दिखाती हैं कि लोग कांग्रेस को कभी सत्ता में नहीं लाएंगे और हिमाचल से भाजपा के सभी उम्मीदवारों को जीत दिलाएंगे ।

**निशाने पर**

▶▶ इंदिरा गांधी ने की थी आपातकाल के हथियार से संविधान की हत्या : सुरेश भारद्वाज

## उड़नखटोले में बैठकर बांकेबिहारी मंदिर तक पहुंचेंगे श्रद्धालु

टीम एक्शन इंडिया

**मथुरा:** श्रीकृष्ण की जन्म और लीलास्थली मथुरा-वृंदावन में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु रोप-वे के जरिए आराध्य बांकेबिहारी सहित अन्य प्रमुख मंदिरों तक पहुंच सकेंगे। इस परियोजना से शुरूआत वृंदावन से की जाएगी। प्रस्तावित क्षेत्र का उत्तर प्रदेश तीर्थ विकास परिषद के अधिकारियों ने तकनीकी टीम के साथ निरीक्षण किया। रोप-वे के बनने के बाद वृंदावन में लगने वाले जाम की समस्या से निजात मिल जाएगी। इस योजना पर 80 से 100 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर खर्च आने का प्रारंभिक अनुमान है। परियोजना तीन चरणों में पूरी होगी। पहले और दूसरे चरण के तहत वृंदावन और तीसरे चरण में मथुरा में विस्तार होगा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने नेशनल रोप-वे डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के साथ मिलकर वृहद रोप-वे का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके लिए परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह और नेशनल रोप-वे डेवलपमेंट प्रोग्राम के सीईओ प्रकाश गौड़ सहित अन्य अधिकारियों ने निरीक्षण किया। सीईओ ने बताया कि रोप-वे का प्लान तीन चरणों में पूरा होगा।

## चारधाम यात्रा: 50 श्रद्धालुओं का पंजीकरण निकला फर्जी

टीम एक्शन इंडिया

**रूड़की :** मध्य प्रदेश से बस में सवार होकर चारधाम यात्रा के लिए जा रहे 50 श्रद्धालुओं का पंजीकरण जांच में फर्जी पाया गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के इंदौर जिले के देपालपुर थानाक्षेत्र के सुनाला गांव निवासी उमराव सिंह ने शनिवार की रात मंगलौर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनके साथ 50 श्रद्धालु बस में सवार होकर चारधाम यात्रा के निकले थे। इस बीच उन्होंने चारधाम यात्रा के पंजीकरण के लिए एक व्यक्ति से संपर्क किया था। जिसने बताया था कि वह सभी लोगों का चारधाम यात्रा का पंजीकरण करवा देगा। उक्त व्यक्ति ने छह पंजीकरण के लिए ऑनलाइन छह हजार रुपये ट्रासंफर करवाए थे। साथ ही पंजीकरण की पीडीएफ बनाकर उनके मोबाइल पर भेजी थी। शनिवार शाम वह नारसन बॉर्डर पर पहुंचे तो पुलिस ने पंजीकरण की जांच की। जांच में पंजीकरण फर्जी पाया गया।

## तस्करों और वन विभाग की टीम में मुठभेड़





टीम एक्शन इंडिया

**पंतनगर: तराई केंद्रीय वन** प्रभाग की टांडा रेंज में रविवार सुबह लकड़ी तस्करों और वन विभाग की टीम में मुठभेड़ हो गई। जवाबी फायरिंग में एक वन तस्कर को गोली लगी है, जिसे गंभीर हालत में सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जवाबी फायरिंग में तस्करों ने वन विभाग के ऊपर भी फायरिंग की, जिसमें वनकर्मी बाल-बाल बच गए। वन विभाग की टीम ने मौके पर तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। साथ ही वन विभाग ने वन तस्करों के कब्जे से एक पिकअप वाहन से भारी मात्रा में बेशकीमती लकड़ी बरामद की है। वन विभाग के जवाबी कार्रवाई में लखविंदर सिंह लक्कू नाम के तस्कर को गोलियां लगी है। मौके पर वन विभाग की टीम ने मौके पर एक 315 बोर का अवैध तमंचा भी बरामद किया है। फिलहाल वन विभाग ने सभी तस्करों के खिलाफ लालकुआं कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। टांडा रेंज के वन क्षेत्राधिकारी रूपनारायण गौतम ने बताया कि घटना आज सुबह की है जब वन विभाग को सूचना मिली कि लालकुआं के पास कुछ वन तस्कर लकड़ी काटकर एक वाहन को ले जा रहे हैं। इसके बाद वन विभाग और एसओजी की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर तस्करों को रोकने की कोशिश की।

**तस्करी**

▶▶ एक वन तस्कर को गोली लगी है, जिसे गंभीर हालत में सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है

## पुणे पोर्श केस- नाबालिग का बर्थडे गिफ्ट थी लग्जरी कार



टीम एक्शन इंडिया

**पुणे :** पुणे पोर्श एक्सीडेंट केस में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। रविवार को आई रिपोर्ट्स के मुताबिक, नाबालिग आरोपी के दादा सुरेंद्र अग्रवाल ने ही उसे पोर्श कार जन्मदिन पर गिफ्ट की थी। सुरेंद्र को पुलिस नाबालिग को बचाने और ड्राइवर को फंसाने के आरोप में शनिवार को गिरफ्तार कर चुकी है। कोर्ट ने उसे 3 दिन की कस्टडी में भेजा है। सुरेंद्र अग्रवाल के दोस्त अमन वाधवा ने बताया कि 2 महीने पहले सुरेंद्र ने वॉट्सएेप ग्रुप में इसी पोर्श कार की तस्वीर शेयर की थी। इसी ग्रुप में दादा ने लिखा था- यह कार पोते को बर्थडे गिफ्ट में दी है। उधर, सुरेंद्र को गिरफ्तार करने के बाद पुलिस कमिश्नर अमितेश कुमार ने बताया कि ड्राइवर पर सुरेंद्र ने एक्सीडेंट का इल्जाम लेने का दबाव बनाया था। ड्राइवर के स्टेटमेंट रिकॉर्ड कर लिए गए हैं। ड्राइवर ने बताया कि नाबालिग की मां ने भी उसे इल्जाम अपने सिर लेने को कहा था।

**पुलिस बोली- पोते को बचाने के लिए दादा ने ड्राइवर को कैद रखा :** क्राइम ब्रांच के अधिकारी ने बताया था कि ड्राइवर को फंसाने की नाबालिग के पिता और दादा ने साथ में रची थी। ड्राइवर की शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ आईपीसी की धारा 365 (गलत तरीके से कैद करने के इरादे से अपहरण करना) और 368 (गलत तरीके से छिपाना या कैद में रखना) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पिता विशाल अग्रवाल को पुलिस ने 21 मई को गिरफ्तार किया था। दादा को 25 मई को गिरफ्तार किया गया।

**खुलासा**

▶▶ दादा ने फोटो शेयर की थी; मां ने ड्राइवर से इल्जाम लेने को कहा था, एफआईआर दर्ज

मर्डर मिस्ट्री

### हत्या और लूट की वारदात की सूचना देने के लिए कई बार पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर लगाया, लेकिन नंबर नहीं लगा

## तफ्तीश: रिटायर्ड आईएएस की पत्नी का कत्ल, हत्यारों की तलाश जारी




टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** लखनऊ के इंदिरानगर के सेक्टर-20 में सुबह बदमाशों ने घर में घुसकर रिटायर्ड आईएएस की पत्नी की हत्या कर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया। हत्या और लूट की वारदात की सूचना देने के लिए कई बार पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर लगाया। लेकिन नंबर नहीं लगा। दरअसल, रिटायर्ड आईएएस देवेंद्र ने कई बार 112 नंबर डायल किया, पर रिस्पॉन्स नहीं मिला। आखिर में उनके ड्राइवर रवि ने रिंग रोड पुलिस चौकी पर पहुंचकर घटना की जानकारी दी। इसके बाद चौकी के पुलिसकर्मी और फिर अफसर मौके पर पहुंचे। गोल्फ खेलकर देवेंद्र घर लौटे थे तो मुख्य गेट खुला हुआ था। अमूमन ऐसा नहीं होता है। वहीं, पहली मंजिल का दरवाजा जो अंदर से बंद रहता था वह भी खुला मिला। इससे उनके मन में शंका आई। जैसे ही वे भीतर गए तो देखा मोहिनी मृत पड़ी हैं। देवेंद्र चीखने-चिल्लाने लगे। आवाज सुनकर नीचे से रवि ऊपर पहुंचा। दोनों मिलकर 112 नंबर डायल करने लगे, लेकिन मशक्कत के बाद भी नंबर नहीं लगा। तब चौकी पर जाकर सूचना देनी पड़ी।

**पॉश इलाके में वारदात से दहशत:** जहां घटना को अंजाम दिया गया, वह गेटेड सोसाइटी है। कई बड़े अफसर रहते हैं। ऐसी सोसाइटी में दिनदहाड़े इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिए जाने से लोग दहशत में हैं।

**किरायेदार ने तीन दिन पहले खाली किया मकान:** देवेंद्र के घर एक किरायेदार भी रहता था। डेढ़ महीने पहले उसने यहां रहना छोड़ दिया था। तीन दिन पहले वह सामान ले गए। इससे ग्राउंड फ्लोर पूरी तरह खाली हो गया था। पोस्टमार्टम के बाद देर शाम बैकुंठ धाम पर मोहिनी के शव का अंतिम संस्कार किया गया। उनका छोटा सौतेला बेटा अंतिम संस्कार में मौजूद रहा, लेकिन बड़ा सौतेला बेटा प्रांजल नहीं पहुंचा।

**घर में घुसकर सेवानिवृत्त आईएएस की पत्नी की हत्या:** आपको बता दें कि लखनऊ के इंदिरानगर के सेक्टर-20 में शनिवार सुबह बदमाशों ने दिनदहाड़े घर में घुसकर सेवानिवृत्त आईएएस देवेंद्र दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे की हत्या कर लूटपाट की। देवेंद्र गोल्फ खेलकर घर पहुंचे तो पहली मंजिल पर पत्नी का शव पड़ा देखा। दुपट्टे से गला कसा था और सिर पर भारी चीज से वार किया गया था। पुलिस, डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने छानबीन की। सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही हैं। वारदात के खुलासे के लिए पांच टीमों को लगाया गया है। सेवानिवृत्त आईएएस देवेंद्र दुबे की पहली पत्नी मीना का निधन हो चुका है। वे इंदिरानगर के सेक्टर-20 में मकान नंबर 20/31 में दूसरी पत्नी मोहिनी दुबे (58) के साथ रहते थे। देवेंद्र प्रयागराज के मंडलायुक्त के साथ रायबरेली व कई जिलों के डीएम रह चुके हैं। सुबह करीब सात बजे वह ड्राइवर रवि के साथ गोल्फ खेलने गए थे। सुबह 9:30 बजे घर लौटे तो देखा कि सारे दरवाजे खुले हैं।

**पड़ताल**

▶▶ 112 पर नहीं लगी कॉल..चौकी पर जाकर देनी पड़ी सूचना; सवा घंटे बाद आई पुलिस